CMYK

अधिकतम : $38^{0}$C
न्यूनतम : $23^{0}$C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 21 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 283 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 3 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी बनेगा ग्लोबल एआई हब: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा खेल टाइम्स



रजदान पास बना आकर्षण का केंद्र सम्पादकीय



अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास पेज 12

# मेलोनी-मोदी के बीच हुई बड़ी डील

## भारत और इटली के बीच मजबूत हुई रणनीतिक साझेदारी, इटली के डिजाइन को दिलाएंगे पहचान

रोम, वार्ता



**भारत और** इटली ने अपने द्विपक्षीय संबंधों में एक नए स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत कर दी है। पीएम मोदी की इटली की पहली द्विपक्षीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अपने रिश्तों को सर्वोच्च स्तर पर ले जाते हुए विशेष रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड कर दिया है।

रोम में आयोजित इस ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मेलोनी ने कहा कि वर्ष 2000 के बाद, यानी पूरे 26 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय इटली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच की दूरी को मिटाकर रिश्तों को एक नई ऊर्जा देगी। द्विपक्षीय वार्ता के बाद साझा प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मेलोनी ने आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य वर्तमान 14 बिलियन यूरो (करीब 1,569.3 अरब रुपये) के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपये तक पहुंचाना है। यह एक बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, जिसे भारत और यूरोपीय संघ के बीच हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते की मदद से हासिल किया जाएगा। मेलोनी ने आगे कहा कि दोनों देशों के आर्थिक और उत्पादक तंत्र एक-दूसरे के पूरक हैं। वर्तमान में भारत के विकास में 400 से अधिक इतालवी कंपनियां सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही, नई दिल्ली में इनोवेट इंडिया इनिशिएटिव के तहत एक विशेष केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जो दोनों देशों के स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालयों, उद्यमों और अनुसंधान संस्थानों के बीच आपसी सहयोग और प्रतिभाओं को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साझेदारी को वैश्विक कल्याण से जोड़ते हुए एक नया और प्रभावशाली विजन पेश किया। पीएम मोदी ने कहा कि इटली दुनिया भर में अपने बेजोड़ डिजाइन -शेष पृष्ठ दो पर

■ 14 बिलियन यूरो के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपये तक पहुंचाएंगे दोनों देश

## मोदी ने की मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट

**रोम।** पीएम मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। पीएम मेलोनी ने 'एक्स' पर इस वीडियो को पोस्ट कर कहा कि पीएम मोदी मेरे लिए गिफ्ट में बहुत-बहुत अच्छी टॉफी लेकर आए- मेलोडी। गिफ्ट के लिए थैंक्यू।

पीएम मोदी अपने पांच देशों के दौरे के आखिरी चरण में मंगलवार को इटली पहुंचे। वहां पीएम मेलोनी ने उनका स्वागत किया। दोनों रोम की सड़कों पर एक ही कार में घूमे और करीब 2000 साल पुराने ऐतिहासिक कोलोजियम का दौरा भी किया। पीएम मोदी ने मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। यह टॉफी भारत में 1983 से बिक रही है। इसे पारले कंपनी बनाती है। मोदी ने मेलोनी को 'मेलोडी' टॉफी इसलिए गिफ्ट की थी, क्योंकि सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं के नामों को जोड़कर मेलोडी शब्द काफी वायरल हो गया था।

■ इटली में एक ही कार में घूमे, 2000 साल पुराने कोलोजियम में सेल्फी ली

# ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का ट्रायल पूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** भारत की डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का ट्रायल पूरा कर लिया है।

इस मिसाइल का नाम यूएलपीजीएम- वी3 है। यह हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों तरह के टारगेट पर सटीक हमला कर सकती है। हवा में दुश्मन के हेलीकॉप्टर, ड्रोन और दूसरे हवाई टारगेट को मार गिरा सकती है। वहीं जमीन पर टैंक, सैन्य वाहन और बंकर को निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, मिसाइल का परीक्षण आंध्र प्रदेश के कुर्नूल स्थित डीआरडीओ टेस्ट रेंज में किया गया। इसमें इंटीग्रेटेड ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल किया गया, जो लॉन्च और कमांड सिस्टम को कंट्रोल करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस मिसाइल को बनाने में मिली सफलता रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम है। डीआरडीओ ने 'एक्स' पर ट्रायल का ये वीडियो शेयर किया। यूएलपीजीएम-वी3 एक स्मार्ट प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल है। इसमें सीकर तकनीक लगी है, जिससे यह टार्गेट को पहचानकर लॉक करती है और फिर सटीक हमला करती है। चलते हुए लक्ष्य को भी ट्रैक कर सकती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इसे एंटी-टैंक रोल के लिए भी तैयार किया गया है। साथ ही यह ड्रोन, हेलीकॉप्टर और दूसरे हवाई लक्ष्यों के खिलाफ भी इस्तेमाल की जा सकती है। इस मिसाइल को डीआरडीओ के हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) की अगुआई में डेवलप किया गया है। इसके साथ डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी , टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी और हाई एनर्जी मटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी भी इस प्रोजेक्ट में शामिल रहीं।

■ टैंक, हेलीकॉप्टर और दूसरे ड्रोन को निशाना बना सकेगी, डीआरडीओ ने स्वदेशी कंपनियों के साथ बनाया

## संक्षिप्त समाचार

### नीट परीक्षा को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट-यूजी परीक्षा को सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ बुधवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री प्रधान ने अधिकारियों को फर्जी जानकारी, दुष्प्रचार और अफवाह फैलाने वाले चैनलों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक और हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को शिक्षा मंत्रालय, एनटीए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर तेजी से कार्रवाई करनी होगी।

### बंगाल में ओबीसी आरक्षण 17 से घटकर 7% हुआ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने ओबीसी आरक्षण व्यवस्था में बदलाव किया है। राज्य में ओबीसी आरक्षण 17 फीसदी से घटाकर 7 फीसदी कर दिया गया है। नई लिस्ट के मुताबिक अब सिर्फ 66 जातियां ओबीसी आरक्षण के दायरे में रहेंगी। धर्म आधारित वर्गीकरण की व्यवस्था भी खत्म कर दी गई है। सरकार का कहना है कि यह फैसला कलकत्ता हाईकोर्ट के 2024 के आदेश के आधार पर लिया गया है।

# टेट्रा पैक में शराब की बिक्री होगी बंद!

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में शराब की बिक्री और पैकेजिंग को लेकर एक अहम जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत कई पक्षों को नोटिस जारी किया है।

याचिका में मांग की गई है कि टेट्रा पैक, सैशे और छोटे पाउच जैसी पैकेजिंग में शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए सहमति भी दे दी है। यह याचिका संगठन कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग की ओर से दायर की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील विपिन नायर ने शराब की पैकेजिंग को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मौजूदा एक्साइज नियमों में बोतल की परिभाषा स्पष्ट नहीं है, जिसके कारण कंपनियां ऐसे पैकेजिंग डिजाइन का इस्तेमाल कर रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम पैदा हो रहा है। नायर ने अदालत से कहा कि वे फलों के जूस और शराब में भ्रम पैदा कर रहे हैं। बोतलों और पैकिंग पर सेब जैसे फलों की तस्वीरें लगाई जाती हैं, जबकि अंदर वोडका जैसी शराब होती है। उन्होंने तर्क दिया कि इस तरह की पैकेजिंग खासकर युवाओं और बच्चों को भ्रमित कर सकती है और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक समान नीति तैयार करे। इसमें टेट्रा पैक, सैशे और जूस जैसे दिखने वाले पैकेजिंग में शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

■ सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा मामला, जनहित याचिका हुई दायर
■ केंद्र सरकार समेत कई पक्षों को नोटिस

## देश संकट में, प्रधानमंत्री विदेश में टॉफी बांटने और रील बनाने में व्यस्त: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इटली दौरे को लेकर उन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं श्री मोदी विदेश में टॉफी बांटने और रील बनाने में व्यस्त हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आर्थिक तूफान सिर पर है, और हमारे प्रधानमंत्री इटली में टॉफी बांट रहे हैं। किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर और छोटे व्यापारी सब रो रहे हैं, प्रधानमंत्री हंसते हुए रील बना रहे हैं तथा भाजपा वाले ताली बजा रहे हैं। यह नेतृत्व नहीं, नौटंकी है।

### दक्षिण भारत में कम बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में गर्मी अपने पीक पर है। इस बीच मौसम एजेंसी स्काईमेट ने अरब सागर के ऊपर नया सिस्टम बनने की जानकारी दी है, जो मानसूनी हवाओं को कमजोर कर सकता है। इससे केरल समेत दक्षिण भारत में बारिश कम होने की आशंका है। एजेंसी ने यह भी कहा है कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात समेत देश के 10 राज्यों में अगले एक हफ्ते तक सूखी-गर्म हवाएं चलेंगी।

# CJI के बयान के विरोध में बनी कॉकरोच जनता पार्टी




**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी 'कॉकरोच जनता पार्टी' के सोशल मीडिया पर 5 दिन में लाखों फॉलोअर हो गए हैं। बुधवार शाम 7 बजे तक यह आंकड़ा इंस्टाग्राम पर 60 लाख से ज्यादा और एक्स पर करीब 1 लाख 26 हजार तक पहुंच गया।

इंस्टाग्राम पर भाजपा के 87 लाख और कांग्रेस के 1.32 करोड़ फॉलोअर हैं। कॉकरोच जनता पार्टी महाराष्ट्र के अभिजीत दीपक ने बनाई है। इसका नारा है- 'सेक्युलर, सोशलिस्ट, डेमोक्रेटिक, लेजी।' पार्टी के महज एक दिन में ही 40 लाख से ज्यादा फॉलोअर बढ़ चुके हैं। दरअसल, 15 मई को सीजेआई सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी। सीजेआई ने एक दिन बाद ही कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा। अभिजीत ने पार्टी का 'लोगो' भी जारी किया है। पार्टी की सदस्यता के लिए 4 योग्यताएं-पहली- बेरोजगारी। दूसरी- आलसी होना यानी डले रहो, पड़े रहो। तीसरी- ऑनलाइन रहने की लत। चौथी- प्रोफेशनली भड़ास निकालने की क्षमता। मैनिफेस्टो जारी, 5 वादे- अगर सीजेपी यानी कॉकरोच जनता पार्टी सरकार में आती है तो रिटायरमेंट के बाद किसी भी सीजेआई को राज्यसभा जाने का रिवॉर्ड नहीं मिलेगा। अगर कोई वैध वोट डिलीट किया जाएगा, तो मुख्य चुनाव आयुक्त को यूएपीए में गिरफ्तार किया जाएगा, क्योंकि किसी के वोटिंग का अधिकार छीनना आतंकवाद से कम नहीं। महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत का आरक्षण होगा, न कि 33 प्रतिशत, इसके लिए सांसदों की संख्या भी नहीं बढ़ाई जाएगी। कैबिनेट में भी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण होगा। अंबानी और अडानी के -शेष पृष्ठ दो पर

■ इंस्टाग्राम पर पांच दिन में 60 लाख फालोअर्स बने
■ भाजपा के 87 लाख, कांग्रेस के 1.32 करोड़ फॉलोअर्स



# M.G. Public School


Circular Road, Muzaffarnagar (U.P.)


Heartiest felicitations to the students on attaining this phenomenal feat with excellence.....

SSCE 2025-26 (XII)


COMMERCE STREAM


1st  95.4% Akshat Gupta

2nd  94.4% Riya Narang

3rd  93% Aryan Kuchhal

SCIENCE STREAM


1st  94.8% Lakshay Dhiman

2nd  93.4% Aryan Maan

3rd  91% Kanika Arora

HUMANITIES STREAM

1st  89.8% Radhika Sharma

2nd  89.4% Arisha Qazi

3rd  88% Kashika Verma

SUBJECT TOPPERS

| Subject | Highest Marks | Student's Name |
|---|---|---|
| Painting | 100 | Palak Baliyan, Ira Mishra |
| Biology | 99 | Lakshay Dhiman, Kanika Arora Navya Goel |
| Accountancy | 99 | Aryan Kuchhal |
| History | 99 | Kashika Verma |
| E. G. | 99 | Vedanshi |
| F. St. | 98 | Divya Verma |
| Chemistry | 97 | Lakshay Dhiman, Aryan Maan, Pranjal Chaudhary |
| Computer Sci. | 97 | Abdullah Ahmad, Saksham |
| English | 97 | Lakshay Dhiman |

| Subject | Highest Marks | Student's Name |
|---|---|---|
| Maths | 96 | Krishna Mittal |
| Applied Maths | 96 | Aryan Kuchhal |
| Economics | 96 | Akshat Gupta |
| B.St. | 96 | Akshat Gupta, Riya Narang |
| P. Ed. | 95 | Umisha Vats, Vihan Raj, Vanshika Sharma |
| Hindi | 95 | Saloni Verma |
| Geography | 93 | Arisha Qazi |
| Physics | 92 | Haragam Jot Singh |
| ETP | 89 | Siddhant Dabral |

Principal & Staff, M.G.P.S.

Chairman & Members of Managing Committee, M.G.P.S.


CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### बांदा में प्रेमी युगल के शव पेड़ से लटके मिले

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र में बुधवार को एक पेड़ से प्रेमी युगल के शव एक ही साड़ी के फंदे से लटके मिलने से सनसनी फैल गई। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि अधाव गांव निवासी सुभाष (22) और रोशनी यादव (19) के शव एक पेड़ पर एक ही साड़ी के फंदे से लटके मिले। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पेड़ से नीचे उतरवाया। घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए। पुलिस के अनुसार मृतका रोशनी की शादी घूरी गांव निवासी जग प्रसाद के साथ गत सात मई को हुई थी। शादी के बाद वह पहली विदाई पर मायके आई थी।

### लक्षद्वीप में जनगणना 2027 का पहला चरण सम्पन्न

**लक्षद्वीप/कोच्चि।** केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में जनगणना 2027 का पहला चरण तय समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस चरण में मकानों की सूची बनाने और आवास गणना के काम शामिल थे। शुरुआती चरण के लिए यह काम 16 अप्रैल से 15 मई 2026 तक किए गए। लक्षद्वीप में यह पूरा काम एक मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए डिजिटल रूप से किया गया, जो डेटा इकट्ठा करने की पूरी तरह से कागज-रहित प्रक्रिया थी। पहले चरण में द्वीपों भर में इमारतों और मकानों की एक पूरी सूची तैयार करना, साथ ही घरों की संपत्ति और बुनियादी नागरिक सुविधाओं से जुड़े 33 मुख्य संक. तकों पर डेटा इकट्ठा करना शामिल था।

# मोदी सरकार आत्म प्रचार में है व्यस्त: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कहा: आम जनता आर्थिक नीतियों से पैदा हुई 'मुश्किलों' के बीच जीवनयापन करने को मजबूर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि देश गंभीर आर्थिक संकट में है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ आत्म प्रचार में व्यस्त है और इसी का परिणाम है कि देश में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट गंभीर रूप से बढ़ा है और जनता पर आर्थिक बोझ थोपा गया है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को लिखा कि श्री मोदी जनता को भाषणों की 'मिठास' सुनाना चाहते हैं, जबकि आम जनता उनकी सरकार की आर्थिक नीतियों से पैदा हुई 'मुश्किलों' के बीच जीवनयापन करने को मजबूर है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में प्रत्येक भारतीय पर औसत कर्ज कई गुना बढ़ा है, जबकि चुनिंदा उद्योगपतियों की संपत्ति में तेजी से इजाफा हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर तथा व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही सीएनजी, दूध, ब्रेड, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर करों तथा उत्पाद शुल्क के माध्यम से जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला गया है। उन्होंने कहा कि देश में युवाओं के बीच बेरा. जगारी बढ़ रही है और भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं ने करोड़ों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। खड़गे ने दावा किया कि प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं के कारण युवाओं का सरकारी भर्ती प्रक्रिया पर भरोसा कमजोर हुआ है। श्री खड़गे ने कहा कि रुपये की कीमत में गिरावट, विदेशी निवेश में कमी तथा विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव जैसे संकेत देश की अर्थव्यवस्था की चुनौतीपूर्ण स्थिति को दर्शाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण बड़ी संख्या में लोग सरकारी राशन सहायता पर निर्भर हो गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों से गुजर रही है लेकिन सरकार इन मुद्दों के समाधान के बजाय प्रचार और जनसंपर्क गतिविधियों में अधिक व्यस्त दिखाई देती है।

# यूपी में गर्मी का रेड अलर्ट, राहत के आसार नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना: मौसम विभाग

**लखनऊ।** समूचे उत्तर भारत में जारी प्रचंड गर्मी से इस सप्ताह राहत की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने समूचे उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनो तक रेड अलर्ट जारी किया है लेकिन उसके बाद भी गर्मी और लू रात दिन सताएगी। मौसम विभाग द्वारा बुधवार को जारी बुलेटिन के अनुसार अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना है।

प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में 24 मई तक मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा तथा 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 20 से 24 मई के दौरान दिन के समय प्रदेश के अनेक जिलों में उष्ण लहर (लू) से भीषण उष्ण लहर चलने की आशंका है, जबकि कई स्थानों पर उष्ण रात्रि की स्थिति भी बनी रह सकती है। विभाग ने विशेष रूप से बुंदेलखंड, कानपुर मंडल, आगरा मंडल तथा पूर्वांचल के कई जिलों के लिए गंभीर चेतावनी जारी की है। पहले दिन यानी 20 मई को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर समेत कई जिलों में भीषण लू चलने की संभावना जताई गई है। वहीं मिर्जापुर, संत रविदास नगर, कानपुर नगर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस और मैनपुरी भी गंभीर गर्मी की चपेट में रह सकते हैं। 21 मई को भी स्थिति में विशेष सुधार के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, फतेहपुर, मिर्जापुर, वाराणसी, कानपुर नगर, आगरा, मथुरा, झांसी और ललितपुर सहित अनेक जिलों में भीषण लू की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही गाजीपुर, आजमगढ़, बलिया, सहारनपुर, मेरठ और बुलंदशहर समेत कई जिलों में सामान्य लू चलने की संभावना जताई गई है। 22 मई को भी बुंदेलखंड और पूर्वांचल के जिलों में भीषण गर्मी बनी रहने का अनुमान है। बांदा, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, कानपुर नगर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, झांसी और महोबा समेत कई जिलों में भीषण लू चल सकती है, जबकि देवरिया, अयोध्या, अंबेडकरनगर, मेरठ, गाजियाबाद और अलीगढ़ जैसे क्षेत्रों में लू का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि भीषण गर्मी के कारण सभी आयु वर्ग के लोगों में हीट रैश, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

## उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार होगी

# यूपी बनेगा ग्लोबल एआई हब: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सीएम योगी ने प्रदेश की भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन अहम प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन अहम प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। योगी ने कहा कि यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर परियोजना उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ा जाए। इसकी शुरुआत बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र से की जा सकती है जहां बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने टाटा समूह समेत बड़ी टेक कंपनियों से संवाद कर लखनऊ को 'एआई सिटी' के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। 'प्रोजेक्ट गंगा' यानी गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुने गए डिजिटल उद्यमियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण करने वाली कंपनियां भी इन युवाओं का उपयोग कर सकें, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के तेजी से विस्तार और पारदर्शिता पर जोर देते हुए उन्होंने डिजिटल उद्यमियों को शुरुआत से ही इंसेंटिव देने को कहा। प्रोजेक्ट गंगा के तहत 10 हजार से अधिक युवाओं को डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर बनाया जाएगा, जिससे 50 हजार प्रत्यक्ष और 1 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। 20 लाख से अधिक घरों को फाइबर आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा। योजना में 50: महिला उद्यमियों को जोड़ने का लक्ष्य है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल 21 जिलों में पायलट के तौर पर शुरू होगा।

### प्रदेश की मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाए

मुख्यमंत्री ने गेहूं के इन-हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए मंडी टैक्स और मंडी शुल्क व्यवस्था में सुधार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाए। मंडियों में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, त्योहारों पर लाइटिग, अतिक्रमण हटाने और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्यान्न सुरक्षा के लिए प्रदेश को अभी से तैयार रहना होगा। यूपी देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है। 2025-26 में 372 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है। प्रदेश में 559 रोलर फ्लोर मिल्स हैं जिनकी क्षमता 218.4 लाख मीट्रिक टन है, लेकिन उपयोग सिर्फ 126.45 लाख मीट्रिक टन हो रहा है। समिति ने सुझाव दिया कि यूपी में पंजीकृत मिलों द्वारा राज्य के भीतर प्रसंस्करण के लिए खरीदे गए गेहूं पर मंडी शुल्क और विकास उपकर में छूट दी जाए, लेकिन यह छूट व्यापारिक गति. विधियों पर लागू न हो। बैठक में बताया गया कि यूपी की भौगोलिक स्थिति इसे समुद्री जोखिमों से सुरक्षित बनाती है। एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर तेजी से विकसित हो रहे हैं।

# सवैधानिक आरक्षण को कमजोर कर रही है भाजपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ लोग संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी सरकार पर संवैधानिक आरक्षण प्रणाली को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवा. जा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने 'आरक्षण की लूट' से संबंधित 'पीडीए ऑडिट' नामक एक दस्तावेज जारी किया। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को और अधिक डेटा और तथ्यों के साथ अपडेट किया जाता रहेगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि अगर छात्रों और अभ्यर्थियों को संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो समझा जाना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75318.39
निफ्टी 23659

सोना 157000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 266000 प्रति किलो

# शुरुआती गिरावट से उबरे शेयर बाजार

**नई दिल्ली, वार्ता**

**ऑटो, बैंकिंग कंपनियों में लिवाली**



ऑटो और बैंकिंग कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अंत में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 117.54 अंक (0.16 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 75,318.39 अंक पर पहुंच गया। बाजार में आज 877 अंक का उतार-चढ़ाव रहा। बीच कारोबार में सेंसेक्स नीचे 74,529 अंक और ऊपर 75,406 अंक तक गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी. 50 सूचकांक भी 41 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 23,659 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार भी सुबह लाल निशान में रहने के बाद में हरे निशान में चला गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.49 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। तेल एवं गैस, ऑटो, बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में तेजी रही, जबकि मीडिया, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर दबाव में रहे। एनएसई में जिन 3,372 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,720 के शेयर हरे निशान में और 1,542 के लाल निशान में रहे। अन्य 100 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार. चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 से 15 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे ज्यादा 2.83 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.29 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.01 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इंडिगो, ट्रेंट, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी मजबूती रही। बीईएल में 2.30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। टेक महिंद्रा का शेयर 1.85 प्रतिशत, इटरनल का 1.52, टाटा स्टील का 1.08 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.03 प्रतिशत टूटा। आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1. 23 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत उतर गया।

## रुपया नए निचले स्तर पर 97 प्रति डॉलर के करीब

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये पर बुधवार को भी दबाव जारी रहा और यह 97 प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया। पिछले कारोबार दिवस पर भारतीय मुद्रा 50 पैसे लुढ़ककर 96.70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया आज 19 पैसे गिरकर 96.89 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 96.9575 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतर गया। बाद में यह हालांकि 96.77 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। खबर लिखे जाते समय रुपया 16 पैसे गिरकर 96.86 रुपये प्रति डॉलर पर था।

# चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के भाव में टिकाव रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 10 रुपये सस्ता हुआ और 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 12 रुपये टूट गया। दाल. दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 23 रुपये और चना दाल की 18 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल आठ रुपये और मूंग दाल सात रुपये सस्ती हुई। वहीं तुअर दाल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा दो रिंगिट गिरकर 4,583 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 प्रतिशत चढ़कर 75.71 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 30 रुपये और मूंगफली तेल की 21 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 44 रुपये और वनस्पति चार रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल तीन रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया जबकि चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7659. 61 रुपये, मसूर काली 8112.36 रुपये, मूंग दाल 10154.89 रुपये, उड़द दाल 10837.37 रुपये, तुअर दाल 11271.36 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2774.21 रुपये और चावल 3859.37 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3245.79 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेलोनी-मोदी...**

और सटीकता के लिए प्रसिद्ध है। दूसरी तरफ, भारत की पहचान बड़े पैमाने, असीमित प्रतिभा और किफायती नवाचार के पावरहाउस के रूप में है। इसलिए, अब हम डिजाइन एंड डेवलप इन इंडिया एंड इटली, एंड डिलीवर फॉर द वर्ल्ड के साझा सिद्धांत पर आगे बढ़ेंगे। पीएम मोदी ने घोषणा की कि भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना 2025-2029 इस साझेदारी को एक व्यावहारिक, समयबद्ध और भविष्योन्मुखी ढांचा प्रदान करेगी। दोनों वैश्विक नेताओं ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में हुई अपनी सात मुलाकातों के बारे में भी बताया है। प्रधानमंत्री मेलोनी ने पीएम मोदी के विजन, व्यावहारिक दृष्टिकोण और उनके नागरिकों के बीच उनकी मजबूत लोकप्रियता की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी यह ईमानदारी भरी दोस्ती आपसी सम्मान और भरोसे पर टिकी है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक सुरक्षा के मोर्चे पर इताल. वी प्रधानमंत्री ने रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जहाजों की मुक्त आवाजाही की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। पीएम ने रक्षा-सुरक्षा क्षेत्रों में भी साझेदारी का कारण आपसी विश्वास को बताया। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में करीबी सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। हमारी सेनाओं के साथ-साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच भी सहयोग बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप से को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मैरीटाइम पावर्स के रूप में भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी के क्षेत्र में करीबी सहयोग स्वाभाविक है। हम मिलकर शिपिंग, बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक्स और अर्थव्यवस्था पर काम करेंगे। भारत और इटली एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ हमारी साझा पहल ने पूरे विश्व के सामने एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत और इटली ने यह संदेश दिया है कि जिम्मेदार लोकतंत्र केवल आतंकवाद की निंदा नहीं करतीं, बल्कि उसके वित्तीय नेटवर्क्स को तोड़ने के लिए ठोस कदम भी उठाती हैं। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि दोनों देशों में पिपुल टू पिपुल कनेक्ट अब दिख रहा है। दोनों देशों की भाषा में भी समानता है। संस्कृत और लैटिन एक ही भाषा परिवार से आती हैं। इस तरह हमारा रिश्ता साझी धरोहर का है। अगले साल दोनों देशों के रिश्ते की 80वीं वीं वर्षगांठ को ईयर ऑफ कल्चर के तौर पर मनाया जाएगा। एक खास बात ये है कि यहां बड़ी संख्या में रह रहे भारत के लोग हमारे संबंधों की जीवंत कड़ी हैं। उनकी देखरेख के लिए मैं पीएम मेलोनी और इटली का आभारी हूं।

**सीजेआई के...** सभी मीडिया संस्थानों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे, ताकि वास्तव में स्वतंत्र मीडिया को जगह मिल सके। गोदी मीडिया एंकरों के बैंक अकाउंट्स की जांच कराई जाएगी। अगर कोई विधायक या सांसद दलबदल कर दूसरी पार्टी में जाता है, तो उसके चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाई जाएगी। उसे अगले 20 साल तक किसी भी पब्लिक ऑफिस में पद नहीं दिया जाएगा। अभिजीत दीपके अमेरिका की बॉस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन की मास्टर डिग्री कर रहे हैं। वो 2020 से 2023 तक आम आदमी पार्टी (आप) की सोशल मीडिया टीम में वॉलंटियर भी रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि मैं एक्स पर सीजेआई का बयान देख रहा था, जहां पर वो सिस्टम की आलोचना करने और राय देने के लिए देश के युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से कर रहे थे। सोशल मीडिया पर मैंने इस पर अपनी राय दी। मैंने पूछा कि सब कॉकरोच एक साथ आ जाएं तो क्या होगा। मुझे जेन जी और 25 साल तक के युवाओं के कमाल के जवाब मिले। उन्होंने कहा कि हमें साथ आना चाहिए और एक प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए। फिर क्या था मैंने सीजेपी बना ली। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होनें कहा कि मेरी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं।

# सच के आईने से डरती है मोदी सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सच का सामना करने से डरती है और पिछले 12 वर्षों में उसने लोकतंत्र का आईना माने जाने वाले विपक्ष तथा मीडिया की आवाज को दबाने का काम किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी देश में आर्थिक संकट के लिए वैश्विक युद्धों को जिम्मेदार ठहराते हैं लेकिन सच यह है कि देश की अर्थव्यवस्था पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रही थी और कांग्रेस लगातार इसकी चेतावनी देती रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष और मीडिया वह आईना होते हैं, जो सत्ता को सच्चाई दिखाते हैं, लेकिन सच से डरने वाली मोदी सरकार इस आईने को तोड़ने का काम कर रही है। झूठ आईने से डरता है। खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने पिछले 12 वर्षों में कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की, क्योंकि उन्हें डर है कि मीडिया उनसे कठिन सवाल पूछ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश को नसीहत देकर विदेश यात्रा पर चले जाते हैं और उससे पहले लंबे रोड शो करते हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कई नेता सार्वजनिक परिवहन या बाइक पर चलने का प्रदर्शन करते हैं, जबकि पीछे उनका पूरा वाहन काफिला चलता है। कांग्रेस नेता ने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि वर्ष 2014 में 414 रुपये में मिलने वाला एलपीजी सिलेंडर अब 915 रुपये का हो गया है, जो 121 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर ब्लैक में बिक रहा है, बाहर खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें बढ़ चुकी हैं तथा दूध और ब्रेड जैसी जरूरी वस्तुएं भी महंगी हो गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रुपया लगातार कमजोर होकर 97 के स्तर तक पहुंच गया है और सरकार जनता को वास्तविक आंकड़ों से दूर रख रही है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी पहले 60 दिन, फिर 60 महीने मांगते रहे और अब वर्ष 2047 तक का समय मांग रहे हैं, लेकिन बीच के आर्थिक आंकड़ों पर जवाब नहीं देते।

### देश संकट में है और प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर हैं: प्रमोद तिवारी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्तमान विदेश दौरे की आलोचना करते हुए कहा है कि देश भीषण गर्मी, महंगाई और ईंधन संकट से जूझ रहा है, जबकि प्रधानमंत्री विदेश यात्राएं कर रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि पूरे देश में लोग लू और गर्मी से परेशान हैं, पेट्रोल-डीजल का संकट गहराता जा रहा है और दवाइयों की दुकानों तथा कोरियर सेवाओं से जुड़ी हड़तालों के कारण मरीजों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई और बेरोजगारी ने 40 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि जब रोम जल रहा था, तब नीरो बांसुरी बजा रहा था, उसी तरह आज देश संकट में है और प्रधानमंत्री विदेश भ्रमण में व्यस्त हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## हरिद्वार में खड़खड़ी श्मशान घाट में राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार





पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी के पार्थिव शरीर को उनके पुत्र मनीष खंडूड़ी के साथ कंधा देकर अंतिम विदाई देते सीएम पुष्कर धामी। खड़खड़ी घाट पर खंडूड़ी के अंतिम संस्कार में शामिल केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर व सीएम धामी।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून/हरिद्वार।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (से.नि) को हरिद्वार स्थित खड़खड़ी श्मशान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद रहे।

मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (से.नि) की अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा और हर वर्ग के लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।अंतिम संस्कार के दौरान सेना एवं पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम सलामी दी। उनके पुत्र मनीष खंडूरी ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की रस्म पूरी की।

**■ सेना एवं पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर दी अंतिम सलामी ■ पुत्र मनीष खंडूड़ी ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की रस्म की पूरी ■ मुख्यमंत्री धामी, केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर, सहित मंत्रीगण एवं जनप्रतिनिधि हुए शामिल**

अंतिम संस्कार के दौरान सेना एवं पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर दिवंगत नेता को अंतिम सलामी दी। उनके पुत्र मनीष खंडूड़ी ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की रस्म पूरी की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी जी का निधन राज्य और देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने सेना, केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री के रूप में शुचिता, पारदर्शिता और अनुशासन के साथ उत्कृष्ट कार्य किए।

उन्होंने कहा कि वह हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे। उनके साथ काम करने का अवसर मिला, उनकी कमी एक अभिभावक के रूप में हमेशा महसूस होगी।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और परि. जनों व शुभचिंतकों को इस दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि उनका जाना उत्तराखंड के लिए यह बहुत बड़ी क्षति है, लेकिन उनके द्वारा स्थापित आदर्श हमें हमेशा मार्गदर्शन देते रहेंगे।" इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री सहित सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों मंत्रीगणों, विधायकों, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर,जनप्रतिनिधि, आधिकारियों, सेना के अधिकारियों जवानों एवं आमजन द्वारा दिवंगत आत्मा को पुष्पचक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित कर अंतिम सलामी दी।

इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र/पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड भगत सिंह कोश्यारी,पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ,पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक,पूर्व मुख्यमंत्री तीर्थ सिंह रावत, सांसद अनिल बलूनी, अजय भट्ट, अजय टम्टा, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सतपाल महाराज, धन सिंह रावत, गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा,खजान दास, प्रदेश महासचिव संगठन अजय कुमार, विधायक प्रेम चंद्र अग्रवाल, आदेश चौहान, विनोद चमोली ,सुरेश गड़िया, अरविंद पाण्डे, रवि बहादुर,मेयर रुड़की अनीता देवी, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, अखाड़ा परिषद अध्यक्ष व निरंजनी अखाड़ा के महासचिव श्रीमहंत रवीन्द्र पुरी एवं निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशनंद महाराज, जयराम आश्रम पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, अपर जिलाधिकारी पी आर चौहान,एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह, एचआरडीए सचिव मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, एसपी ट्रैफिक निशा यादव सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रति. निधि,आमजन मौजूद रहे।

### खंडूड़ी का जीवन सादगी, अनुशासन और ईमानदारी का उदाहरण रहा: खट्टर

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का जीवन सादगी, अनुशासन और ईमानदारी का उदाहरण रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और सेना अधिकारी के रूप में हर दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाया। उनके कार्यों को उत्तराखंड ही नहीं, पूरा देश हमेशा याद रखेगा। सुशासन और लो. कपाल जैसे महत्वपूर्ण विचारों को आगे बढ़ाने में उनका योगदान प्रेरणादायक रहा। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# पीएम को गद्दार कहना देशवासियों का अपमान, माफी मांगे कांग्रेस: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**■ राहुल गांधी की मानसिकता अराजक और अर्बन नक्सल मानसिकता**

**देहरादून।** भाजपा अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गाँधी द्वारा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को असंसदीय संबोधन शगद्दारश कहने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए, इसे देश के 140 करोड़ लोगों का अपमान बताया है।

भट्ट ने इसे राहुल गाँधी के अराजक और कांग्रेस की अर्बन नक्सलवादी मानसिकता करार देते हुए तत्काल सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। उन्होंने मीडिया के लिए जारी प्रतिक्रिया में राहुल गांधी के पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर दिए इस बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उनसे तत्काल सार्वजनिक माफी की मांग की है। उन्होंने कहा कि दुनिया खाड़ी युद्ध के गंभीर संकट का सामना कर रही है। लेकिन अपनी कूटनीतिक रणनीति और आर्थिक प्रबंधन के चलते पीएम मोदी ने देशवासियों को इस संकट के प्रभाव से बचाने रखने का काम किया है। दुनिया हैरान है कि आर्थिक मंदी, कोरोना और रूस यूक्रेन युद्ध के बाद इतनी बड़ी वर्तमान समस्या का सामना भारत कैसे कर रहा है। अधिकांश देशों में मुद्रा स्फीति दर दो अंकों से बहुत आगे पहुंच गई है और तेल के दामों में 20 से 50 फीसदी तक वृद्धि की गई है। लेकिन भारत में मुद्रा स्फीति दर इतनी कठिन परिस्थितियों में भी 3.5 पर है और पेट्रोलियम पदार्थों के दाम भी केवल 4 फीसदी की वृद्धि की गई है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री विभिन्न देशों का दौरा कर देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में जुटे हैं ताकि अर्थव्यवस्था की रफ्तार किसी भी कीमत पर कम न हो।

उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतवासियों की यही आर्थिक सुरक्षा कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी को हजम नहीं हो रहा है। वे लगातार जनता द्वारा नकारे और फटकारे जाने से हताश और निराश होकर अराजक और अपमानजनक बयानबाजी पर उतरा आए हैं। वहीं पलटवार किया है कि कांग्रेसी युवराज ने पीएम या गृहमंत्री को ही गद्दार नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों को गद्दार कहा है। राहुल गांधी की भाषा व अर्बन नक्सल की भाषा में कोई अंतर नहीं रह गया है।

अपने गैरजिम्मेदाराना और अपमानजनक बयानों को लेकर राहुल गांधी आदतन अपराधी बन चुके हैं, वो कई बार कोर्ट से फटकार भी पा चुके हैं। बारउन्होंने चेताते हुए कहा, जो बयान राहुल ने दिया है, इसका खामियाजा पूरी कांग्रेस पार्टी को आने वाले दिनों में जनता की अदालत ने भुगतना पड़ेगा।

# उपराष्ट्रपति व राज्यपाल ने दी पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी को श्रद्धांजलि





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को वसंत विहार, देहरादून में पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवानिवृत्त) के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

# सीएम धामी ने नम आंखों से कंधा देकर दी पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी को अंतिम विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को बलवीर रोड, देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवा. निवृत्त) के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें नम आंखों से विदाई दी।मुख्यमंत्री ने पार्थिव शरीर को कंधा देकर अंतिम विदाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का संपूर्ण जीवन अनुशासन, सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने उत्तराखंड के विकास एवं जनसेवा में जो योगदान दिया, उसे यह प्रदेश सदैव याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने उनके निधन को राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती रितु खंडूरी भूषण, महामंत्री ( संगठन) अजेय कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत, खजान दास, , मेयर सौरभ थपलियाल, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# भाजपा परिवार ने खंडूड़ी को पार्टी मुख्यालय में दी अंतिम विदाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा परिवार ने अपने जनरल को पार्टी प्रदेश मुख्यालय से भावभीनी माहौल में अंतिम विदाई दी । इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, कैबिनेट मंत्री , प्रदेश पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता भुवन चंद्र खंडूड़ी के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पार्टी मुख्यालय में उन्हें सुबह से ही श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यकर्ताओं एवं प्रशासकों की भीड़ जुटने लगी थी। इस दौरान खंडूरी के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र, फूलमाला एवं पुष्पों से श्रद्धाभाव अर्पित किया गया। साथ ही वहां मौजूद, खंडूरी की पुत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी, पुत्र मनीष खंडूरी व अन्य शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर सभी ने अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, जिसमें कई वरिष्ठ नेताओं की आंखें भी नम दिखाई दीं। प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक, पूर्व सैनिक, भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम लोग अपने प्रिय नेता को अंतिम नमन करने पहुंचे। इस दौरान पूरे कार्यालय परिसर में अपने वरिष्ठतम नेता के गम में शोक और संवेदना का वातावरण बना रहा। कार्यालय पहुं. चने से पूर्व उनके पार्थिव शरीर को



रास्ते में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई दी। वहीं मुख्यालय में भी सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हाथों में पुष्प लिए नम आंखों से अपने नेता को विदा किया। इस दौरान समूचा कार्यालय परिसर, 'खंडूड़ी अमर रहें' के नारों के साथ गूंजता रहा।

अंतिम दर्शन के बाद उनके पार्थिव शरीर को हरिद्वार के खड़खड़ी घाट अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।अंतिम श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे मंत्रियों, पदाधिकारियों, स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने भी अपने प्रिय दिवंगत नेता को याद किया। कहा कि, खंडूड़ी जमीन से जुड़े और सरल व्यक्तित्व के धनी थे। लोगों ने कहा कि उन्होंने हमेशा आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए प्रयास किए।

**■ भाजपा मुख्यालय में खंडूड़ी के अंतिम दर्शन करने उमड़ा जनसैलाब, दी भावभीनी श्रद्धांजलि ■ मुख्यमंत्री, पार्टी पदाधिकारी, कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रहे मौजूद**

### उत्तराखंड की राजनीति में ईमानदारी, अनुशासन और सादगी के प्रतीक थे खंडूरी: सीएम

दिवंगत खंडूड़ी को श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मेजर जनरल खंडूड़ी उत्तराखंड की राजनीति में ईमानदारी, अनुशासन और सादगी के प्रतीक थे। सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता और सुशासन के लिए खंडूड़ी के प्रयास हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने राज्य के विकास, सड़क संपर्क, प्रशासनिक सुधार और जनहित के मुद्दों पर जो कार्य किए, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि खंडूड़ी का जीवन राष्ट्रसेवा और जनसेवा के प्रति पूर्ण समर्पण का उदाहरण था, जिसे हम सभी अपने अपने जीवन में अमल में लाने का प्रयास करेंगे।

### खंडूड़ी के कार्य और उनकी जीवनचर्या कार्यकर्ताओं को हमेशा प्रेरित करती रहेगी: अजेय

प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने खंडूड़ी के राजनीतिक, सामा. जिक और सैन्य योगदान को कार्यकर्ताओं के बीच याद किया। कहा, राजनी. ति में स्वच्छ छवि और नैतिक मूल्यों की जो मिसाल उन्होंने पेश की, वह लंबे समय तक याद रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और भाजपा संगठन के लिए यह अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनके द्वारा किए कार्य और उनकी जीवनचर्या कार्यकर्ताओं को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।

भाजपा मुख्यालय में अपने जनरल को अंतिम विदाई देने सांसद अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत, खजान दास, भरत चौधरी, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, देहरादून महानगर महापौर सौरभ थपलियाल, विधायक अरविंद पांडेय, मुन्ना सिंह चौहान, दायित्वधारी मधु भट्ट, श्रीमती विनोद उनियाल, प्रदेश कार्यालय सचिव जगनमोहन रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता, विधायक, मंत्री और कार्यकर्ता श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक और पूर्व सैनिक संगठनों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# भूस्खलन के बीच एसडीआरएफ का साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर मुनकटिया क्षेत्र में बीती 19 मई की रात लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते अचानक हुए भूस्खलन ने यात्रा मार्ग को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया। देखते ही देखते लगभग 10 हजार 500 श्रद्धालु रास्ते में फंस गए। अंधेरी रात, कड़ाके की ठंड, लगातार बारिश और दुर्गम पहाड़ी परिस्थितियों के बीच हालात बेहद चुनौतीपूर्ण हो गए थे।

स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए एसडीआरएफ टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला। चारधाम यात्रा को लेकर पहले से ही हाई अलर्ट पर चल रही एसडीआरएफ टीमों को सेनानायक अर्पण यदुवंशी द्वारा किसी भी आपदा से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए थे। इसी तत्परता का



**■ पूरी रात चला राहत अभियान, 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को सुरक्षित कराया मार्ग पार**

परिणाम रहा कि सूचना मिलते ही एसआई आशीष डिमरी के नेतृत्व में एसडीआरएफ पोस्ट सोनप्रयाग की टीम बिना समय गंवाए घटनास्थल पर पहुंच गई और युद्धस्तर पर राहत एवं सुरक्षा अभियान शुरू कर दिया।

लगातार गिरते पत्थरों, फिसलन भरे रास्तों और जानलेवा जोखिमों के बीच एसडीआरएफ जवान पूरी रात डटे रहे। टीम ने न केवल श्रद्धालुओं को हिम्मत बंधाई बल्कि बेहद संयम और कुशल रणनीति के साथ उन्हें क्रमबद्ध तरीके से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। कठिन हालातों में एसडीआरएफ के जवान श्रद्धालुओं के लिए किसी देवदूत से कम साबित नहीं हुए।

एसडीआरएफ के अथक प्रयासों और त्वरित कार्रवाई के चलते हजारों श्रद्धालुओं की यात्रा दोबारा सुचारु रूप से आगे बढ़ सकी। मौके पर मौजूद यात्रियों ने एसडीआरएफ टीम की बहादुरी, सेवा-भाव और समर्पण की जमकर सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता के लिए एसडीआरएफ उत्तराखण्ड पुलिस पूरी प्रतिबद्धता और मुस्तैदी के साथ लगातार सेवाएं दे रही है।

## खंडूरी के निधन पर जमीअत ने जताया शोक

**देहरादून।** सेवानिवृत्त मेजर जनरल, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खण्डूरी के निधन पर कई समा. जिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया।

जमीअत उलेमा ए हिन्द के प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी, देहरादून जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, मास्टर अब्दुल सत्तार, नगर अध्यक्ष मुफ्ती अयाज अहमद आदि ने पूर्व सीएम खण्डूरी के निधन को अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि खण्डूरी ने सैनिक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में जिस ईमानदारी, अनुशासन और गौरव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि सादगी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति उनका समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

# दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा ने किए बदरी-विशाल के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदरीनाथ।** हिंदी सिनेमा के सुप्रसिद्ध और दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा आज भू-बैकुंठ श्री बदरीनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान बदरीविशाल के दरबार में शीश नवाकर मंगलमय दर्शन किए। भगवान के अलौकिक विग्रह के दर्शन कर वे पूरी तरह आत्मविभोर नजर आए।

धाम पहुंचने के बाद अभिनेता आशुतोष राणा ऐतिहासिक बदरिकाश्रम स्थित श्रीशंकराचार्य मठ भी गए। वहां उन्होंने मठ के प्रमुख स्वामी प्रत्यक्चौतन्यमुकुन्दानन्द गिरि जी महाराज से शिष्टाचार भेंट की और उनका पावन आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात, आशुतोष राणा ने श्रीशंकराचार्य मठ में ही पूर्ण सादगी के साथ भगवान का भोजन प्रसाद ग्रहण किया। धाम में उनके आगमन की सूचना मिलते ही स्थानीय श्रद्धालुओं और उनके प्रशंसकों में खासा उत्साह देखा गया। अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा पर अभिनेता ने बदरीनाथ धाम की पवित्र ऊर्जा और शांति की भूरि-भूरि सराहना की।



# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहे उत्तरकाशी के मेडिकल स्टोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ जिले भर में भी गंगोत्री से लेकर आराकोट तक सभी मेडिकल स्टोर बंद रहे। बुधवार को दवा विक्रेताओं ने अखिल भारतीय केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संगठन (एआईओसीडी) द्वारा घोषित देशव्यापी आंदोलन के समर्थन में केमिस्ट्री की दुकानें बंद रखे। जिलेभर में मेडिकल स्टोर बंद रहने से आम लोगों को दवाइयों की उपलब्धता को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा, हालांकि केमिस्ट संगठनों ने आपातकालीन जरूरतों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाए रखने का दावा किया।




**गंगोत्री से आराकोट तक केमिस्टों का प्रदर्शनमरीजों की सुरक्षा और नकली दवाओं पर उठाए सवाल**

दवा कारोबारियों का कहना है कि तेजी से बढ़ रही ऑनलाइन दवा बिक्री पारंपरिक मेडिकल व्यवसाय के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। केमिस्टों के अनुसार बिना पर्याप्त निगरानी के ऑनलाइन दवाओं की बिक्री से मरीजों की सुरक्षा और दवाओं की गुणवत्ता पर खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नियमों की अनदेखी करते हुए भारी छूट देकर बाजार व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। आंदोलन के दौरान दवा विक्रेताओं ने कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा दिए जा रहे बड़े डिस्काउंट और नकली दवाओं के बढ़ते खतरे पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि दवा कारोबार केवल व्यापार नहीं बल्कि सीधे लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है, इसलिए इस क्षेत्र में सख्त नियमन आवश्यक है। माधव प्रसाद जोशी ने कहा कि यह आंदोलन केवल व्यापारी हितों के लिए नहीं बल्कि मरीजों की सुरक्षा और दवा व्यवस्था की पारदर्शिता के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री और अनियमित छूट प्रणाली पर नियंत्रण करना सरकार की जिम्मेदारी है।

उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो छोटे मेडिकल व्यवसायों के साथ-साथ स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

बंद के दौरान कई मरीजों और तीर्थ यात्रियों को दवाइयां लेने में दिक्कतें हुईं, लेकिन बड़ी संख्या में लोगों ने आंदोलन का समर्थन भी किया। लोगों का कहना था कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कारोबार में गुणवत्ता और सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। आंदोलन में जिला महामंत्री संजीव चौहान, जिला कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र रतूड़ी, मनोज भंडारी, नवीन कुड़ियाल सहित कई दवा व्यापारी शामिल रहे।

केमिस्ट संगठनों ने सरकार से मांग की है कि ऑनलाइन दवा बिक्री के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं, नकली दवाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो तथा छोटे दवा कारोबारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

# सिलक्यारा टनल से मोटर चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** धरासू यमुनोत्री हाई पर निमार्णाधीन बहुचर्चित सिलक्यारा टनल परियोजना में हुई इलेक्ट्रॉनिक मोटर चोरी की घटना का उत्तराखंड पुलिस की बड़कोट पुलिस ने महज 6 - 7 घंटे के भीतर खुलासा कर तेज कार्रवाई का उदाहरण पेश किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चोरी हुई मोटर भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार सिलक्यारा टनल निर्माण कार्य कर रही कंपनी नवयुगा इंजीनियरिंग लि० कंपनी के प्रबंधन ने गत मंगलवार को कोतवाली बड़कोट में इलेक्ट्रॉनिक मोटर चोरी होने की तहरीर दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की सूचना मिलते ही कमलेश उपाध्याय ने चोरी के शीघ्र खुलासे और आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने क्षेत्र में त्वरित पतारसी-सुरागरसी शुरू करते हुए संदिग्ध गतिविधियों और स्थानीय



**6 घंटे में बड़कोट पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, चोरी की गई इलेक्ट्रॉनिक मोटर बरामद**

स्तर पर जानकारी जुटाई। पुलिस की सक्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी तक पहुंच बनाई गई और चोरी की घटना का सफल खुलासा कर दिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान भीम सिंह पुत्र धर्म सिंह निवासी डण्डालगांव, बड़कोट, जनपद उत्तरकाशी के रूप में हुई है। आरोपी की उम्र 29 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी हुई इलेक्ट्रॉनिक मोटर भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी भी की गई है। स्थानीय लोगों ने चोरी की घटना के इतने कम समय में खुलासे पर बड़कोट पुलिस की कार्यशैली की सराहना की है। गौरतलब है कि सिलक्यारा टनल परियोजना राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं में शामिल है और यहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार सतर्कता बरती जा रही है। ऐसे में निर्माण सामग्री और मशीनरी की चोरी को गंभीर चुनौती माना जा रहा था।

मामले के सफल अनावरण में अपर उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल रावत, मुख्य आरक्षी बबलू खान और मुख्य आरक्षी राजेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डोबरा-चांठी मार्ग पर आवागमन सुचारू

**नई टिहरी।** डोबरा-चांठी पुल से कोटीकालोनी जाने वाले मार्ग पर सडक कटिंग कार्य के दौरान हुए भूस्खलन के कारण मार्ग बाधित हो गया था जिसके चलते सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग पर बैरिकेडिंग कर यातायात को अस्थायी रूप से बंद किया गया था।

सूचना पर टिहरी पुलिस एंव संबंधित विभागों के अधिकारियों की ओर से तत्काल मौके पर पहुंचकर सुधारीकरण का कार्य शुरू किया किया गया और मार्ग का मलबा हटाकर यातायात पुन: सुचारू किया गया। वर्तमान में मार्ग पर आवागमन सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। पुलिस की ओर से क्षेत्र में निगरानी रखी जा रही है। तथा आम जन से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने एवं प्रशासन की ओर से दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई।

# केमिस्ट्स एसोसिएशन का देशव्यापी हड़ताल को समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** ई-फार्मेसी की ओर से ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री और भारी डिस्काउंट के विरोध में बुधवार को ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के देशव्यापी हड़ताल का असर देखने को मिला। इस दौरान श्रीनगर, श्रीकोट सहित अन्य स्थानों पर मेडिकल स्टोर पूर्ण रूप से बंद रहें। जिससे मरीजों को दवाईयों के लिए इधर उधर भटकना पड़ा। इस दौरान स्थानीय गोला पार्क पर मेडिकल स्टोर संचालकों ने ई-फार्मेसी के विरोध में प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होने सरकार से ई-फार्मेसी को पूर्ण रूप से बंद किए जाने की मांग की। इस मौके पर केमिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय काला ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत सरकार ने लॉकडाउन में लोगों तक जरूरी दवाइयां पहुंचाने के लिए ई-फार्मा स्टोर्स को कई बड़ी रियायतें दी थीं। कहा कि सरकार ने ई-फार्मा को आवश्यक सेवा का दर्जा दिया, जिससे लॉकडाउन में भी उनकी डिलीवरी बिना रोक-टोक जारी रही। नियमों में ढील देते हुए डॉक्टरों के डिजिटल प्रिसक्रिप्शन के आधार पर दवाइयां बेचने की मंजूरी दी। कहा कि छोटी कंपनियां घर-घर जाकर बिना डॉक्टर के परामर्श के दवाइंया दी जा रही है, जिससे छोटे व्यापारी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय केमिस्ट्सों में बिना परामर्श के दवाईयां देने पर सरकार सख्ती कर रही है, लेकिन ऑनलाइन दवाईयों वितरण पर किसी भी प्रकार का कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। यदि जल्द से सरकार अपने फैसले को वापस नहीं लेती है तो विरोध व्यापक होगा। मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल ढौडियाल, महासचिव मनीष चंद्र, कोषाध्यक्ष दिनेश चौहान, नरेश नौटियाल, विपिन भट्ट मौजूद थे।



**श्रीनगर, श्रीकोट सहित अधिकांश जगहों पर बंद रहें मेडिकल स्टोर**

## एक नजर .......

### कामकाजी महिलाओं को मिलेगा सुरक्षित और सम्मानजनक आवास

**कोटद्वार।** महिलाओं को सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने की दिशा में बाल विकास विभाग द्वारा उत्तरी झंडीचौड़ में आधुनिक वर्किंग वूमेन हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 3 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह हॉस्टल क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं के लिए बड़ी सौगात बनकर उभरेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र थपलियाल ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस हॉस्टल में कुल 28 कमरे बनाए जा रहे हैं, जहां कामकाजी महिलाएं सुरक्षित वातावरण में रह सकेंगी। इसके अलावा भवन में 29 टॉयलेट एवं बाथरूम की व्यवस्था की गयी है, जिससे स्वच्छता और सुविधा दोनों सुनिश्चित हो सकें। हॉस्टल परिसर में सामूहिक भोजन व्यवस्था के लिए एक विशाल डाइनिंग हॉल तथा भोजन तैयार करने हेतु आधुनिक किचन भी बनाया जा रहा है। वहीं आगंतुकों और आवासीय व्यवस्था के समन्वय के लिए एक व्यवस्थित रिसेप्शन लॉबी का निर्माण किया जाएगा, जिससे पूरे परिसर को पेशेवर और सुव्यवस्थित स्वरूप मिला है। जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र थपलियाल ने बताया कि यह हॉस्टल विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा, जो रोजगार, शिक्षा अथवा अन्य कार्यों के लिए शहरों और कस्बों में रहकर कार्य कर रही हैं। सुरक्षित आवास की उपलब्धता से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने करियर को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

### 'मेगा समर सेलिब्रेशन 2026' की शुरुआत

**देहरादून।** अपने "कस्टमर-फर्स्ट" दर्शन को आगे बढ़ाते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज बहुप्रतीक्षित 'मेगा समर सेलिब्रेशन 2026' की शुरुआत की घोषणा की। इस पहल में कई आकर्षक ऑफर और वैल्यू-ऐडेड बेनिफिट्स शामिल हैं, जिनका उद्देश्य ग्राहकों के भरोसे और संतुष्टि को और मजबूत करना है। यह कैंपेन उत्तर भारत के सभी अधिकृत टोयोटा डीलरशिप्स पर लागू किया जाएगा, ताकि गर्मियों के मौसम में ग्राहकों को एक सहज और आनंददायक अनुभव मिल सके। इनमें नई गाड़ियों की खरीद, आफ्टर-सेल्स सर्विस, कार बॉडी केयर और शाइन (टी ग्लॉस ट्रीटमेंट्स) तथा टोयोटा सर्टिफाइड यूज्ड कार्स पर ऑफर शामिल हैं। यह कैंपेन मई से जून 2026 तक चलेगा।कैंपेन पर बोलते हुए, मुथन्ना, वाइस प्रेसिडेंट और चीफ रिप्रेजेंटेटिव ख्र नॉर्थ रीजन, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा: "हम अपने कस्टमर-फर्स्ट दर्शन के साथ अपने ग्राहकों को बेहतरीन सर्विस अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्राहक इनसाइट्स के आधार पर हमने नई कारों, यूज्ड कारों और आफ्टर-सेल्स सर्विस पर शानदार समर स्कीम्स तैयार की हैं।

### सोशल मीडिया पेज पर लालकुर्ती अनुसूचित जाति बस्ती लिखने पर भड़के लोग

**कोटद्वार।** खूनीबड़ स्थित सिद्धबाबा कॉलोनी में रह रहे अनुसूचित जाति के परिवार सोशल मीडिया पेज पर उनके क्षेत्र को लालकुर्ती अनुसूचित जाति बस्ती लिखने पर भड़क गए हैं। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा है। अनुसूचित जाति के परिवारों ने कहा कि सोशल मीडिया पर एक सार्वजनिक पोस्ट में उनके क्षेत्र के लिए लाल कुर्ती अनुसूचित बस्ती शब्द का प्रयोग किए जाने से उनकी भावनाएं आहत हुई है। किसी भी क्षेत्र अथवा समाज को इस प्रकार की शब्दावली से संबोधित करना सामाजिक रूप से उचित नहीं है। इससे लोगों में भेदभाव एवं असहजता की भावना उत्पन्न होती है। उनका क्षेत्र सिद्धबाबा कॉलोनी वार्ड नंबर-27 खूनीबड़ के नाम से जाना जाता है।

आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पोस्ट के कारण उनके बच्चों के साथ आंगनबाड़ी केंद्र में भी भेदभाव किया गया। पूर्व में उन्होंने क्षेत्र में सामुदायिक केंद्र बनाने के लिए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य व पार्षद को ज्ञापन सौंपा था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन सौंपने वालों में सुमित्रा देवी, लक्ष्मी देवी, इंदू देवी, त्रिपती देवी, जशोदा देवी, देवेश्वरी देवी, चंद्रकला देवी, बसंती देवी, रीना देवी, आशा देवी, कंचन देवी, रजनी देवी, पूनम देवी, पूजा देवी, शकुंतला देवी, पिंकी देवी, महेश शाह आदि शामिल रहे।

# सौरागढ़-भटगांव मोटरमार्ग की बदहाली पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि/रूद्रप्रयाग।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सौरागढ़ चोपड़ा भटगांव मोटरमार्ग की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह उखड़ा डामर, बड़े-बड़े पत्थर, गहरे गड्ढे व खतरनाक मोड़ आम लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन चुके हैं। जनता ने सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए प्रशासन व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इस मोटरमार्ग पर सफर करना अब जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। कई स्थानों पर सड़क इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि छोटे वाहनों के साथ-साथ बड़े वाहनों का संचालन

**बरसात से पहले हादसों का बढ़ा खतरा**

भी मुश्किल हो गया है। खासतौर पर बरसात का मौसम नजदीक होने से लोगों की चिंता और बढ़ गई है, लेकिन विभाग अब तक कोई ठोस कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क के शुरुआती हिस्सों में कई "डेंजर जोन" बन चुके हैं, जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सड़क किनारे सुरक्षा दीवारें, नालियां और पैराफिट निर्माण अधूरे पड़े हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। पुल निर्माण पूरा होने के बावजूद एप्रोच रोड अधूरी छोड़ दी गई है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतें झेल रहे हैं।

# ग्राउंड जीरो पर डीएम, पैदल तय किया सोनप्रयाग से गौरीकुंड मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और श्रद्धालु हितैषी बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। बुधवार को जिलाधिकारी विशाल मिश्रा स्वयं ग्राउंड जीरो पर पहुंचे और सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक पैदल चलकर यात्रा व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का गहन निरीक्षण किया।

देर रात हुए लैंडस्लाइड के बाद जिलाधिकारी ने प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं सुरक्षा कार्यों का जायजा लिया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यात्रा मार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और संवेदनशील क्षेत्रों में चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित की जाए।



**लैंडस्लाइड प्रभावित क्षेत्र का मौके पर निरीक्षण, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश, यात्रियों से सीधे संवाद कर जाना हाल**

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर रुककर बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने यात्रियों से स्वास्थ्य सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय, मेडिकल सहायता और विश्राम स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद यात्रा मार्ग पर सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक संचालित शटल टैक्सी व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही यातायात प्रबंधन और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मौसम की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और लगातार बढ़ रही यात्रियों की संख्या को देखते हुए सभी विभाग अलर्ट मोड पर रहें। किसी भी समस्या या आपदा की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और हर स्तर पर त्वरित रिस्पॉन्स सिस्टम सक्रिय रखा जाए।

# पूर्व सीएम स्व. भुवन चंद्र खंडूड़ी को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री रहें मेजर जनरल (सेवा. निवृत्त) भुवन चंद्र खंडूड़ी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर गढ़वाल विवि, मेडिकल कॉलेज सहित बार एसोसिएशन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्व. खंडूडी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने शोक संदेश पढ़ते हुए जनरल खंडूड़ी के निधन को राष्ट्र और उत्तराखंड समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। कहा कि उन्होंने सैन्य सेवा, सार्वजनिक जीवन और सामाजिक सरोकारों के माध्यम से समाज को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान की। कहा कि उनका व्यक्तित्व अनुशासन, ईमानदारी और जनसेवा का प्रतीक था तथा उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वहीं विश्व. विद्यालय प्रतिनिधि के रूप में प्रोफेसर हेमवती नंदन पाण्डेय हरिद्वार में आयोजित अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मेडिकल कॉलेज के प्रचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि श्रीनगर मेडिकल कॉलेज स्व. खंडूडी कर डीम प्रोजेक्ट में से एक था। उनके प्रदेश के विकास में दिए गये योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। श्रद्धांजलि सभा में विवि के कुलस. चव प्रो. वाईपी रैवानी, प्रो. मोहन पंवार, प्रो. एमएम सेमवाल, प्रो. एचबीएस चौहान, प्रो. ओपी गुंसाई, प्रो. मंजुला राणा के साथ ही मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश रावत, डॉ. दीपा हटवाल, डॉ. अजेय विक्रम, बार एसोसिएशन के संरक्षक अनूप श्री पांथरी, अध्यक्ष प्रमेश जोशी, कृष्णानंद मैठाणी, ब्रहमानंद भट्ट सहित आदि मौजूद थे।



# एसडीआरएफ-एनडीआरएफ ने डूंगरीपंथ रेलवे सुरंग का किया संयुक्त निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग ब्रांडगेज रेल परियोजना के तहत डूंगरीपंथ रेलवे सुरंग का बुधवार को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की संयुक्त टीम ने विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान सुरंग की सुरक्षा व्यवस्थाओं, प्रवेश एवं निकासी मार्गों, आपातकालीन बचाव प्रणाली तथा संभावित आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया गया। संयुक्त दल ने सुरंग के भीतर जाकर विभिन्न सुरक्षा बिंदुओं का निरीक्षण किया और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर चर्चा की। अधिकारियों ने सुरंग में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों के पालन, आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वित राहत कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। रेलवे अधिकारियों ने टीम को सुरंग की संरचना, सुरक्षा उपकरणों, निकासी मार्गों और उपलब्ध आपदा प्रबंधन संसाधनों की जानकारी दी।

# गौण्डार पहुंची भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रूद्रप्रयाग।** मदमहेश्वर मंदिर के कपाट खुलने से पूर्व धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली बुधवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं, महिलाओं के मंगल गीतों, पारंपरिक जागरों और स्थानीय वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों के बीच अपने अंतिम रात्रि प्रवास स्थल गौण्डार गांव पहुंच गई। डोली के स्वागत में पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

ब्रह्म बेला में राकेश्वरी मंदिर रासी में वैदिक विधि-विधान के साथ पंचांग पूजन सम्पन्न हुआ। मदमहेश्वर धाम के प्रधान पुजारी शिव शंकर लिंग ने भगवान मदमहेश्वर, भगवती राकेश्वरी सहित तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का

**आज खुलेंगे कपाट, जयकारों से गूंज उठी घाटी**

आवाहन कर विशेष पूजा-अर्चना और आरती की। बुधवार ठीक प्रात: 7:15 बजे जैसे ही भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली राकेश्वरी मंदिर से गौण्डार के लिए रवाना हुई, पूरा क्षेत्र "हर-हर महादेव" और "जय बाबा मदमहेश्वर" के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा।

डोली ने राकेश्वरी मंदिर की तीन परिक्रमा की, जिसके बाद ग्रामीणों ने लाल-पीले वस्त्र अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने पौराणिक जागरों और मंगल गीतों के साथ अकतोली धार तक डोली को भावभीनी विदाई दी।

# आस्था और प्रदूषण के बीच घिरती यमुनोत्री धाम की पवित्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट/यमुनोत्री।** विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम में इन दिनों आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। चारधाम यात्रा के तहत प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु मां यमुना के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव के साथ पूजा-अर्चना, स्नान और धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं, लेकिन आस्था के नाम पर हो रही कुछ परंपराएं अब मां यमुना की निर्मलता और पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं।

धाम क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां यमुना को साड़ियां, चुनरी, वस्त्र और अन्य पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद उन्हें सीधे नदी में प्रवाहित कर रहे हैं। लगातार यमुना जी में डाले जा रहे कपड़े, प्लास्टिक और पूजा सामग्री के कारण यमुना जलधारा के कई हिस्सों में गंदगी



दिखाई देने लगी है। स्थानीय लोगों और तीर्थ यात्रियों का कहना है कि यदि यही स्थिति जारी रही तो मां यमुना का प्राकृतिक स्वरूप प्रभावित हो सकता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रद्धालु मां यमुना को वस्त्र अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना करते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि सिंथेटिक कपड़े, रंगीन चुनरियां और प्लास्टिक मिश्रित सामग्री नदी के जल को प्रदूषित करने के साथ-साथ जलीय जीवन के लिए भी खतरा बनती हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में बहने वाली नदियों की स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी माना जाता है, क्योंकि यही नदियां आगे चलकर करोड़ों लोगों की जीवनरेखा बनती हैं।

**मां यमुना को अर्पित साड़ियां और पूजन सामग्री बन रहीं प्रदूषण का कारण, स्वच्छता व्यवस्था पर उठे सवाल**

भाजपा नेता संदीप राणा ने भी इस विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए श्रद्धालुओं से अपील की है कि आस्था बनाए रखें, लेकिन मां यमुना को प्रदूषित न करें।

उन्होंने कहा कि यदि श्रद्धालु साड़ी या वस्त्र अर्पित करना चाहते हैं तो उन्हें मंदिर परिसर में दान करें, ताकि धार्मिक भावना भी बनी रहे और मां यमुना की पवित्रता भी सुरक्षित रह सके।

उन्होंने मंदिर समिति और प्रशासन से लाउडस्पीकर एवं सूचना पट्टों के माध्यम से लगातार जागरूकता अभियान चलाने की मांग की। उनका कहना है कि यात्रा सीजन में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में छोटी लापरवाही भी बड़े पर्यावरणीय संकट का कारण बन सकती है।

वहीं दूसरी ओर, स्थानीय प्रशासन की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठने लगे हैं। यात्रा सीजन शुरू होने से पहले स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन धाम क्षेत्र और यमुना तटों पर बिखरी पूजन सामग्री और कपड़े इन दावों की हकीकत बयां कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन, मंदिर समिति और तीर्थ पुरोहितों को मिलकर श्रद्धालुओं को जागरूक करना होगा।

पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि हिमालयी क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों पर बढ़ती भीड़ के साथ कचरा प्रबंधन और नदी संरक्षण सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में यमुनोत्री धाम की स्वच्छता और प्राकृतिक सुंदरता पर गंभीर असर पड़ सकता है।

चारधाम यात्रा केवल आस्था का नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण का भी संदेश देती है। ऐसे में मां यमुना की पवित्रता बनाए रखना केवल प्रशासन की नहीं बल्कि हर श्रद्धालु की जिम्मेदारी है। श्रद्धा तभी सार्थक मानी जाएगी जब आस्था के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भाव भी जुड़ा हो।

# शॉर्ट-सर्किट से दहला दून का पैनिसिया अस्पताल

## महिला की मौत, 16 झुलसे, जिंदगी देने वाले अस्पताल में ही 'काल' बनकर दौड़ा करंट

**इमरान चौधरी**

**देहरादून।** राजधानी के रिस्पना पुल से आगे रिस्पना पुल के पास स्थित पैनिसिया अस्पताल में बुधवार सुबह उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब अस्पताल की इमारत अचानक आग के गोले और काले धुएं के गुबार में तब्दील हो गई। प्राथमिक जांच में आग का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है, जिसने एक बार फिर निजी अस्पतालों में सुरक्षा मानकों और फायर सेफ्टी अरेंजमेंट्स की पोल खोलकर रख दी है। इस दर्दनाक हादसे में अस्पताल में भर्ती एक 66 वर्षीय बुजुर्ग महिला वीरवती की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि अस्पताल कर्मियों, तीमारदारों और बचाव दल के जवानों सहित कुल 16 लोग झुलस गए।

जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 09:35 बजे जब अस्पताल में रोजाना की तरह कामकाज चल रहा था, तभी अचानक शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही





### सुरक्षा इंतजामों पर उठे गंभीर सवाल

देखते सीलिंग और अंदरूनी हिस्से में आग फैल गई और पूरी इमारत में दमघोंटू धुआं भर गया। अस्पताल प्रशासन की घोर लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि धुएं की निकासी (वेंटिलेशन) की सही व्यवस्था न होने के कारण वहां भर्ती मरीजों का दम घुटने लगा। हादसे के वक्त अस्पताल में 14 गंभीर मरीज भर्ती थे।घटना की सूचना मिलते ही जिला आपदा कंट्रोल रूम तुरंत एक्शन में आया। जिला प्रशासन, पुलिस, फायर सर्विस और एसडीआरएफ की संयुक्त टीमें बिना वक्त गंवाए मौके पर पहुंचीं। धुआं और लपटों के बीच संयुक्त राहत दलों ने साहस का परिचय देते हुए अस्पताल में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। अस्पताल में भर्ती सभी 14 गंभीर मरीजों को एम्बुलेंस के जरिए तुरंत नजदीकी चिकित्सालयों में शिफ्ट किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान फायर सर्विस और पुलिस के तीन जांबाज कर्मी भी घायल हुए हैं। इस घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोभाल सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं नेहरू कॉलोनी थाना अध्यक्ष मनोज नौटियाल भी मौके पर पहुंचे।

**सवालों के घेरे में प्रबंधन, जांच के निर्देश:** इस हादसे ने पैनिसिया अस्पताल प्रबंधन को सीधे कठघरे में खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों और घायलों के परिजनों में अस्पताल प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। मामला बढ़ता देख जिला प्रशासन ने अस्पताल को खाली कराकर पूरे परिसर को सील नियंत्रित कर दिया है। साथ ही, जिला प्रशासन ने घटना के कारणों की विस्तृत जांच और अस्पताल की तकनीकी कमियों का आकलन करने के लिए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

### चंद रुपयों के लिए दांव पर लगाई मासूम जिंदगियां!

पैनिसिया अस्पताल प्रबंधन की मनमानी और तानाशाही रवैया इस हादसे में साफ तौर पर उजागर हुआ है। तीमारदारों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन सिर्फ भारी-भरकम फीस वसूलने में मस्त रहता है, लेकिन मरीजों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह अंधा बना हुआ था। मानकों को ताक पर रखकर इमारत के आंतरिक हिस्सों में ऐसा मटीरियल (सीलिंग आदि) इस्तेमाल किया गया, जिसने आग को भड़काने में घी का काम किया। हादसे के बाद जहां अस्पताल स्टाफ को मरीजों की मदद करनी चाहिए थी, वहीं प्रबंधन के जिम्मेदार लोग मौके से पल्ला झाड़ते नजर आए।

### शो-पीस बने रहे आग बुझाने के उपकरण, नहीं बजा कोई अलार्म!

प्राथमिक जांच में जो सबसे चौंकाने वाली बात सामने आई है, वह है अस्पताल के 'फायर फाइटिंग सिस्टम' का पूरी तरह फेल होना। सूत्रों के मुताबिक अस्पताल की दीवारों पर टंगे फायर एक्सटिंग्विशर (आग बुझाने के सिलेंडर) सिर्फ निरीक्षण से बचने के लिए टांगे गए थे। ऐन वक्त पर या तो वे एक्सपायर्ड थे या उन्हें चलाने वाला कोई ट्रेंड स्टाफ वहां मौजूद नहीं था। शॉर्ट-सर्किट होते ही न तो अस्पताल का फायर अलार्म बजा और ना ही छतों पर लगे पानी छिड़कने वाले स्प्रिंकलर एक्टिव हुए। अगर ये उपकरण काम कर रहे होते, तो आग की शुरुआत में ही काबू पाया जा सकता था और बुजुर्ग महिला की जान बच जाती।

## पैनेसिया हॉस्पिटल अग्निकांड: स्वास्थ्य मंत्री ने जाना मरीजों का हाल



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने पैनेसिया हॉस्पिटल में आग लगने की दुखद घटना के बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों को सुरक्षित रूप से कैलाश हॉस्पिटल, जोगीवाला शिफ्ट किए जाने के बाद अस्पताल पहुंचकर मरीजों व घायल पुलिसकर्मियों का कुशलक्षेम जाना।

उन्होंने चिकित्सकों से उपच. ाररत मरीजों के स्वास्थ्य की जानक. ारी लेते हुए सभी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि विपरीत

### घायल पुलिसकर्मियों की पूछी कुशलक्षेम

परिस्थितियों में पुलिस, प्रशासन, फायर सर्विस एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्परता एवं साहस के साथ किया गया राहत एवं बचाव कार्य सराहनीय है।

उन्होंने राहत एवं बचाव अभियान के दौरान घायल हुए पुलिसकर्मियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावितों के साथ खड़ी है।

## खादी व ग्रामोद्योग आयोग ने मनाया विश्व मधुमक्खी दिवस-2026

**शाह टाइम्स संवाददता**

**देहरादून।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने बुधवार को मुख्यालय, मुंबई के साथ-साथ अपने देशभर के राज्य एवं मंडलीय कार्यालयों तथा केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीबीआरटीआई), पुणे में 'विश्व मधुमक्खी दिवस-2026' के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया। नई दिल्ली स्थित केवीआईसी के गांधी दर्शन कार्यालय से अध्यक्ष, केवीआईसी श्री मनोज कुमार ने देशभर के केवीआईसी कार्यालयों, मधुमक्खी पालकों, लाभार्थियों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर सीबीआरटीआई, पुणे में आयोजित 'हनी प्रदर्शनी' का शुभारंभ भी अध्यक्ष, केवीआईसी मनोज कुमार ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस वर्ष 'विश्व मधुमक्खी दिवस' की थीम- "बी टूगेदर फॉर पीपूल एंड द प्लेनेट" - के अनुरूप आयोजित



कार्यक्रमों में मधुमक्खियों की पर्यावरण संरक्षण, कृषि उत्पादकता और जैव विविधता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष, केवीआईसी मनोज कुमार ने देशभर से वर्चुअल माध्यम से जुड़े प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष 'विश्व मधुमक्खी दिवस' के कार्यक्रमों का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा कम संसाधनों में प्रभावी आयोजन के विजन के अनुरूप वर्चुअल माध्यम से किया गया है। इससे न केवल अनावश्यक यात्रा और ईंधन की खपत में कमी आई, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की सहभागिता भी सुनिश्चित हुई।

## डीआईटी यूनिवर्सिटी के प्रबंधक पर मुकदमा दर्ज

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (सेनि) भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर घोषित तीन दिवसीय राजकीय शोक के नियमों का उल्लंघन करना डीआईटी यूनिवर्सिटी प्रबंधन को भारी पड़ गया है। शासन के सख्त निर्देशों के बावजूद परिसर में सांस्कृतिक व मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित करने पर दून पुलिस ने विश्वविद्यालय के प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दरअसल, राजकीय शोक के मद्देनजर निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखंड द्वारा 19 मई को एक पत्र जारी कर राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों में किसी भी प्रकार के मनो. रंजन या सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद, राजपुर रोड स्थित डीआईटी यूनिवर्सिटी में मंगलवार (19 मई) की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सरकारी आदेशों की सरेआम अवहेलना किए जाने पर राजपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने यूनिवर्सिटी के प्रबंधक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

## उत्तराखंड में हीट वेव से निपटने को स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल के दिशा-निर्देशों में उत्तराखंड का स्वास्थ्य विभाग भीषण गर्मी और संभावित हीट वेव से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से जारी एडवाइजरी के तहत सभी जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को हीट-सम्बंधित बीमारियों की रोकथाम और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। भारतीय मौसम विभाग द्वारा इस बार सामान्य से अधिक तापमान की संभावना जताए जाने के बाद राज्य सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए समय रहते व्यापक रणनीति लागू कर दी है, ताकि जनहानि को न्यूनतम रखा जा सके और स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह तैयार रहें।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से जारी निर्देशों में सभी जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को हीट-सम्बंधित बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन के लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा गया है। भारतीय मौसम विभाग द्वारा मार्च से मई के बीच सामान्य से अधिक तापमान की संभावना जताए जाने के बाद यह एडवाइजरी और भी अहम हो गई है।



### जिलों को जारी एडवाइजरी- हीटस्ट्रोक कक्ष, दवाओं की उपलब्धता और रोजाना रिपोर्टिंग अनिवार्य ■ हीट-सम्बंधित बीमारियों से होने वाली मौतों को रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: सचिव स्वास्थ्य

सरकार का लक्ष्य है कि समय रहते ठोस कदम उठाकर हीट स्ट्रोक और इससे होने वाली मौतों को न्यूनतम किया जा सके।

**अस्पतालों में विशेष इंतजाम:** राज्य के जिला और उप-जिला अस्पतालों में हीटस्ट्रोक कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन कक्षों में मरीजों को तत्काल राहत देने के लिए कूलिंग सिस्टम, आइस पैक, ठंडे आईवी फ्लूइड और पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। पहले ठंडा करें, फिर परिवहन करें प्रोटोकॉल को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया गया है, ताकि गंभीर मरीजों की जान बचाई जा सके। इसके अलावा व्, इलेक्ट्रोलाइट्स और अन्य जरूरी दवाओं की 100 प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**रोजाना निगरानी और रिपोर्टिंग के निर्देश:** हीट वेव के प्रभाव पर नजर रखने के लिए 1 मार्च 2026 से दैनिक रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी गई है। सभी जिला इकाइयों को आईएचआईपी प्लेटफॉर्म पर हीट-सम्बंधित मामलों की रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। मरीज-स्तर की जानकारी संकलित करने के साथ-साथ संदिग्ध मौतों की जांच और ऑडिट भी किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने साफ किया है कि डेटा की गुणवत्ता और समयबद्ध रिपोर्टिंग में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**संवेदनशील वर्ग पर खास फोकस:** एडवाइजरी में शिशुओं, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बाहरी कार्य करने वाले श्रमिकों को सबसे अधिक जोखिम वाला वर्ग बताया गया है। इन समूहों के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। लोगों को दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप से बचने, हल्के सूती कपड़े पहनने और नियमित रूप से पानी पीने की सलाह दी गई है। साथ ही ठंडे इलाकों से आने वाले लोगों को 10-15 दिन का अनुकूलन समय देने की बात भी कही गई है।

**सार्वजनिक आयोजनों के लिए गाइडलाइन:** गर्मी के दौरान होने वाले सामूहिक आयोजनों और खेल गतिविधियों के लिए भी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। दोपहर के समय बाहरी कार्यक्रमों से बचने और हर व्यक्ति के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। बड़े आयोजनों में चिकित्सा टीमों की तैनाती, ओआरएस और आइस बॉक्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### हीट-सम्बंधित बीमारियों से होने वाली मौतों को रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता- कुर्वे

स्वास्थ्य सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कि राज्य सरकार हीट वेव की चुनौती को लेकर पूरी तरह गंभीर है और सभी जिलों को समय रहते तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में हीटस्ट्रोक कक्ष, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और प्रशिक्षित चिकित्सा स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। कुर्वे ने स्पष्ट किया कि हीट-सम्बंधित बीमारियों से होने वाली मौतों को रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, विशेषकर दोपहर के समय धूप में निकलने से बचें और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें।

### हीट वेव से निपटने के लिए राज्यभर में माइक्रो-लेवल प्लानिंग- मनुज

एनएचएम के मिशन निदेशक मनुज गोयल ने बताया कि हीट वेव से निपटने के लिए राज्यभर में माइक्रो-लेवल प्लानिंग की जा रही है। सभी स्वास्थ्य इकाइयों को अलर्ट पर रखा गया है और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्प्प्च पोर्टल के माध्यम से रियल-टाइम निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई संभव हो सके।

## सरकार बहादुर पुलिस कर्मियों को करे पुरस्कृत: धस्माना

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** हरिद्वार रोड स्थित पेनिसिया अस्पताल में हुए ऐसी ब्लास्ट से भड़की आग से झुलसे हुए मरीजों व पुलिस कर्मियों का हाल चाल देखने उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना कैलाश अस्पताल पहुंचे और वहां पहले से मरीजों का हाल जानने आए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से पैनीसिया समेत प्रदेश में मानकों के खिलाफ चल रहे तमाम फर्जी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से कहा कि आज जिस पेनिसिया अस्पताल में आग लगी है वो एक पूरा रैकेट चला रहे हैं जिसमें देहरादून के अनेक डाक्टर, 108 एम्बुलेंस के अनेक संचालक व इस अस्पताल का प्रबंधन शामिल है और इनको ऊंची पहुंच वाले लोगों का संरक्षण



### मानकों के खिलाफ चल रहे पेनिसिया अस्पताल के खिलाफ हो कार्रवाई: कांग्रेस

हासिल है। स्वास्थ्य मंत्री ने धस्माना को आवश्यक और सख्त कार्यवाही का आश्वासन दिया। धस्माना ने अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों से मुलाकात की व उनकी कुशलक्षेम पूछी, उन्होंने मरीजों को बचाने में झुलसे पुलिस कर्मियों को शाबाशी दी व डीजीपी व राज्य सरकार से उनको पुरस्कृत करने की मांग भी की। अस्पताल के सीनियर प्रबंधक पवन शर्मा ने बताया कि आग लगने के तत्काल बाद सूचना मिलते ही कैलाश अस्पताल की एम्बुलेंस में सभी मरीजों को जो पैनीशिया में भर्ती थे शिफ्ट कर लिया गया, एक मरीज मृत आया था व बारह मरीज अस्पताल में हैं जिनका इलाज चल रहा है। धस्माना ने शर्मा से सभी मरीजों की ठीक से देखभाल करने का आग्रह किया।

## देहरादून में लू का अलर्ट चालीस डिग्री पार जाएगा पारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून और आसपास के मैदानी इलाकों में सूरज की तपिश अब झुलसाने वाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की चेतावनी के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को चौबीसों घंटे अलर्ट मोड पर डाल दिया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे मैदानी क्षेत्रों और दून नगर में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस के पार जाने की प्रबल आशंका है। वहीं जौलीग्रांट एवं डोईवाला क्षेत्रों में तापमान पैंतीस से चालीस डिग्री सेल्सियस के मध्य रहने की संभावना है।

स्थिति की गंभीरता को देखते

### चेतावनी के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, नगर निकाय, श्रम और शिक्षा सहित सभी संबंधित विभागों को हाई अलर्ट पर रहने और आपसी तालमेल से काम करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे जिले के सभी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं, जीवन रक्षक घोल (ओआरएस) और बोतलों (आईवी फ्लूइड्स) का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें। लू लगने (हीट स्ट्रोक) और शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) से पीड़ित मरीजों के त्वरित इलाज के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## घबराहट में भाजपा अब कुश्ती के नियम तोड़ रही: गोदियाल

### हारते हुए पहलवान की तरह दांत काट रही है भाजपा, पार्टी की और से संचालित पेजों से माहौल बिगाड़ने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददात**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा, जैसे कुश्ती के नियम में कायदे होते हैं, मगर कई बार देखा गया है कि जो पहलवान हार रहा होता है, वह दांत काट लेता है। वैसे ही भाजपा हारते हुए खुद को देख रही है और पीछे से वार कर रही है।

बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारो से बात करते हुए भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए गोदियाल ने कहा कि हार की घबराहट में भाजपा अब कुश्ती के नियम तोड़ रही है। कई बार देखा गया है कि जो पहलवान हार रहा होता है, वह दांत काट लेता है। वैसे ही भाजपा हारते हुए खुद को देख रही है और पीछे से वार कर रही है। उन्होंने कहा की भाजपा सीधे तरीके से कांग्रेस से मुकाबला नहीं कर सकती इसलिए कांग्रेस के नेताओं और पार्टी के खिलाफ अपनी पार्टी के द्वारा संचा. लित पेजों से माहौल बिगाड़ने का काम कर रही है।

### पीसीसी का विस्तार छानबीन के बाद ही होगा

संगठनात्मक तैयारियाँ को लेकर गोदियाल ने साफ संकेत दिए उन्होंने कहा कि पूर्ण पीसीसी कार्यकारिणी का विस्तार छानबीन के बाद ही होगा। एआईसीसी प्रभारी के तीसरे दौरे के बाद सूची जारी होने की संभावना है, कार्यकारिणी में कारगर और योग्य लोगों को स्थान दिया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में काम किया जाएगा। हमारा जोश, और हमारे बड़े नेताओ का जज्बा और अनुभव, यही कॉम्बिनेशन हमारे चुनावी अभियान में काम करेगा।

### अंकिता भंडारी प्रकरण में सीबीआई जांच कहाँ पहुँची?

नितिन नवीन के दौरे के सवाल पर गोदियाल ने कहा, उनके आने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हम यही कह रहे हैं कि जब नितिन नवीन आएं तो उनसे पूछा जाए-अंकिता भंडारी प्रकरण में सीबीआई जांच कहाँ पहुँची? हर घर नल, हर घर जल योजना की हकीकत क्या है? बिगड़ी कानून व्यवस्था पर क्या कहना है? गणेश गोदियाल ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस अब 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरी ताकत के साथ जुटी है और कोई भी बाहरी हस्तक्षेप पार्टी को विचलित नहीं कर पाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## 'टीबी मुक्त भारत' मिशन को किया मजबूत

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददात**

**देहरादून।** सीआईआई उत्तराखंड ने हिमालय वेलनेस कंपनी के साथ साझेदारी में टीबी मुक्त कार्यस्थल अभियान के तहत टीबी रोगियों को विशेष सहायता प्रदान की, जिससे राष्ट्रीय टीबी मुक्त भारत मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। सीआईआई टीबी मुक्त कार्यस्थल अभियान, सीआईआई की और से भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय टीबी विभाग के सहयोग से शुरू की गई एक पहल है। यह उद्योगों को कर्मचारियों के कल्याण, जागरूकता, रोकथाम और समय पर उपचार सहायता पर ध्यान



केंद्रित करके टीबी मुक्त कार्यस्थल बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

सीआईआई उत्तराखंड के पूर्व अध्यक्ष और हिमालय वेलनेस कंपनी के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक ने कहा, टीबी एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। उद्योग, स्वास्थ्य संस्थानों और समुदायों की सामूहिक कार्रवाई भारत को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण गति प्रदान कर सकती है।

हिमालय वेलनेस कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में राज्य भर में 300 से अधिक टीबी रोगियों को सहायता प्रदान की है, जिसमें प्रत्येक रोगी को तीन साल की अवधि के लिए सहायता मिली है।

## भाजपा की चिंता छोड़ अपने अखाड़े की सुध ले कांग्रेस: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस भाजपा की चिंता छोड़कर अपने अखाड़े मे चल रही नूरा कुश्ती पर ध्यान केंद्रित करे तो बेहतर है।

कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस मे सिर फुट्टबल जग जाहिर है और आम बात हो गयी है। कांग्रेस के शीर्ष पुरुष चतुर्भुज नेतृत्व के बाद कोप भवन मे है और समानांतर संगठन चला रहे हैं। वहीं चुनाव के लिए चार महारथियों को लेकर खुले आम कांग्रेसी कार्यकर्ता तलवार भाँज रहे हैं।

चौहान ने कहा कि कार्यकर्ता आधारित भाजपा अनुशासन से बंधी होती है और इसके लिए नेता और कार्यकर्ता समान होते हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा महज चुनाव के समय सक्रिय नही होती, बल्कि सरकार गठन के पहले दिन से ही पूरे 5 साल जनता के बीच मे होती है। इसलिए भाजपा विकास के बूते जन आशीर्वाद प्राप्त करती है और हार जैसी बात हास्यास्पद है।

चौहान ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं जबकि कांग्रेस हताश और निराश हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति यह है कि अधिकांश सीटों पर उनके पास चुनाव के लिए प्रत्याशी नही हैं। कांग्रेस महज दुष्प्रचार की नाँव पर बैठकर चुनाव जीतने का ख्वाब देख रही है जो कि हास्यास्पद है।

चौहान ने कहा कि अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच अन्य जांच की भाँति चल रही है, लेकिन कांग्रेस इससे बैकफुट आ गयी, क्योकि इससे कांग्रेस का एजेंडा आगे नही बढ़ पाया।

उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व मे हुए ऐतिहा. सिक कार्यो से जनता खुश है। युवा, महिला और हर वर्ग मे उत्साह है और कांग्रेस को सबक सिखाने को तैयार है। कांग्रेस मे बाहरी हस्तक्षेप की जरूरत नही है, क्योंकि कांग्रेस के खुले अखाड़े मे उनके पहलवान ही उसकी नाव डुबोने के लिए पर्याप्त हैं।



### युवा, महिला और हर वर्ग में उत्साह, कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए तैयार

# सीवरेज कार्यों के बाद सड़कों की मरम्मत तेज
# डीएम ने पांद दिन में कार्य पूरा करने के दिये निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार शहर के अंतर्गत सीवरेज कार्य हेतु खोदी गई सड़कों से क्षेत्रीय जनता, व्यापारियों को कोई परेशानी न हो तथा सभी का आवागमन सुगमता से हो इसके मद्देनजर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने है दिन चल रहे सीवरेज निर्माण कार्यों एवं खोदी गई सड़कों के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित आधिकारियों एवं कांट्रेक्टर को त्वरित गति कार्य करते करने के निर्देश दिए,जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए है कि भारत माता मंदिर रोड क्षेत्रांतर्गत सिवरेज कार्य हेतु जो सड़क खोदी गई है,उस सड़क के मरम्मत कार्य को 05 दिन कि भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए है की चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सीवरेज कार्य हेतु जो भी सड़के खोदी गयी है उन सड़कों का हर हाल में मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में उत्तराखंड पेयजल निगम एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा त्वरित गति से कार्य किए जा रहे है। परियोजना प्रबंधक निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा उत्तराखंड पेयजल निगम मिनाक्षी मित्तल ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में केएफडब्लयू वित्त पोषित हरिद्वार जलोत्सारण योजना पैकेज 01 एवं पैकेज 02 के अंतर्गत कराए जा रहे सड़क पुनर्निर्माण संबंधी कार्य जिसके तहत 19 मई को किए गए निर्माण कार्यों का विवरण निम्नवत है जिसमें- पैकेज 01 के अंतर्गत सूरजपुर कॉलोनी सीसी रोड 10 मीटर,शांति मार्ग सीसी रोड 66.8 मीटर,इंडस्ट्रियल एरिया बीटी रोड 180 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है,कुल 256.8 कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा पैकेज 02 के अंतर्गत द्वारिका विहार पावर ब्लॉक 48 मीटर, मीटर,महेंद्रा विहार पावर ब्लॉक 10 मीटर,रतन वाटिका सीसी रोड 46 मीटर,अजितेश विहार पावर ब्लॉक 30 मीटर,गणपतिधाम फेस 2 पावर ब्लॉक 28 मीटर,गणपतिधाम फेस 3 पावर ब्लॉक 30,त्रिलोक नगर पावर ब्लॉक 42 मीटर,राज विहार फेस सीसी रोड 85 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा कुल 319 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सड़कों का कार्य दिन-रात त्वरित गति से किए जा रहे है।

## वन मंत्री सुबोध उनियाल ने किया श्यामपुर रेंज का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्यामपुर रेंज में विगत दिनों मारे गए नर एवं मादा टाईगर के सम्बन्ध में वन मंत्री सुबोध उनियाल एवं राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर दो दिन पूर्व वन गुर्जरों द्वारा टाइगर के नर और मादा शावकों की हत्या करने के मामले में घटनास्थल का निरीक्षण कर जायज लिया। इस अवसर पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अनिरुद्ध स्वप्निल (आईएफएस)एसडीओ पूनम कैंथोला रेंजर विनय कुमार राठी आदि मौजूद रहे।

# संतों ने दी पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूरी को श्रद्धांजलि

## देश व राज्य के विकास में स्व .बीसी खंडूरी का योगदान हमेशा रखा जाएगा याद : कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत डा.रविंद्र पुरी, निरंजन पीठीधीश्वर आचार्य म.मं. स्वामी डा. कैलाशानंद गिरी, जयराम पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी ने खड़खड़ी शमशान घाट पहुंचकर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (से.नि.) स्व.बीसी खंडूड़ी के पार्थिव शरीर पर चादर व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद खंडूरी ने पहले सेना और उसके बाद राजनीति के माध्यम से देश सेवा में अनुकरणीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सड़क परिहवन मंत्री और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पद रहते पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद खंडूरी ने राजनीति के माध्यम से देश सेवा में अनुकरणीय योगदान दिया जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।



अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि राष्ट्र सेवा और जनकल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूड़ी एक ईमानदार, अनुशासित और दूरदर्शी राजनेता थे। उन्होंने कहा कि मां गंगा उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दे। जयराम पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी व म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि सख्त प्रशासक के रूप में पहचान बनाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद्र खंडूरी का उत्तराखंड की राजनीति में विशेष स्थान रहा है। स्वामी यतिन्द्रानंद गिरी, स्वामी हरिचेतनानंद, आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरूण गिरी, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत बलवंत सिंह, स्वामी शिवम महंत, आईडी शास्त्री, मधुर शर्मा आदि ने भी स्व. बीसी खंडूरी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## संक्षिप्त खबर

### छत पर सो रहा था परिवार, नीचे कमरे से जेवर व नकदी चोरी

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में एक घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, 20 मई 2026 की रात करीब 11 बजे परिवार के सदस्य अपने घर की छत पर सोने चले गए थे। सुबह नीचे आने पर कमरे में रखा सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से सोने की पायल, अंगूठियां, नोज पिन, चांदी के आभूषण समेत करीब 40 हजार रुपये नकद गायब मिले। बताया गया कि यह रकम परिवार ने शादी के लिए जमा की थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि अज्ञात चोर घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मामले की सूचना 112 पुलिस को दी। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि पुलिस तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे पुलिस टीम चेक कर रही है जल्द से जल्द आरोपियों को पड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ड्रिंक एंड ड्राइव में दो वाहन चालक गिरफ्तार

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को सीज कर दिया। मंगलवार रात रैश ड्राइविंग और ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान विष्णुलोक कॉलोनी स्थित सोलर प्लांट के पास दो युवक नशे की हालत में वाहन चलाते मिले। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अनिल निवासी बिजनौर हाल निवासी कनखल और दीपांशु निवासी ज्वालापुर के रूप में हुई। मेडिकल परीक्षण के बाद दोनों के खिलाफ धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर वाहनों को सीज किया गया। इंस्पेक्टर मनोहर भंडारी ने बताया कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुबोध घिल्डियाल, कांस्टेबल नरेन्द्र राणा और कांस्टेबल अमित राणा शामिल रहे।

### खेतों से सिंचाई मोटर चोरी, किसान परेशान

**बहादराबाद।** ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही सिंचाई मोटरों की चोरी से किसानों में दहशत का माहौल है। सहदेवपुर गांव निवासी किसान राजेश ने बताया कि 19 मई की शाम वह खेत में सिंचाई करने के बाद ट्यूबवेल बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह खेत पहुंचने पर सिंचाई मोटर गायब मिली। अज्ञात चोर रात में मोटर चोरी कर ले गए। वहीं अहमदपुर ग्रन्ट गांव में किसान दीपक के खेत से भी सिंचाई की पानी की मोटर चोरी हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी कई गांवों में मोटर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे किसानों में भय बना हुआ है। किसानों का कहना है कि सिंचाई मोटरें महंगी होती हैं और चोरी होने से खेती का काम प्रभावित हो रहा है। लगातार बढ़ रही घटनाओं के बाद अब कई ग्रामीण रात में खेतों पर पहरा देने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में हड़ताल पर रहे मेडिकल स्टोर संचालक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर बुधवार को देशभर में केमिस्ट एवं ड्रगिस्टों की एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का हरिद्वार में भी व्यापक असर दिखाई दिया। हड़ताल के समर्थन में शहर के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपनी दुकानें बंद रखी। इस दौरान दवा विक्रेताओं ने उत्तरांचल औषधि व्यवसायी महासंघ के बैनर तले चंद्राचार्य चौक के समीप सूर्या कॉम्पलेक्स के सामने सड़क पर धरना प्रदर्शन किया और ऑनलाइन दवा बिक्री, बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के दवाओं की होम डिलीवरी और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की डीप डिस्काउंटिंग नीति के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन प्रेषित किया। उत्तरांचल औषधि व्यवसायी महासंघ के महामंत्री अमित गर्ग ने कहा कि बिना वैध एवं सत्यापित



चिकित्सकीय पर्चों के दवाओं की ऑनलाइन बिक्री और होम डिलीवरी की जा रही है, जो जन स्वास्थ्य और मरीजों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दवा प्लेटफॉर्म्स की अत्यधिक छूट यानी डीप डिस्काउंटिंग नीति के कारण छोटे और लाइसेंसधारी केमिस्टों का व्यापार गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। मांग की कि जीएसआर 817(इ) और जीएसआर 220(इ) को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। क्योंकि इनका दुरुपयोग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और क्विक कॉमर्स कंपनियां दवाओं की अनियंत्रित डिलीवरी के लिए कर रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मरीजों की सुरक्षा, जन स्वास्थ्य और लाखों छोटे लाइसेंसधारी केमिस्टों एवं उनके कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए तत्काल प्रभावी और सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। अजय गर्ग एवं अनिल अरोड़ा ने कहा कि दवाओं की अवैध ऑनलाइन गतिविधियों के संबंध में कई बार ज्ञापन और प्रमाण प्रस्तुत किए जाने के बाद भी संबंधित प्राधिकरणों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि दवाइयां सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं हैं और बिना उचित सत्यापन के दवाओं की ऑनलाइन बिक्री जन स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। इस दौरान अमित गर्ग, अजय गर्ग, अनिल अरोड़ा, अतुल जैन, सत्येंद्र चौधरी, पंकज गोयल, राजीव पाराशर, रोबिन ग्रोवर, मुकेश कुमार, महिपाल सैनी, नितिन गुप्ता, मनोज कुमार सिह, राजेश अरोड़ा, सुरेश गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, विक्रम विरमाणी, आशीष तिवारी, राजू अरोड़ा, धीरज अरोड़ा, अनुपम शर्मा, अखिलेश शर्मा, विभोर मिश्रा, हेमंत सेमवाल, शुभम हीरचंदानी, जयपाल चौहान, सागर अरोड़ा, सचिन सकलानी, अवधेश कुमार, अनुज चांदना, विनय गुलाटी, नफीस अंसारी, संजय सैनी, आदर्श चौहान बृजेश कुमार, नवीन सिंह, शुभम गुप्ता, नरेंद्र सचदेवा, सुशील सचदेवा आदि मेडिकल स्टोर संचालक शामिल रहे।

# राजकीय सम्मान के साथ दी गयी पुलिस के श्वान रॉक्सी को अंतिम सलामी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पुलिस विभाग के प्रशिक्षित श्वान रॉक्सी को पुलिस लाइन रोशनाबाद में पूरे सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। रॉक्सी ने अपने सेवाकाल के दौरान कुंभ मेला, कांवड़ मेला तथा हरिद्वार में होने वाले बड़े मेलो व नियमित हरकी पैड़ी तथा पुरानी कलियर चौकिंग में विस्फोटक एवं बारूदी पदार्थों की जानकारी जुटाने में विशेष दक्षता प्रदर्शित करते हुए अनेक महत्वपूर्ण ड्यूटियों में अपनी उपयोगिता सिद्ध की। लगभग 12 वर्ष की आयु तक रॉक्सी ने पुलिस विभाग में पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं सतर्कता के साथ अपनी सेवाएं दीं। सुरक्षा अभियानों, वीआईपी ड्यूटी, चेकिंग अभियानों एवं संवेदनशील आयोजनों में रॉक्सी की



भूमिका सराहनीय रही। अंतिम सलामी कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन सुरेंद्र प्रसाद बलूनी प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बीडीएस स्टाफ एवं कर्मचारियों ने रॉक्सी को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उसकी सेवाओं को याद किया।

# ट्रक से बुजुर्ग को कुचलने वाले ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली के गुरुद्वारा रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को कुचल दिया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, लोधामंडी ज्वालापुर के रहने वाले यामीन ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनके 75 वर्षीय पिता नूरअहमद 16 मई की सुबह करीब 3:40 बजे घर से हुसैनिया मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए निकले थे। जैसे ही वह गुरुद्वारा रोड पर शिव साउंड सर्विस के सामने पहुंचे, तभी ट्रक संख्या (UP26AT 1709) के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें कुचल दिया। जिससे नूरअहमद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक समेत भागने में कामयाब रहा।

ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार ट्रक की पहचान कर ली गई है। चालक की तलाश के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# काठा पीर मेले की सुरक्षा व पारदर्शी व्यवस्था को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र स्थित जंगल में शाह मोहम्मद शाह उर्फ काठा पीर मेले को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी लक्सर को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को ग्राम पंचायत धनपुरा एवं आसपास के ग्रामीणों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने लक्सर एसडीएम, थाना पथरी प्रभारी तथा जिलाधिकारी हरिद्वार से मुलाकात कर मेले की व्यवस्थाओं को मजबूत करने की मांग की है।प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं, जायरीन तथा दूर-दराज से आने वाले छोटे-बड़े दुकानदारों को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण मिलना चाहिए। मेले का संचालन पूरी पारदर्शिता और नियमों



के तहत कराया जाए ताकि मेले की ऐतिहासिक पहचान और गरिमा बनी रहे। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व वर्षों में कुछ ठेकेदारों द्वारा दुकानदारों से जबरन तहबाजारी वसूली के लिए बाहरी लोगों और असामाजिक तत्वों का सहारा लिया जाता था, जिससे छोटे व्यापारियों को डर और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता था। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट कहा कि इस बार मेले में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी, डराने-धमकाने या अवैध वसूली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही मेले में महिलाओं, बच्चों और परिवारों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की गई, ताकि किसी भी प्रकार की हुल्लड़बाजी, छेड़खानी या असामाजिक गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाई जा सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। अधिकारियों ने कहा कि मेले में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले, अवैध वसूली करने वाले या माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मेले में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने भी प्रशासन को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की जनता मेले को भाईचारे और सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पूरा सहयोग करेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में मौ. सलीम (सामाजिक कार्यकर्ता), मुस्तफा अंसारी (क्षेत्र पंचायत सदस्य), गब्बर सिंह पवार, सलीम अहमद उप प्रधान, सोनू चौहान, आनंद चौहान, परवेज अहमद, मौ. जब्बार सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# पत्रकारों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी : वालिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला प्रेस क्लब हरिद्वार की मध्य हरिद्वार स्थित बैठक में आगामी 30 मई को मनाए जाने वाले पत्रकारिता दिवस को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी और विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान, पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों तथा सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान पत्रकारों के साथ आए दिन होने वाले उत्पीड़न, शोषण एवं अभद्र व्यवहार के मामलों पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। इस मौके पर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जाना बेहद आवश्यक है। इसलिए सरकार से पत्रकार सुरक्षा आयोग के गठन की मांग उठाई गई, ताकि पत्रकारों की



समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके और उन्हें सुरक्षित वातावरण मिल सके। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने पत्रकार एकता को मजबूत करने तथा पत्रकार हितों के लिए संगठित होकर कार्य करने का संकल्प भी लिया। बैठक के दौरान उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवनचंद्र खंडूड़ी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित पत्रकारों एवं पदाधिकारियों ने उनके योगदान को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री अनिल बिष्ट, मुमताज आलम खान, राकेश वर्मा, सुमित वर्मा, त्रिवेश जयमनी, अशोक पांडे, मोहन राजा, सनोज कश्यप, नदीम सलमानी, नईम कुरैशी, रोहित वर्मा, सद्दाम हुसैन, गणेश भट्ट, सर्वेंद्र कुमार, दीपक झा, भानू पाण्डेय, फुरकान अंसारी, मुनव्वर कुरैशी, मनोज कश्यप सहित सभी पदाधिकारी व सदस्य पत्रकार मौजूद रहे।

# पुलिस ने अवैध स्मेक, डिजिटल तराजू के साथ युवक दबोचा, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** कोतवाली क्षेत्र की पुलिस ने गस्त के दौरान एक व्यक्ति को स्मेक, डिजिटल तराजू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पुलिस उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट के नेतृत्व में क्षेत्र में अवैध शराब, स्मेक, चरस व गांजा की तस्करी को रोकने के लिये गस्त कर रही थी जैसे ही पुलिस नहर की पटरी पर पहुंची तो एक व्यक्ति सन्धिग्घ दिखाई दिया। पुलिस को देख उंसने भागने का प्रयास किया पुलिस ने उनका पीछाकर उसे दबोच लिया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसमें से 12. 84 ग्राम स्मेक, डिजिटल तराजू व मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस आरोपित को थाना बहादराबाद ले आई पूछताछ पर आरोपी अपना



नाम विनीत चौधरी निवासी खानपुर, भगवानपुर बताया। सख्ती से पूछताछ पर उंसने स्मेक को बरेली से नबी नामक व्यक्ति से खरीदना होना बताया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की बैठक कृषि उत्पादन मंडी समिति के सभागार में आयोजित की गयी। बी. पी. चौहान की अध्यक्षता और महामंत्री जेपी चाहर के संचालन में आयोजित बैठक में प्रांतीय चुनाव प्रक्रिया को नियम विरुद्ध बताते हुए इसे चुनौती देने का फैसला किया गया। बैठक में प्रस्ताव पारित कर 9 जून को रुड़की में नियम विरुद्ध आहूत सभा को अवैध बताते हुए इसकी शिकायत उपनिबंधक, फर्म सोसाइटी एवं चिट्स सहित संबंधित को भेजने का निर्णय भी लिया गया है। बैठक में उप निबंधक के पर्यवेक्षण में चुनाव कराने और विधिवत चुनाव होने तक निवर्तमान कार्यकारिणी और कोष की गतिविधियों पर रोक लगाए जाने की मांग भी की गयी। जिला महामंत्री जेपी चाहर ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में प्रांतीय संरक्षक राम कुमार अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष एमके अग्रवाल, प्रांत के क्षेत्रीय पर्यवेक्षक वीके गुप्ता, जोनल उपाध्यक्ष एलसी पाण्डेय आदि प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रांत से वार्ता करने का अधिकार दिया गया है। जेपी चाहर ने बताया कि बैठक के दौरान मई माह में जन्मे पेंशनर्स का सामूहिक जन्मदिन मनाया गया और दिल्ली में अखिल भारतीय संस्था द्वारा चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित पेंशनर एसपी चमोली को सम्मानित किया गया तथा पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूरी सहित संगठन के दिवंगत सदस्यों



को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में जिलाध्यक्ष बीपी चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एल सी पाण्डेय, उपाध्यक्ष बीपी सिंह सैनी, सुखवंश सिंह, भूपेंद्र सिंह, एचसी पाण्डेय, आरके जोशी, मंजू सिंह, रामसरीख, रमेश पंत, मुकुल पाण्डेय, विजयलक्ष्मी पोखरियाल, अरविंद कश्यप, विमलेश शर्मा, कुंअर सिंह, रमेश कुमार, रेशम सिंह, एसपी चमोली आदि मौजूद रहे।

# कथित डकैती की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार सात आरोपी बरी

## वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग श्रीकुंज व युवा अधिवक्ता शोपीन चौधरी की मजबूत पैरवी के चलते मिला इंसाफ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरकी पैड़ी क्षेत्र में कथित डकैती की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किए गए सात युवकों को अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरिद्वार की अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह



से परे साबित करने में पूरी तरह विफल रहा। अदालत ने पुलिस की कार्रवाई और गवाहों के बयानों में कई विरोधाभास पाए, जिसके चलते सभी आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग श्रीकुंज व युवा अधिवक्ता शोपीन चौधरी की मजबूत पैरवी के चलते सातों लोगों को अदालत से इंसाफ मिल गया।

अदालत से बरी किए गए आरोपियों में रवि पुत्र उमेश सिंह निवासी महरौली दिल्ली, राजीव पुत्र रमेश निवासी बदायूं उत्तर प्रदेश, कृष्णा पुत्र प्रवीण कुमार निवासी मेरठ, रवि पुत्र तेजराम निवासी फर्रुखाबाद, जितेंद्र पुत्र मक्का निवासी कन्नौज, रजत गोस्वामी पुत्र मनोज गोस्वामी निवासी



जोगियामंडी हरिद्वार और विपिन पुत्र तेजराम निवासी फर्रुखाबाद शामिल हैं। मामला जून 2024 का है। पुलिस के अनुसार हरकी पैड़ी क्षेत्र स्थित जोगियामंडी के एक खंडहरनुमा निर्माणाधीन मकान में कुछ युवक डकैती की योजना बना रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर सात आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से हथौड़ी, प्लास, पेचकस और अन्य औजार बरामद होने की बात कही थी। इसके बाद सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 399 और 402 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने चार पुलिसकर्मियों को गवाह के रूप में पेश किया, लेकिन अदालत ने पाया कि घटना के समय, गिरफ्तारी, बरामदगी और मौके की परिस्थितियों को लेकर गवाहों के बयान एक-दूसरे से मेल नहीं खाते। अदालत ने यह भी माना कि कथित बरामद औजार सामान्य बाजार में आसानी से उपलब्ध होने वाले उपकरण हैं और केवल इनके मिलने भर से डकैती की तैयारी साबित नहीं होती। फैसले में अदालत ने कहा कि किसी भी आपराधिक मामले में अभियोजन को आरोप बिना किसी उचित संदेह के साबित करने होते हैं, लेकिन इस मामले में पुलिस ऐसा करने में सफल नहीं हो सकी। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि केवल पुलिसकर्मियों के बयान पर्याप्त नहीं माने जा सकते, जब तक कि घटनाक्रम का समर्थन करने वाले स्वतंत्र और ठोस साक्ष्य मौजूद न हों। करीब दो वर्ष तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने सभी सात आरोपियों को बाइज्जत बरी करने का आदेश दिया।

# बदहाल सड़क से ग्रामीण परेशान, सहदेवपुर-रुड़की मार्ग की मरम्मत की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र के गांव सहदेवपुर से होते हुए भारापुर, बढ़ेडी की ओर जाने वाली सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। इसके चलते लोगों को इस सड़क पर आने-जाने में काफी परेशान होना पड़ता है। आलम यह है कि सड़क पर दो-दो फुट के गड्ढे हुए पड़े हैं। ऐसे में कई बार लोग गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे है और दोपहिया वाहनों की दुर्गति हो रही है। इस सड़क से आसपास के गांव के लोग जो कि अपनी जमीन पर खेती करते है वे भी इसी सड़क से आते-जाते हैं। जितेंद्र, ऋषिपाल, विरेन्द्र आदि ग्रामीणों का कहना है कि वे लोग अकसर अपनी फसल को भी इसी सड़क से लाते है। सड़क टूटी होने के कारण उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा दिक्कत गांव अहमदपुर के ग्रामीणों को उठानी पड़ती है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार किसी बीमार व्यक्ति व गर्भवती



महिला को इलाज के लिए गांव से बाहर ले जाना होता है तो इस टूटी हुई सड़क पर बने गड्ढों में से होकर मरीजों को ले जाते हुए उनकी जान पर बन आती है। ऐसे में यह टूटी सड़क एक व्यस्त मार्ग है। लोगों की मांग है कि टूटी हुई सड़क की तरफ प्रशासन ध्यान दें और जल्द से जल्द इसे ठीक करवाएं। ग्रामीण राजेन्द्र सैनी ने बताया कि सहदेवपुर से रुड़की मार्ग को जोड़ने वाली सड़क की हालत बहुत खराब है अगर यह सड़क ठीक हो जाये तो ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

**सूचना बेदखली संबंध विच्छेद**

मेरा पुत्र अंकित मेरे कहने सुनने में नहीं है इसलिए में उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन एवं गलत कृत्यों का वह खुद जिम्मेदार होगा। जिसमें मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। फूल सिंह पुत्र विशना निवासी गांव फतवा थाना कोतवाली लक्सर जिला हरिद्वार

# मांगों को लेकर पछवादून में मेडिकल स्टोर बंद



■ केमिस्ट एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर सरकार व संबंधित विभागों के खिलाफ जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पछुवादून क्षेत्र में बुधवार को केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर मेडिकल स्टोर बंद रहे। इस दौरान विकासनगर में केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रदर्शन कर सरकार और संबंधित विभागों के खिलाफ नारा. जगी जताई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में दवा व्यापारियों ने भाग लेते हुए अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

प्रदर्शन के दौरान दवा व्यापारियों ने कहा कि लंबे समय से उनकी विभिन्न समस्याएं और मांगें लंबित हैं, लेकिन अब तक उनका समाधान नहीं किया गया है। इससे दवा व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

केमिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक उमाकांत अग्रवाल ने कहा कि दवा व्यापारी स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, लेकिन उनकी समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों की मांगें पूरी तरह जायज हैं और सरकार को इस विषय में गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन भविष्य में बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

वहीं जिला महामंत्री सुभाष सकलानी ने कहा कि केमिस्ट एसोसिएशन हमेशा नियमों के तहत कार्य करती आई है, लेकिन लगातार बढ़ती परेशानियों और अनदेखी के चलते दवा व्यापारियों में असंतोष बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि संगठन अपनी मांगों को लेकर एकजुट है और जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन में अध्यक्ष कुंवरजीत भंडारी, प्रवीण जैन, राजकुमार शर्मा, बलजीत शर्मा, जवाहर राणा, दिनेश अग्रवाल, मनोज जैन, मिस्टर धीमान, सरवन, तनवीर, संघवीर, जगबीर, नरदेव शर्मा, डॉ. नरेश, प्रकाश राणा, हरीश अरोड़ा, संजीव कुमार, गौरव गुप्ता, संजय चौहान, वासुदेव शर्मा, संजय शर्मा सहित अनेक दवा व्यापारी मौजूद रहे।

# गढ़वाल सभा में पूर्व मुख्यमंत्री खंडूरी को दी श्रद्धांजलि

■ स्व. खंडूरी के आदर्श और कार्यशैली समाज के लिए प्रेरणास्रोत: रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पछवादून गढ़वाल सभा में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूरी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और प्रदेश के प्रति उनके योगदान को याद किया।

गढ़वाल सभा अध्यक्ष रोशन नेगी ने कहा कि स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूरी ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में ईमानदारी, सादगी और जनसेवा की मिसाल पेश की। उन्होंने उत्तराखंड के विकास और आमजन के हितों के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए, जिन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि खंडूरी के आदर्श और कार्यशैली समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर लक्ष्मी कोठियाल, हेमचंद्र सकलानी, कैप्टन चंदन सिंह सजवाण, सुमन मोहन ममगाई, त्रिलोक सिंह रावत, कमलेश रावल, जयन्ती पटवाल, सुरेशानंद बेलवाल, देवीप्रसाद डंगवाल, पुरण चंद चंदोला, महेंद्र सिंह नेगी, सुभाष मंमगाई, बीना डोभाल, सुरेंद्र सिंह बिष्ट सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# एसओएस चिल्ड्न बाल ग्राम के नए हाउस का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी की ओर से एसओएस चिल्ड्न बालग्राम बौराडी के हाउस नंबर चार एवं पांच का समिति के साथ निरीक्षण किया गया। एसओएस बालग्राम भारत अपने फैमली लाइक कियर प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों को पारिवारकि वातावरण, अच्छी शिक्षा, उचित पालन पोषण, स्वास्थ्य सुविधाएं, भावनात्मक सहयोग तथा सकारात्मक वातावरण प्रदान कर रहे है। इसके साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी संचालित की जाती है। एसओएस चिल्ड्न विलेज भारत के 22 विभिन्न राज्यों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त एसओएस बालग्राम बौराडी नई टिहरी अपने फैमली स्ट्रेंथिंग प्रोग्राम के माध्यम से समुदाय क्षेत्रों से मुस्लिम मोहल्ला, केमशारी, निर्मल आवास आदि जगहों में करीब 350 बच्चों को सुविधाएं प्रदान कर रहा है। आज बौराडी एसओएस बालग्राम के फैमली लाइक केयर प्रोग्राम में दो नए फैमिली होम हाउस नंबर चार व पांच जोडे गए। समिति की ओर से दोनों नए फैमिली होम का निरीक्षण किया गया तथा बच्चों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, देखभाल एवं पारिवा. रिक वातावरण की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि यहां पर बच्चों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाए जिससे उनका बौद्धिक एवं मानसिक विकास हो सके। इस मौके पर डा. रीना सिंह, मनोवैज्ञानिक डा0 बृजेश डोभाल, एसीएमओ प्रेम सिंह, अधिवकता अमित रावत, जेजेबी सदस्य पूनम खंड शिक्षा अधिकारी नवीन भट्ट, संरक्षण अधिकारी सुखदेव बहुगुणा, शशांक चतुर्वेदी,, चिल्ड्न ग्राम बौराड की साक्षी आदि मौजूद रहे।

# बाबरिया गैंग के चेन स्नैचर कोटद्वार पुलिस की गिरफ्त में

■ पहले बातों में उलझाया3 और फिर सोने की चेन उड़ाई, हरियाणा के पानीपत से किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार निवासी एक महिला द्वारा कोतवाली कोटद्वार में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि 9 मई को वह कोटद्वार से घमण्डपुर की ओर विक्रम वाहन से जा रही थीं।

यात्रा के दौरान उनके समीप बैठे कुछ अज्ञात व्यक्तियों और महिलाओं द्वारा बातचीत एवं धक्का-मुक्की का बहाना बनाकर उनके गले में पहनी सोने की चेन चोरी कर ली गयी तथा अभियुक्त मौके से फरार हो गये। इस संबंध में कोतवाली कोटद्वार में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोटद्वार के नेतृत्व में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से लेकर विभिन्न मार्गों एवं चौराहों पर लगे लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से परीक्षण किया गया। सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर खास की सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयास करते हुए घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों राजेन्द्र उर्फ नरेश निवासी पानीपत व मुस्कान निवासी- हरियाणा को 19 मई को पानीपत, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त राजेन्द्र उर्फ नरेश के आपराधिक इतिहास की जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्त एक शातिर एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सेक्टर-29, पानीपत, हरियाणा में लूट, चेन स्नैचिंग एवं अन्य आपराधिक घटनाओं से संबंधित कुल 12 अभियोग पंजीकृत हैं। आरोपियों ने पूछताछ मे बताया कि वे बाबरिया जाति से संबंधित हैं तथा वर्तमान में पानीपत में निवास कर रहे हैं। अभियुक्तगणों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से 09 मई को एक कार से महिलाओं के पहने हुए सोने के आभूषण चोरी करने के उद्देश्य से कोटद्वार स्थित सिद्धबली मंदिर की ओर जाना तय किया गया था।

लेकिन रास्ते में लालबत्ती चौक के समीप उनकी नजर एक महिला के गले में पहनी हुई सोने की चेन पर पड़ी, जिसके उपरांत उन्होंने उक्त चेन चोरी करने की योजना बनाई। योजना के अनुसार अभियुक्त राजेन्द्र कार से उतर गया, जबकि सह-अभियुक्ता मुस्कान एवं बबीता वादिनी के समीप विक्रम वाहन में बैठ गईं। अभियुक्ताओं द्वारा विक्रम वाहन में यात्रा के दौरान महिला को बातचीत में उलझाया गया तथा इसी दौरान मौका पाकर अभियुक्ताओं द्वारा महिला के गले में पहनी सोने की चेन चोरी कर ली गई। घटना के समय वादिनी को चेन चोरी होने की जानकारी नहीं हो सकी। घटना को अंजाम देने के पश्चात अभियुक्तगण विक्रम वाहन से उतरकर मौके से फरार हो गए।

अभियुक्तगणों ने यह भी बताया कि वे चोरी की गई सोने की चेन को पानीपत ले गए, जहां उसे लगभग 80,000 रूपए में बेच दिया गया तथा प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लिया गया। इस प्रकरण में फरार वांछित अभियुक्ता बबीता निवासी हरियाणा सहित अन्य संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध भी कार्यवाही हेतु पौड़ी पुलिस प्रयासरत है।

## एक नजर .......

### मेले में विभागीय स्टालों के माध्यम से दी योजनाओं की जानकारी

**नई टिहरी।** जिले के विकासखंड जाखणीधार की ग्राम पंचायत तुनियार स्थित श्री गल्लेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित पौराणिक, सांस्कृतिक एंव विकास मेले में विधायक प्रतापनगर विक्रम सिंह नेगी, जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण, उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला, सीडीओ वरूणा अग्रवाल ने शिरकत की। मेले में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए जहां पर स्थानीय लोगों ने खरीददारी की। इस अवसर पर मंदिर परिसर के विभिन्न विभागों की ओर से विभागीय स्टाल लगाए गए जिनके माध्यम से आमजन को सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सूचना विभाग ने इस अवसर पर सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर प्रचार साहित्य आमजन को वितरित किए। मुख्य विकास अधिकारी वरूणा अग्रवाल अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न परियोजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए। तथा मेले के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढाने के लिए प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। मेले में लगे स्टालों पर स्थानीय निवासियों ने खूब खरीददारी की साथ ही मेले का भी आनंद लिया। मेल में स्थानीय कलाकारो व छात्रों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर बडी संख्या में स्थानीय जनता, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर वाहन चालक गिरफ्तार

**नई टिहरी।** चारधाम यात्रा के सुरक्षित एंव सुचारू संचालन को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के अंतर्गत सभी यात्रा मार्गों पर सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में घ्ऋषिकेश-गंगो.त्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर फकोट के पास चेकिंग अभियान चलाया गया था। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने पर वाहन चालक को गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया गया। चेकिंग के दौरान एक कार चालक टिहरी से ऋषिकेश की ओर जाता हुआ संदिग्ध प्रतीत हुआ एल्कोमीटर से जांच किए जाने पर चालक द्वारा शराब का सेवन किए जाने की पुष्टि हुई। जिसके बाद जाजल पुलिस ने वाहन को चौकी में सीज कर दिया तथा वाहन चालक को आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस के सुपुर्द किया गया। साथ ही प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान मोटर वाहन अधिनियम की अन्य धराओं में भी 16 चालान किए गए। चेकिंग अभियान के दौरान सहायक परविहन निरीक्षक अर्जुन, अनंतराम, विपिन, रोहन सहति परिवन आरक्षी मौजूद रहे।

### भारतीय व्यवसायों के लिए भूमिका हुई और मजबूत

**देहरादून ।** दुबई चौंबर्स के तहत संचालित तीन चौंबरों में से एक, श्दुबई चौंबर ऑफ कॉमर्स ने घोषणा की है कि वर्ष 2026 की पहली तिमाही के दौरान 3,995 नई भारतीय कंपनियाँ चौंबर में शामिल हुई हैं। यह उल्लेखनीय वृद्धि चुनौतीपूर्ण वैश्विक व्यापारिक परिस्थितियों के बीच भारत और दुबई के बीच लगातार मजबूत होते आर्थिक और कारोबारी संबंधों को दर्शाती है। मार्च 2026 के अंत तक दुबई चौंबर ऑफ कॉमर्स के सक्रिय सदस्यों के रूप में पंजीकृत भारतीय कंपनियों की कुल संख्या बढ़कर 84,088 हो गई है, जिससे दुबई में सबसे बड़े विदेशी व्यापारिक समुदाय के रूप में भारत की स्थिति और अधिक मजबूत हुई है। दुबई चौंबर्स के प्रेसिडेंट एवं सीईओ मोहम्मद अली राशिद लूटा के मुताबिक: "तेजी से जटिल होती वैश्विक अर्थव्यवस्था में कंपनियाँ अब उन बाजारों को प्राथमिकता दे रही हैं, जो स्पष्ट नीतियाँ, भरोसेमंद कारोबारी माहौल और निरंतर विकास की क्षमता प्रदान करते हैं।" जॉयलुक्कास ग्रुप के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जॉय अलुक्कास ने कहा: पिछले 39 वर्षों से यूएई हमारी वैश्विक महत्वाकांक्षाओं की मजबूत नींव रहा है। यहाँ की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता ने हमेशा मुझे प्रभावित किया है।

### सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्रों का प्रथम वार्षिक उत्सव संपन्न

**सेलाकुई।** सेवा भारती विकासनगर द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्रों का प्रथम वार्षिक उत्सव सेलाकुई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 20 सेवा ग्राम एवं सेवा बस्तियों के बाल संस्कार केंद्रों के बच्चों ने प्रतिभाग कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अर्चना रावत, सहदेव सिंह पुंडीर, सुमित चौधरी एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, सेवा गीत, देशभक्ति गीत एवं सामाजिक विषयों पर आधारित नाटकों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। मुख्य वक्ता पवन ने कहा कि सेवा भारती समाज के सहयोग से संस्कारयुक्त शिक्षा देने का कार्य कर रही है। वहीं अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा और सेवा कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर रविंद्र सिंह रमोला, नगर अध्यक्ष हर्षवर्धन सौरभ, प्रदीप शर्मा, रामनिवास, राजेंद्र अग्रवाल, प्रमोद धीमान उमेश, सरिता भंडारी, निशा अनामिका, चंद बजाज, कुसुम सहित सेवा भारती के पदाधिकारी, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# बीडीसी में छाए रहे सडक व पेयजल के मुद्दे

■ मंत्री सुबोध ने दिए समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिले के नरेंद्रनगर फकोट में आयोजित बीडीसी बैठक ब्लाक प्रमुख दीक्षा राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल व जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने भी शिरकत कर समस्याओं को सुना।

बैठक में सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद्र खंडूडी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 खंडूडी एक जांबाज सैनिक व समर्पित जनस. ेवक थे। उन्होंने अपने जीवन को प्रदेश एंव देश की सेवा के लिए समर्पित किया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं विकास कार्यों पर बिंदुवार चर्चा की गई।

जनप्रतिनिधियों ने मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग, पेयजल, ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज विभाग से संबंधित समस्याएं उठाई जिस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। बीडीसी में ग्रामसभा बवाणी की प्रधान रिंकी पुंडीर ने पेयजल एवं सडक समस्याओं से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया। देवलधार क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंद्र भंडारी ने हिंडोलाखाल-शिवपुरी मोटर मार्ग की जर्जर स्थिति मुद्दा उठाते हुए कहा कि मार्ग की हालत काफी खराब है तथा पीएमजीएसवाई की ओर कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता है।

ग्राम पंचायत आमपाटा की के प्रधान भगत सिंह भंडारी ने पिछली बीडीसी बैठक मेंउठाए गए मुद्दों का अब तक समाधान न होने पर नारा. जगी व्यक्त की। क्षेत्र पंचायत सदस्य सपना देवी ने खाडी पीएचसी की जीर्णशीर्ण स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए भवन के शीघ्र सुधार एंव स्वास्थ्य सुवधिाओं को सुदृढ करने की मांग की।

वहीं जिलाधिकारी ने भी संबंधित अधिकारियों से बीडीसी में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय के अंतर्गत निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में ज्येष्ठ प्रमुख गीता देवी, कनिष्ठ उप प्रमुख दुर्गा रावत, डीएफओ टिहरी वन प्रभाग पुनीत तोमर, डीएफओर नरेंद्रनगर दिगंत नायक, एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष, बीडीओ श्रुति वत्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रामलीला एक दिन के लिए स्थगित, आज से होगी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी में बुधवार से शुरू होने वाली रामलीला को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। रामलीला अब गुरूवार से शुरू होगी। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 भुवनचंद्र खडूडी के लंबे समय तक अस्वस्थ रहने के कारण बीती 19 मई को निधन होने के चलते राज्य में शोक घोषित किया गया है। जिस कारण रामलीला समिति की ओर से भी एक दिन के लिए रामलीला मंचन को स्थगित कर दिया गया है। रामलीला समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल ने ताया अब रामलीला गुरूवार से शुरू होगी जो 31 मई तक चलेगी। समिति के सदस्यों की ओर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्वांजलि दी गई। देवेंद्र नौडियाल ने बताया कि राज्य शोक को देखते हुए कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन किया गया है। साथ ही सभी कलाकारों, श्रद्वालुओं एवं क्षेत्रवासियों से नई तिथि के अनुसार रामलीला में सहयोगी की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि गुरूवार को नियत समय 8 बजे से रामलीला शुरू होगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शोक व्यक्त करने वालों में समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल, संयोजक डा, राकेश भूषण गोदियाल, संरक्षक सतीश थपलियाल, कमल सिंह महर, महावीर उनियाल, त्रिलोक चंद रमोला, कोषाध्यक्ष सुनील बधानी, सुनील उनियाल, ऋषभ पंत, तस्लीम बक्श, सतीश कुमार, संजीव नेगी, जनवीर राणा, अमित पंत आदि शामिल रहे।

# टिहरी के जौनपुर क्षेत्र में हेलीकाप्टर की इमरजेंसी लैडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बुधवार सुबह को भारत एविएशन कंपनी के एक हेलीकाप्टर में तकनीकी समस्या आने के कारण सत्यों सकलाना क्षेत्र के खेतों में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करानी पडी। हेलीकाप्टर में पायलट सहति सभी छह यात्री संवार थे जो सुरक्षित हैं।

एसडीएम शैलेंद्र सिंह ने बताया कि चारधाम यात्रा रूअ पर संचालित हेलीकाप्टर जनपद टिहरी के जौनपुर क्षेत्र के अंतर्गत नवागांव-सत्यों के उपर से गुजर रहा था। इसी दौरान हवा के अधिक प्रेशर केकारण हेलीकाप्टर को इमरजेंसी लैडिंग करनी पडी। उन्होंने बताया कि लैडिंग के दौरान हेलीकाप्टर हाई टेंशन लाइन के समीप पहुंचा गया था लेकिन पायलट की सूझबूझ एवं सतर्कता से हेलीकाप्टर को सुरक्षित सत्यौं सकलाना क्षेत्र के खेतों में उतार दिया गया जिस कारण बडा हादसा होने से टल गया। हेलीकाप्टर में पायलट सहित सभी यात्री सुरक्षित हैं। प्रशासन ने तत्काल सभी यात्रियों को टैक्सी वाहन के माध्यम से देहरादून के लिए रवाना कर दिया है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन लगातार ट्रासं एविएशन कंपनी से इस संबंध में संपर्क में है। हेलीकाप्टर के रखरखाव एवं तत्कालीन निरीक्षण के लिए कंपनी की मेंटिनेंस टीम को मौके पर बुलाया गया है। हेलीकाप्टर के खेतों में लैडिंग करने से वहां पर बडी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड भी जमा हो गई है और उन्होंने भी यहां पर मदद के लिए आगे आए।

# वनाग्नि रोकथाम और वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



■ जखोली में वन विभाग और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जाखणी वन परिसर, जखोली में वन विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में वनाग्नि सुरक्षा, मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण एवं विधिक जानकारी विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को वनाग्नि से होने वाले दुष्प्रभावों तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सिविल जज (सीनियर डिवीजन) पायल सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभागियों को वन संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वनाग्नि केवल जंगलों को ही नहीं, बल्कि जैव विविधता, जल स्रोतों और मानव जीवन को भी गंभीर रूप से प्रभावित करती है। उन्होंने आमजन को विधिक अधिकारों एवं नि:शुल्क कानूनी सहायता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं।

यशोदा खत्री और देवेंद्र सिंह बिष्ट ने भी जनजागरूकता से जुड़े विचार साझा किए। वन विभाग की ओर से उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. दिवाकर पंत एवं वन क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र नेगी ने वनाग्नि रोकथाम, मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण तथा सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने वन विभाग से संबंधित विभिन्न अधिनियमों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए वन संरक्षण में जनसहभागिता को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के दौरान रुद्रप्रयाग वन प्रभाग द्वारा वनाग्नि रोकथाम के लिए गठित फायर क्रू, उपकरणों तथा जनजागरूकता अभियानों की जानकारी भी प्रतिभागियों को दी गई। इसके बाद वनाग्नि क्रू स्टेशन एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण हेतु स्थापित आरआरटी सेंटर का निरीक्षण किया गया। वहीं पैरा लीगल वालंटियर्स ने नुक्कड़ नाटक के जरिए वनाग्नि के दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे लोगों ने सराहा।

इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, वन पंचायत सरपंच, महिला मंगल दल की सदस्याओं सहित वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# ईंधन बचत: बीडीसी में शामिल होने को जिला प्रशासन ने बस में किया सफर

■ उर्जा संरक्षण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर वैश्विक संकट के बीच टिहरी प्रशासन ने उर्जा संरक्षण का संदेश दिया। ईंधन बचत को लेकर जिला प्रशासन बस से करीब 52 किलो मीटर का सामूहिक सफर किया जहां वे क्षेत्र पंचायत की बैठक में शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य इजराइल और ईरान के बीच युद्व के बाद उत्पन्न वैश्विक परिस्थितियों एंव संभावित ईंधन संकट को देखते हुए पेट्रोल, डीजल की खपत में कमी लाना है। प्रधानमंत्री की अपील पर जिला प्रशासन की ओर से यह कदम उठाया गया ताकि सरकारी कार्यों के संचालन में संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सके इस अवसर पर एक बस ने मुख्यालय नई टिहरी से फकोट एवं दूसरी बस नरेंद्रनगर से फकोट के लिए प्रस्थान हुईं। बस में सीएमओ डा0 श्याम विजय, एआरटीओ सत्येंद्र राज, डीपीओ संजय गोरव, श्रम अधिकारी आयशा खान, जिला उद्यान अधिकारी अरविंद शर्मा, जिला सूचना अधिकारी द्रविता शर्मा, अधिशासी अभियंता जल संस्थान प्रशांत भारद्वाज, खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराडी, मुख्य शिक्षा अधिकारी कमला सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

### बोलेरो वाहन खाई में गिरकर टोंस नदी में समाया

**चकराता।** तहसील चकराता क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैज-पाटन के बीच बोलेरो वाहन संख्या एचपी85एए 0548 अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर टोंस नदी में समा गई थी। पुलिस व एसडीआरएफ/जल पुलिस तथा तहसील चकराता से नायब तहसीलदार राजेंद्र लाल की मौजूदगी में उक्त क्षतिग्रस्त वाहन को क्रेन की मदद से टोंस नदी से बाहर निकाल कर वाहन का निरीक्षण करने पर वाहन के अंदर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। बाद रेस्क्यू क्षतिग्रस्त वाहन सर्चिंग अभियान समाप्त किया गया। वाहन चालक खुशीराम की तलाश व उपरोक्त प्रकरण के संबंध में अग्रिम आवश्यक कार्यवाही तहसील चकराता द्वारा की जा रही है।

# न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी के नए माइक्रो ऑफिस का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** डाकपत्थर रोड स्थित विकासनगर में भारत सरकार की अग्रणी बीमा कंपनी द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी के नए माइक्रो ऑफिस परिसर का शुभारंभ कंपनी की उप-महाप्रबंधक किरण जेकब द्वारा किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि नए माइक्रो ऑफिस में साधारण बीमा से जुड़ी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यहां मोटर बीमा, स्वास्थ्य बीमा के साथ-साथ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित बीमा सेवाएं भी लोगों को प्रदान की जाएंगी, जिससे क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

कार्यक्रम में कंपनी की उप-प्रबंधक रीमा जायसवाल एवं शाखा प्रभारी राम कुमार ने नए कार्यालय की कार्यप्रणाली और सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में सुमन मोहन ममगाई, चंद्र सिंह रावत, अवनीश कुमार जैन, सत्यवीर सिंह, दिनेश कुमार, त्रिलोक सिंह रावत, लक्ष्मी कोठियाल, सुभाष ममगाई, हेमचंद्र सकलानी, विनोद रावत, पुरण प्रसाद भट्ट सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सूचना

विदित हो कि मेरा व्यवहारी उम्मेद सिंह पुत्र श्री अमर सिंह भूमि खसरा सं. 122-मि. रकबा 75.28 वर्गमीटर स्थित सेन्ट्रल होप टाउन, देहरादून का मालिक स्वामी है, सम्पत्ति की पूर्व श्रृंखला में एक विक्रय पत्र जिसकी बुक सं. 1, जिल्द 2324, पृष्ठ 223 से 240 न. 8517 दिनांकित 21.12.2012 जोकि श्री नकुल कौल पुत्र श्री पमपोश कौल के हक में सब रजिस्ट्रार, विकासनगर जिला देहरादून में पंजीकृत है उक्त मूल विक्रय पत्र मेरे व्यवहारी से कही खो गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को मिले तो इस विज्ञप्ति के दिनांक के 15 दिन के अन्दर निम्न को सूचित करें।

**नीरज चावला**
**एडवोकेट**
**मो. 9412346827**
**रजि. नं. 3316/2004**

### सार्वजनिक सूचना

हम, हरप्रीत सिंह निवासी मकान संख्या: 775 ब्लॉक 60 THDC कॉलोनी देहराखास देहरादून उत्तराखण्ड 248001 तथा मनप्रीत सिंह निवासी 100/1 देवऋषि एन्क्लेव HTB Academy School के पास देहरादून उत्तराखण्ड 248001 दोनों श्री हरभजन सिंह के पुत्र हैं। तथा खसरा संख्या 383, मौजा ब्राह्मणवाला, परगना केंद्रीदून, देहरादून स्थित संपत्ति के पूर्ण स्वामी एवं वैध उत्तराधिकारी हैं। यह संपत्ति हमारी माता स्वर्गीय श्रीमती अमृत कौर जो उक्त संपत्ति की मूल स्वामिनी थीं, के निधन के पश्चात हमें प्राप्त हुई है। हम उक्त संपत्ति को विक्रय कर रहे हैं यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिनों के भीतर अधिवक्ता श्री शम्मी टंडन से मोबाइल नंबर 9897006975 पर संपर्क कर सकता है।

# कार्यशाला में एबीडीएम के क्रियान्वयन का दिया प्रशिक्षण



■ एबीडीएम उत्तराखंड की पहल पर सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुई कार्यशाला, योजनाबद्ध तरीके से प्रत्येक जनपद में विकसित की जाएंगी मॉडल फेसिलिटी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** नैनीताल जनपद के अंतर्गत सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, उत्तराखंड की पहल पर कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों को एबीडीएम, एचएमआईएस, के उपयोग समेत विभिन्न जानकारियां दी गई।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा स्वेता भंडारी की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर एबीडीएम उत्तराखंड की प्रबंधक प्रज्ञा पालिवाल ने कहा कि राज्य मिशन के निदेशक उत्तराखंड के निर्देशों पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के अंतर्गत हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर), हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री (एचएफआर), हेल्थ रिकार्ड लिंकेज, स्कैन एंड शेयर, स्कैन एंड पे, एबीडीएम कंप्लायंट एचएमआईएस के क्रियान्वयन संबंधी विस्तृत जानकारियां प्रदान की। उन्होंने कहा कि एबीडीएम का क्रियान्वयन हेल्थ सेक्टर में अनिवार्य है।

प्रदेश के सभी जनपदों में मॉडल फेसिलिटी पर कार्य किया जा रहा है। आभा के जरिए स्कैन एंड शेयर कर लाभार्थियों को आसान सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। एबीडीएम की संपूर्ण प्रक्रिया व उसके महत्व के बारे में प्रोजेक्टर के जरिए समझाया गया। कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के डॉ गोविन्द सिंह तितियाल प्रधानाचार्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन मेहरा, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी व निजी अस्पताल व एनआईसी के प्रति. निधियों समेत सहायक निदेशक द्रौपदी गर्ब्याल, वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी आरके जोशी, डॉ मणीभूषण पंत, तिलोत्मा यादव, पंकज तिवारी, दीवान बिष्ट, हेम जलाल, सरयू नंदन जोशी, दिनेश बोरा, देवेंद्र बिष्ट, रवि उप्रेती, बिना मेहरा, पूर्णिमा जंतवाल, अवनीश, ललित, राघवेंद्र रावत, आनंद खंडूरी, हिमांशु, एबीडीएम टीम के अमृत पोखरियाल, हार्दिक उपाध्याय, अंकुर यादव उपस्थित रहे। संचालन डीपीएम मदन मेहरा ने किया।

# उत्तराखंड में पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : आईओसीएल

■ घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी : आईओसीएल उत्तराखंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां - इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल, तेल और गैस क्षेत्र को प्रभावित कर रही वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, उत्तराखंड में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए हुए हैं।



आईओसीएल उत्तराखंड के राज्य स्तरीय समन्वयक कृष्ण कुमार गुप्ता ने बुधवार को कहा कि तेल उद्योग अपने व्यापक आपूर्ति नेटवर्क के माध्यम से ईंधन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसमें टर्मिनल, डिपो, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और रिटेल आउटलेट शामिल हैं। सभी आउटलेट पर ईंधन वितरण सुचारू रूप से चल रहा है और निर्धारित सुरक्षा और परिचालन मानदंडों के अनुरूप बिना किसी प्रतिबंध के आपूर्ति जारी है।

पूरी आपूर्ति श्रृंखला में पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उपभोक्ताओं की प्रामाणिक मांगों को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए निरंतर पुन:पूर्ति की जा रही है। घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है और राज्य भर में वितरण सुचारू रूप से चल रहा है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां नागरिकों को निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्टॉक की स्थिति और वितरण योजना पर मिलकर काम कर रही हैं। समग्र आपूर्ति स्थिति स्थिर बनी हुई है और इस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

नागरिकों से अनुरोध है कि वे सामान्य रूप से खरीदारी करते रहें और अनावश्यक रूप से घबराकर खरीदारी न करें। जनता को यह भी सलाह दी जाती है कि ईंधन की उपलब्धता से संबंधित प्रामाणिक और सत्यापित जानकारी के लिए केवल तेल विपणन कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

## दून में कारा होटल्स ने लांच किया हॉस्पिटलिटी डेस्टिनेशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** कारा होटल्स ने देहरादून के बद्रीपुर में एक शानदार हॉस्पिटलिटी डेस्टिनेशन कारा देहरादून लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कंपनी के लिए एक अन्य बड़ी कामयाबी है, जो भारत में तेजी से बढ़ते लीजर और ट्रैवेल कारोबार में मिली है। कारा देहरादून जॉली ग्रांट हवाई अड्डे से लगभग 18 किमी और देहरादून रेलवे स्टेशन से 6 किमी की दूरी पर है। यह होटल उत्तराखंड के तेजी से बढ़ रहे हॉस्पिटलिटी सेक्टर में प्रीमियम स्टे, डेस्टिनेशन वेडिंग, कॉर्पोरेट इवेंट्स और वीकेंड ट्रैवेल की बढ़ती मांग बखूबी पूरी करेगा। कारा देहरादून 100 कमरों के साथ योजनाबद्ध विकास करेगी। यह प्रॉपर्टी विशाल होने के साथ-साथ हॉस्पिटलिटी की सभी सेवाओं से भरपूर होगी। कारा होटल्स के प्रबंध निदेशक पुनीत सेठी ने इस लॉन्च पर बात करते हुए कहा कि उत्तर भारत के सबसे महत्वपूर्ण हो रहे हॉस्पिटैलिटी बाजारों में देहरादून सबसे तेजी से आगे आया है। इस शहर में लीजर ट्रैवेल, डेस्टिनेशन वेडिंग, अध्यात्म यात्रा और कॉर्पोरेट कारोबार सब एक साथ बढ़ रहे हैं। कारा देहरादून यहां आए लोगों की जरूरतें पूरी करने के लिए तैयार हो रहा है। इसमें व्यक्तिगत अतिथि सत्कार, शानदार इवेंट इंफ्रास्ट्रक्चर और हमेशा उच्च स्तरीय सेवा-सुविधा होगी। हमारा सपना बड़ा है। हम इस प्रॉपर्टीज को इस तरह बना रहे हैं कि लोगों को गर्मजोशी और भरोसे का अहसास हो। यह भारतीय पर्यटकों के सफर करने और खुशियां मनाने के तौर-तरीकों का पूरा ध्यान रखेगा।

## प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा की लॉन्च

**देहरादून।** भारती एयरटेल ने आज प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा लॉन्च करने की घोषणा की। यह नई सेवा 5जी स्लाइसिंग तकनीक का उपयोग करती है, जिससे पोस्टपेड ग्राहकों को स्थिर और बेहतर नेटवर्क का अनुभव मिलेगा। यह सेवा विशेष रूप से उन व्यस्त ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जो काम, मनोरंजन या ऑनलाइन सहयोग के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी पर निर्भर रहते हैं। इस सेवा के लिए एयरटेल ने अपने 5जी नेटवर्क को नेटवर्क स्लाइसिंग तकनीक की उन्नत क्षमताओं से सशक्त बनाया है।

**सूचना**

मेरे शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा नाम ओजस्वी गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम ओजस्वी चौधरी है। भविष्य में यही माना जाए।

**ओजस्वी चौधरी** पुत्री श्री विपिन चौधरी, निवासी: 285 हरिद्वार रोड ऋषिकेश, देहरादून, उत्तराखण्ड।

## आपदा प्रभावित क्षेत्र कालींगाड़ में मलवे के चौनेलाइजेशन का कार्य शुरू



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के निर्देशों के बाद देहरादून के आपदा प्रभावित क्षेत्र कालींगाड़ में मलवे के चौनेलाइजेशन का कार्य प्रारंभ हो गया है। जिला खान विभाग द्वारा मशीनों के माध्यम से कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कालींगाड़ क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया था। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपदा के मलवे को शीघ्र हटाने एवं प्रभावित क्षेत्र में राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इस बाबत निविदाएं जारी कर दी गयी है। कालींगाड़ के ग्राम प्रधान राकेश जवाड़ी ने बताया कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के निरीक्षण एवं निर्देशों के बाद आज से मलवे के चौनेलाइजेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रामवासियों ने त्वरित कार्रवाई के लिए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का आभार व्यक्त किया है।

# कार्यालय नगर निगम ऋषिकेश देहरादून

पत्रांक : 641 भवनकर/2026-2027 दिनांक:- 19.5.2026

कार्यालय नगर निगम ऋषिकेश, देहरादून।

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 (क) व (ख) के अर्न्तगत भवनकर अभिलेखों में नामान्तरण हेतु आवश्यक सूचना।

| क्रम सं0 | रसीद संख्या | बुक संख्या | सम्पत्ति संख्या | क्षेत्र का नाम | कर निर्धारण पंजिका में दर्ज नाम | आवेदक का नाम | आवेदन दिनॉक | नामान्तरण हेतु आधार | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 2799 | 5/8 | हरिद्वार मार्ग | श्रीमती राजेश्वरी देवी पत्नीश्री मुर्लीधर, श्री बिहारी लाल, श्री रवि कुमार, मास्टर आशीष, श्री जयन्त कुमार, श्रीमती लक्ष्मी बाई पत्नी श्री शीरूमल, श्री राजेश कुमार, व श्याम सुन्दर पुत्र श्री भगवान दास | श्री इन्द्र कुमार गोदवानी पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार गोदवानी | 30/05/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 विक्रय-पत्र, खतौनी की नकल एवं शपथ-पत्र | एक भाग (509.03 वर्ग मी0) |
| 2 | 91 | 2794 | 202/172 | तिलक मार्ग | श्रीमती प्रेम गुलहाटी पत्नी स्व0 श्री बिहारी लाल | श्री विजय गुल्हाटी पुत्र स्व0 श्री बिहारी लाल गुल्हाटी | 20/08/2025 | रजि0 उपहार विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (97.58 वर्ग मी0) |
| 3 | 89 | 2794 | 438/25 | गंगा नगर | नीरा मानव पुत्री श्री किशन लाल कपूर | श्री कमल सिंह राणा पुत्र श्री जी0एस0 राणा | 24/04/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (114 वर्ग मी0) |
| 4 | 1 | 2799 | 213/188+188/1 | मनीराम मार्ग | श्री जितेन्द्र कुमार, श्री भूपेन्द्र कोहली, श्री रजत नारंग एवं श्री आशीष जैन साझीदारी शिवालिक इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड डेवलपर्स | श्री कमल दीप डोगरा पुत्र श्री धर्मपाल डोगरा | 02/04/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (40.89 वर्ग मी0) |
| 5 | 75 | 2794 | 195/287/5/1 | आदर्श ग्राम | श्री छिगन लाल अग्रवाल पुत्र स्व0 श्री रामेश्वर लाल अग्रवाल | श्रीमती लीना कालरा पत्नी श्री मनोज कालरा | 09/03/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (79.46 वर्ग मी0) |
| 6 | 63 | 2794 | 431ए/237/5 | गंगा नगर | श्री रविन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण, श्री संजय व्यास पुत्र श्री चन्द्रशेखर, श्री गोपाल सती पुत्र श्री सुन्दरलाल व श्री विकास शिवहरे पुत्र श्री शिवरतन शिवहरे | श्री सुधीर गुप्ता पुत्र श्री घनश्याम खोहर | 23/05/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (78 वर्ग मी0) |
| 7 | 61 | 2794 | 417/380 | बनखण्डी ग्राम | श्रीमती देवेन्द्र कौर पत्नी श्री कुलदीप सिंह | श्रीमती दिलप्रीत कौर डंग पत्नी श्री परम जीत सिंह एवं श्री प्रभकरन सिंह पुत्र श्री परमजीत सिंह | 18/02/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (138. 233 वर्ग मी0) |
| 8 | 39 | 2794 | 342/33/4, 33/6 | आदर्श ग्राम | श्रीमती जागृति शर्मा पत्नी श्री अनिल कुमार शर्मा | श्रीमती ईशा जैन पत्नी श्री राहुल जैन पुत्री श्री अनिल मित्तल | 04/04/2024 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (91.45 वर्ग मी0) |
| 9 | 34 | 2794 | 20 | चौदह बिघा | स्वामी श्री असीम चैतन्य भारती व श्री स्वामी श्री प्रबोध चैतन्य भारती | स्वामी प्रबोध चैतन्य भार शिष्य स्व0 श्री विज्ञानानन्द | 28/03/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 10 | 33 | 2794 | 222/270 | चन्द्रेश्वर मार्ग | श्री गोविन्द राय व श्री नारायण राय पुत्रगण श्री शंकर गिरी व कु0 नमिता राय पुत्री श्री रविन्द्र राय | श्रीमती गीता पत्नी श्री अर्जुन सिंह | 16/06/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (18.58 वर्ग मी0) |
| 11 | 29 | 2794 | 194/201 | वीरभद्र मार्ग | श्री प्रकाश सिंह पुत्र श्री मंगू सिंह | श्री संदीप कुमार पुत्र स्व0 श्री प्रकाश सिंह | 15/10/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत, अनापत्ति शपथ-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 12 | 30 | 2794 | 194/201 | वीरभद्र मार्ग | श्री प्रकाश सिंह पुत्र श्री मंगू सिंह | श्री श्रवण कुमार पुत्र स्व0 श्री प्रकाश सिंह | 15/10/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत, अनापत्ति शपथ-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग |
| 13 | 15 | 2794 | 804/341/650/651 | हरिद्वार मार्ग | श्री कृष्ण अवतार अग्रवाल पुत्र श्री मोहन लाल | श्री ललित कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 श्री कृष्ण अवतार अग्रवाल | 10/03/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, पारिवारिक बंटवारानामा, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | एक भाग (167. 04 वर्ग मी0) |
| 14 | 14 | 2794 | 804/341/650/651 | हरिद्वार मार्ग | श्री कृष्ण अवतार अग्रवाल पुत्र श्री मोहन लाल | श्रीमती नीना अग्रवाल पत्नी स्व0 श्री अरविन्द कुमार अग्रवाल | 10/03/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, पारिवारिक बंटवारानामा, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | एक भाग (116. 09 वर्ग मी0) |
| 15 | 13 | 2794 | 804/341/650/651 | हरिद्वार मार्ग | श्री कृष्ण अवतार अग्रवाल पुत्र श्री मोहन लाल | श्री सुधीर कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 श्री कृष्ण अवतार अग्रवाल | 10/03/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, पारिवारिक बंटवारानामा, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (50. 466 वर्ग मी0) |
| 16 | 12 | 2794 | 804/341/650/651 | हरिद्वार मार्ग | श्री कृष्ण अवतार अग्रवाल पुत्र श्री मोहन लाल | श्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 श्री कृष्ण अवतार अग्रवाल | 10/03/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, पारिवारिक बंटवारानामा, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | एक भाग (96. 165 वर्ग मी0) |
| 17 | 11 | 2794 | नवीन(556) | आवास विकास | ---- | श्रीमती शशि शर्मा पत्नी श्री उपेन्द्र कुमार शर्मा एवं श्री उपेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री बालक राम अग्निहोत्री | 07/04/2026 | पट्टा विलेख, रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (288 वर्ग मी0) |
| 18 | 90 | 2794 | 529 | चन्द्रेश्वर नगर | श्रीमती किरण शर्मा पत्नी श्री साँप्रसाद | श्रीमती मनोरमा देवी पत्नी स्व0 श्री मोती लाल सिंह | 14/07/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (83. 64 वर्ग मी0) |
| 19 | 43 | 2794 | 227/59 | चन्द्रेश्वर नगर | मै0 शिव एण्ड कम्पनी ताज काम्पलैक्स साझीदार श्री संजय व्यास पुत्र श्री चन्द्रशेखर एवं श्री पूर्णानन्द सती पुत्र श्री सुन्दर लाल | श्रीमती इन्दुमति जुगरान पत्नी श्री अरूण कुमार जुगलान | 05/01/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (16.72 वर्ग मी0) |
| 20 | 20 | 2794 | 27/23 | सोमेश्वर नगर | श्री जयपाल सिंह पंवार पुत्र श्री गुंदर सिंह | श्री पूरन सिंह पंवार पुत्र स्व0 श्री जयपाल सिंह पंवार | 10/03/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत एवं शपथ-पत्र | एक भाग (150 वर्ग गज) |
| 21 | 19 | 2794 | 925/2 | आवास विकास | श्री राकेश मंमगाई पुत्र श्री जनार्दन प्रसाद मंमगाई | श्रीमती रूची गुप्ता पत्नी श्री अनुपम गुप्ता | 24/12/2024 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (77. 28 वर्ग मी0 |
| 22 | 92 | 2795 | 813 | आवास विकास | श्री हर्षमणी | श्री राम प्रकाश पुत्र स्व0 श्री हर्षमणी रतूड़ी | 26/08/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 23 | 23 | 2794 | 689/224/574 | हरिद्वार मार्ग | श्रीमती बीना देवी पत्नी श्री श्यामानन्द | श्री घनश्याम पुत्र स्व0 श्री बसन्त राम | 10/03/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (103. 26 वर्ग मी0) |
| 24 | 22 | 2794 | 140/66 | देहरादून मार्ग | श्री बलविन्दर सिंह एवं श्री जसमीत सिंह पुत्र स्व0 श्री तीरथ सिंह | श्री नितिन गुप्ता पुत्र श्री रामफल गुप्ता एवं श्रीमती पूजा गुप्ता पत्नी श्री नितिन गुप्ता | 07/04/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र, मुख्तारनामा एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (292.64 वर्ग मी0) |
| 25 | 99 | 2795 | 631बी/514/1 | बनखण्डी ग्राम | श्रीमती परमिन्दर कौर पत्नी श्री जसविन्द्र सिंह | श्री राम अग्रवाल पुत्र श्री नानक चन्द अग्रवाल | 18/06/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (92 वर्ग मी0) |
| 26 | 98 | 2795 | 631ए/514/1 | बनखण्डी ग्राम | श्रीमती राजेन्द्र कौर पत्नी श्री हिम्मत सिंह | श्री कृष्ण अग्रवाल पुत्र श्री नानक चन्द अग्रवाल | 18/06/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (115.39 वर्ग मी0) |
| 27 | 71 | 2795 | 243/2/60 | चन्द्रेश्वर मार्ग | श्रीमती सीमा पोरवाल पत्नी श्री अविनाश पोरवाल | श्रीमती अनामिका गुप्ता पत्नी श्री अनिल कुमार गुप्ता | 21/04/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (96 वर्ग मी0) |
| 28 | 39 | 2795 | 271/231 | सर्वहारा नगर | श्रीमती विद्यावती पत्नी श्री नरेश कुमार | श्रीमती अनीता पत्नी श्री झम्मन सिंह | 31/03/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (49.48 वर्ग मी0) |

## आईपीएल-2026-ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा

**जयपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की ऑरेंज कैप की दौड में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच खेले गए मुकाबले में पहले मिचेल मार्श और फिर वैभव सूर्यवंशी ने कब्जा किया। मिचेल मार्श एक सप्ताह पहले सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजो की सूची में आसपास भी नहीं थे आरआर के खिलाफ 57 गेंदों पर 96 रनों की पारी और इससे पहले अपनी पिछली दो पारियों में 111 और 90 रन बनाकर वह 563 रनों के साथ इस सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। लेकिन वह शीर्ष स्थान पर अधिक देर नहीं रह पाए, क्योंकि अब नंबर वैभव सूर्यवंशी का था। वैभव सूर्यवंशी न एक बार फिर आक्रामक पारी खेली। सूर्यवंशी ने इसी सीजन जयपुर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 103 रनों की पारी खेली थी लेकिन आरआर वह मैच हार गई थी। हालांकि इस मुकाबले में सूर्यवंशी ने 38 गेंदों पर 93 रनों की पारी खेली और आरआर ने प्लेऑफ के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया। वैभव सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत की। लेकिन जल्द ही उनके बल्ले से बड़े शॉट्स आने लगे और मात्र 23 गेंदों पर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। अपनी पारी के समापन के बाद सूर्यवंशी 579 रनों के साथ ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए और 563 रनों के साथ मार्श दूसरे स्थान पर खिसक गए। एसआरएच के हाइनरिक क्लासन अब तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने 555 रन बनाए हैं। इसके बाद गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) हैं। पर्पल कैप तालिका में इस सीजन एलएसजी के सबसे सफल गेंदबाज प्रिस यादव लगातार तीसरे मुकाबले में एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाए और उनके नाम अभी भी 16 विकेट हैं।


| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | 64 | 2795 | 868/396/35 | गंगा नगर | श्री हुकम सिंह पुत्र श्री किशोरी सिंह | श्री राजेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 श्री हुकम सिंह | 23/03/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, रजि0 दान पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (225.75 वर्ग मी0) |
| 30 | 53 | 2795 | 513/47/453 | हरिद्वार मार्ग | श्री मनमोहन सिंह पुत्र श्री सोहन सिंह | श्री अमन कुमार पुत्र श्री गोरा सिंह व श्रीमती मधु देवी पत्नी श्री गोरा सिंह | 18/07/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (49.26 वर्ग मी0) |
| 31 | 73 | 2795 | 217बी/214/3-ए | आदर्श ग्राम | श्री मुकेश चन्द्र बंसल पुत्र श्री सुरेश चन्द बंसल | श्रीमती पूजा पत्नी श्री रोहित अरोडा | 13/05/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (24.16 वर्ग मी0) |
| 32 | 76 | 2795 | 773/1/373 | गंगा नगर | श्रीमती प्यारी देवी पत्नी श्री यशपाल सिंह रावत | श्री मुकेश सिंह पुत्र श्री यशपाल सिंह रावत उर्फ जसपाल सिंह | 07/04/2026 | रजि0 दाननामा विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (64.40 वर्ग मी0) |
| 33 | 79 | 2795 | 51/28 | महन्त परशुराम मार्ग | श्री इन्द्रजीत भुटानी पुत्र स्व0 श्री हरवंश लाल | श्रीमती पम्मी अरोड़ा पत्नी श्री इन्द्रजीत भुटानी | 05/01/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 34 | 30 | 2799 | 111/110 | शान्ति नगर | श्रीमती गायत्री देवी पत्नी स्व0 श्री चन्द्रपाल चौहान | श्री नीरज पुत्र श्री चन्द्रपाल चौहान | 18/02/2026 | रजि0 दाननामा विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (200 वर्ग मी0) |
| 35 | 25 | 2799 | 234/216/1 | बनखण्डी ग्राम | श्रीमती सीमा अरोडा पत्नी श्री नवीन अरोडा | श्री प्रशान्त कुमार पुत्र श्री राधेश्याम गोयल | 06/02/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (72.58 वर्ग मी0) |
| 36 | 27 | 2799 | 100/1 | आवास विकास | श्री चिराग अग्रवाल पुत्र स्व0 श्री घनश्याम दास अग्रवाल | श्रीमती नमिता अरोड़ा पत्नी श्री मयूर अरोड़ा एवं श्री मयूर अरोड़ा पुत्र श्री मनमोहन अरोड़ा | 07/02/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (147.52 वर्ग मी0) |
| 37 | 84 | 2799 | 359ए/6 | देहरादून मार्ग | श्री लक्ष्मी भक्ति आश्रम प्रबन्धक/मुख्य ट्रस्टी श्री संजय अग्रवाल | श्री लक्ष्मी भक्ति आश्रम प्रबन्धक श्री मोहन तिवारी | 25/03/2026 | मा0 न्यायालय द्वारा पारित विभिन्न निर्णयों की प्रतियां, विधिक राय एवं शपथ पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 38 | 28 | 2799 | 36/32 | मनीराम मार्ग | श्री अश्वनी कुमार कक्कड़ पुत्र श्री महेन्द्र कुमार | श्रीमती अंकिता अग्रवाल पत्नी श्री भुवनेश अग्रवाल | 23/09/2025 | रजि0 विक्रय पत्र, मुख्तारेआम एवं शपथ-पत्र | एक भाग (11.84 वर्ग मी0) |
| 39 | 31 | 2799 | 425/2/265/3 | देहरादून मार्ग | श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री राजकुमार सिंह | श्रीमती पूनम पत्नी श्री अमरजीत सिंह | 25/02/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (13.38 वर्ग मी0) |
| 40 | 51 | 2799 | 23/19 | सोमेश्वर नगर | श्री सत्यनाथ मौर्य पुत्र श्री पाती राम | श्री राकेश मौर्य पुत्र श्री सत्यनाम मौर्य | 29/07/2025 | रजि0 उपहार विलेख एवं शपथ-पत्र | एक भाग (65.79 वर्ग मी0) |
| 41 | 8 | 2799 | 703/561 | बनखण्डी ग्राम | श्री गगनदीप सिंह | श्रीमती नैन्सी दिवाकर पत्नी श्री अवि दिवाकर | 02/04/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (112.91 वर्ग मी0) |
| 42 | 61 | 2799 | 618/308 | चन्द्रेश्वर नगर | श्रीमती चन्दना देवी पत्नी श्री शेर सिंह | श्री सौरभ शर्मा पुत्र श्री विनोद शर्मा पौत्र स्व0 श्री शेर सिंह | 04/11/2025 | रजि0 उपहार विलेख एवं शपथ-पत्र | एक भाग (92 वर्ग मी0) |
| 43 | 64 | 2799 | 95/85 | तिलक मार्ग | श्रीमती स्वर्णकान्ता अरोड़ा पत्नी स्व0 श्री हीरालाल अरोड़ा | श्री जयन्त अरोडा पुत्र श्री अशोक कुमार अरोडा | 08/01/2026 | रजि0 दाननामा विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (93.17 वर्ग मी0) |
| 44 | 43 | 2799 | 233/262 | हरिद्वार मार्ग | श्रीमती शैल कुमारी सिंह पत्नी श्री एस0एन0 सिंह | विनिता सिंह पुत्री स्व0 श्री सुभाष नारायण सिंह | 22/12/2025 | रजि0 उपहार विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (211.86 वर्ग मी0) |
| 45 | 77 | 2799 | 142/68 | देहरादून मार्ग | श्रीमती मोहिनी देवी पत्नी श्री तिलक राम | श्री नरेश कुमार खुराना पुत्र श्री तिलक राज | 10/02/2026 | रजि0 दाननामा विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (217.47 वर्ग मी0) |
| 46 | 45 | 2799 | 734/379 | चन्द्रेश्वर नगर | श्रीमती रीना पत्नी श्री सुदेश विश्वास | श्री ऋषि कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 श्री गोपाल प्रसाद गुप्ता | 28/02/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (87.82 वर्ग मी0) |
| 47 | 50 | 2799 | 822/298 | चन्द्रेश्वर नगर | श्री गणेश मोहम्मद पुत्र श्री नथनी मोहम्मद | श्री दिल मोहम्मद पुत्र श्री गणेश मोहम्मद | 22/11/2025 | रजि0 दाननामा विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (81.44 वर्ग मी0) |
| 48 | 79 | 2799 | 5/8 | हरिद्वार मार्ग | श्रीमती राजेश्वरी देवी पत्नी श्री मुर्लीधर, श्री बिहारी लाल, श्री रवि कुमार, मास्टर आशीष, श्री जयन्त कुमार, श्रीमती लक्ष्मी बाई पत्नी श्री शीरूमल, श्री राजेश कुमार व श्याम सुन्दर पुत्र श्री भगवान दास | श्री पुनीत चचरा पुत्र श्री ओम प्रकाश चचरा एवं श्रीमती ममता चचरा पत्नी श्री पुनीत चचरा | 24/04/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 विक्रय-पत्र, खतौनी की नकल एवं शपथ-पत्र | एक भाग (772.05 वर्ग मी0) |
| 49 | 78 | 2799 | 5/8 | हरिद्वार मार्ग | श्रीमती राजेश्वरी देवी पत्नी श्री मुर्लीधर, श्री बिहारी लाल, श्री रवि कुमार, मास्टर आशीष, श्री जयन्त कुमार, श्रीमती लक्ष्मी बाई पत्नी श्री शीरूमल, श्री राजेश कुमार व श्याम सुन्दर पुत्र श्री भगवान दास | श्री पंकज चचरा पुत्र श्री ओम प्रकाश चचरा एवं श्रीमती अंजली चचरा पत्नी श्री पंकज चचरा | 24/04/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 विक्रय-पत्र, खतौनी की नकल एवं शपथ-पत्र | एक भाग (772.05 वर्ग मी0) |
| 50 | 73 | 2799 | 249/250 | हरिद्वार मार्ग | श्री रमेश कुमार व श्रीमती आशा देवी पत्नी श्री रमेश कुमार | श्री तरूण कक्कड़ व श्री जितेन्द्र कक्कड़, श्रीमती मीनाक्षी कक्कड़ उर्फ श्रीमती कीर्ति सबलोक एवं श्रीमती ऋचा चावला पुत्रगण/पुत्रीगण स्व0 श्री रमेश कुमार कक्कड़ | 02/01/2023 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 51 | 86 | 2799 | 597बी/438/30 | गंगा नगर | श्री सतीश चन्द सचदेवा पुत्र श्री पृथ्वी चंद सचदेवा | श्री राजीव शर्मा पुत्र श्री राम अवतार शर्मा | 11/05/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (95.50 वर्ग मी0) |
| 52 | 93 | 2799 | 74/65 | सोमेश्वर नगर | श्री राम किशोर मौर्य पुत्र श्री राम | श्री राम किशोर मौर्य पुत्र स्व0 श्री राम | 25/08/2025 | अपंजीकृत पारिवारिक बंटवारानामा एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 53 | 90 | 2799 | 427 | गंगा नगर | श्रीमती कमलेश पत्नी श्री सतेन्द्र कुमार, श्रीमती रेखा पत्नी श्री अनूप कुमार व श्रीमती हिमानी पत्नी श्री प्रमोद कुमार | श्रीमती शालिनी वर्मा पत्नी श्री आशीष कुमार वर्मा | 13/04/2026 | रजि0 दाननामा विलेख एवं शपथ-पत्र | एक भाग (62.73 वर्ग मी0) |
| 54 | 89 | 2799 | 427 | गंगा नगर | श्रीमती कमलेश पत्नी श्री सतेन्द्र कुमार, श्रीमती रेखा पत्नी श्री अनूप कुमार व श्रीमती हिमानी पत्नी श्री प्रमोद कुमार | श्रीमती शालिनी वर्मा पत्नी श्री आशीष कुमार वर्मा | 13/04/2026 | रजि0 दाननामा विलेख एवं शपथ-पत्र | एक भाग (62.73 वर्ग मी0) |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, ऋषिकेश


## हम लॉर्ड्स में अपना पहला विश्वकप जीतना चाहते है: जेमिमा रोड्रिग्स



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि हम लॉर्ड्स में होने वाला आगामी टी-20 विश्वकप 2026 का फाइनल जीतना चाहते है। यह पुरा विश्वकप में भारत की पहली जीत की यादों के झरोखे के बाद एक सुखद अनुभूति होगी।

लॉर्ड्स में 1983 के विश्वकप जीतने की यादें आज भी हर भारतीय के दिमाग में कौंधती है। इसी को लेकर रोड्रिग्स ने आईसीसी से कहा, कपिल देव और भारतीय पुरुा टीम ने वहां अपना पहला विश्व कप जीता था। हम वहां अपना पहला महिला टी-20 विश्व कप जीतना चाहेंगे। यह बहुत बढ़िया होगा। भी ज्यादा समय नहीं हुआ जब रोड्रिग्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमी-फाइनल में भारत को जीत दिलाने के लिए 134 गेंदों पर नाबाद 127 रन की अपनी जिदगी की सबसे यादगार पारी खेली थी। इस जीत के बाद भारत ने नवी मुंबई में एक शानदार रात में अपना पहला टाइटल जीता। रोड्रिग्स का मानना है कि इस जीत ने भारतीय टीम में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में अपना सर्वश्रैठ देने का पक्का इरादा भर दिया है। भारत ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा चेज किया। उन्होंने कहा, अब सब ठीक हो गया है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह दबाव है। मुझे लगता है कि यह ज्यादा मोटिवेशन है क्योंकि अब आपने महसूस कर लिया है कि एक वर्ल्ड कप उठाने का क्या एहसास होता है। इससे आप एक और वर्ल्ड कप जीतना चाहते हैं, फिर एक और, फिर एक और। तो मुझे लगता है कि टीम और भी ज्यादा मोटिवेटेड और ज्यादा उत्सुक है। और इससे भी ज्यादा, हमने देखा कि भारत में महिला क्रिकेट पर इसका कैसा असर पड़ा। हम बस उस लेगेसी को इंग्लैंड ले जाना चाहते हैं।मुझे लगता है कि इस टीम में कैरेक्टर है। जब आप बड़े गेम जीतना चाहते हैं,

तो आपको कैरेक्टर वाले लोगों की जरूरत होती है, ऐसे लोग जो अपने तरीके से अलग हों, लेकिन उनमें एक बात होती है कि वे मैच जीतने के लिए कुछ भी करेंगे। इस तरह का एटीट्यूड। और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा कैरेक्टर है। और इसीलिए किसी भी सिचुएशन में, मुझे विश्वास है कि हमारी टीम मैच जीतने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सबसे पहले, मेरे लिए सबसे बड़ी सीख यह थी कि मैं बहुत एंग्जायटी से गुजर रही थी, अच्छा नहीं कर रही थी, टूर्नामेंट में दो बार डक पर आउट हुई, ड्रॉप हो गई और चार साल पहले, मुझे क्रिकेट वर्ल्ड कप से ड्रॉप कर दिया गया। यह मेरा पहला वर्ल्ड कप था। मुझे एहसास हुआ कि कभी-कभी आपको बस इतना करना होता है कि आप आगे बढ़ें क्योंकि जदिगी में सब कुछ अच्छे के लिए ही होता है। मुझे लगता है, उन चार सालों ने मुझे ऐसे पल के लिए ट्रेनिग दी, क्योंकि मुझे उन सभी सालों की नाकामियों से मिले उस सारे अनुभव का इस्तेमाल करना था, जो शायद ऐसे समय के लिए था। उन्होंने कहा, तो मुझे लगता है कि यह मेरी सबसे बड़ी सीख थी, कि कभी-कभी, खासकर जब यह मुश्किल हो जाता है।

## 25 वें ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए जोकोविच रौलां गैरो पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** पूर्व नंबर एक नोवाक जोकोविच रौलां गैरो के लिए पेरिस पहुंच गए हैं और इस सीजन के दूसरे बड़े टूर्नामेंट में अपनी 22वीं बार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। 38 वींय खिलाड़ी ने मंगलवार को कोर्ट फिलिप-चैट्रियर पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अभ्यास किया। सर्बियाई खिलाड़ी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले भी चर्चा का मुख्य केंद्र बने हुए हैं,

क्योंकि वे रिकॉर्ड 25वां बड़ा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। जोकोविच, जिन्होंने हाल ही में रोम में मुकाबला किया था, इस क्ले कोर्ट सीजन में दूसरी बार खेलेंगे। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में रोम में फिर से एक्शन में लौटे थे, मार्च में इंडियन वेल्स में जैक ड्रेपर से चौथे दौर में हारने के बाद से उन्होंने कोई मुकाबला नहीं खेला था। फोरो इटालिको में, जोकोविच दूसरे दौर में डिनो प्रिजमिक से हार गए थे। लेकिन 101 बार टूर-स्तरीय खिताब जीतने वाले खिलाड़ी का ध्यान अब रौलां गैरो पर है, एक ऐसा टूर्नामेंट जहां उन्होंने अपने पूरे करियर में काफी सफलता हासिल की है। सर्बियाई खिलाड़ी तीन बार के चैंपियन हैं, जिन्होंने 2016, 2021 और 2023 में ट्रॉफी जीती थी।

इसके अलावा, जोकोविच क्ले-कोर्ट के इस बड़े टूर्नामेंट में सात बार फाइनल तक पहुंचे हैं और 'टेरे बैट्यू' (क्ले कोर्ट) पर 101 जीत दर्ज की हैं। पिछले साल, जानिक सिनर से हारने के बाद सेमीफाइनल में उनका सफर खत्म हो गया था। जोकोविच इस साल के टूर्नामेंट में 7-3 के रिकॉर्ड के साथ उतर रहे हैं।

## आरसीबी के सलामी बल्लेबाज सॉल्ट इस सप्ताह आईपीएल में वापसी करेंगे



**नई दिल्ली, वार्ता।** फिल सॉल्ट इस सप्ताह के आखिर में भारत लौटने वाले हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि वह उंगली की चोट के कारण एक महीने तक आईपीएल से बाहर रहने के बाद वापसी करेंगे। इंग्लैंड और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज सॉल्ट को 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में बाउंड्री बचाने की कोशिश करते समय बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी।

तब से वह कोई मैच नहीं खेले हैं और पिछले महीने अपनी उंगली ठीक होने के दौरान परिवार के साथ समय बिताने के लिए घर लौट गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है और अगर नेट रन रेट में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ तो टीम अगले मंगलवार धर्मशाला में क्वालिफायर 1 में पहुंचने की मजबूत दावेदार है। अभी यह साफ नहीं है कि सॉल्ट शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के आखिरी लीग मैच में खेल पाएंगे या नहीं, लेकिन प्लेऑफ इतने क़रीब होने की वजह से टीम कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं दिख रही। सॉल्ट की जगह पिछले एक महीने से इंग्लैंड के उनके साथी खिलाड़ी जैकब बेथेल विराट कोहली के साथ ओपनिग कर रहे थे, लेकिन वह ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं। उन्होंने सात पारियों में 96 रन बनाए हैं।

## बीसीसीआईके घरेलू सीजन 2026-27 में 1,788 मैच खेले जाएंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भारतीय घरेलू सीजन 2026-27 का शेड्यूल घोषित करते हुए खुशी हो रही है। इस सीजन के दौरान, पुरुाों और महिलाओं के क्रिकेट में अलग-अलग आयु वर्गों और फॉर्मेट में कुल 1,788 मैच खेले जाएंगे। इस सीजन में पुरुाों के क्रिकेट में सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर16 श्रेणियों में टूर्नामेंट होंगे, साथ ही महिलाओं की सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर15 प्रतियोगिताओं का भी एक विस्तृत कैलेंडर होगा।

घरेलू सीजन की शुरुआत 23 अगस्त को प्रतिठित दलीप ट्रॉफी से होगी। यह एक और विस्तृत और बेहद प्रतिस्पर्धी कैलेंडर की शुरुआत का प्रतीक है, जो भारत में घरेलू क्रिकेट के मानकों को लगातार ऊंचा उठा रहा है। 2026-27 का घरेलू सीजन एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी घरेलू ढांचा बनाने के प्रति बीसीसीआई की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि सभी फॉर्मेट और श्रेणियों में संतु. लित प्रगति हो। इस सीजन का रेड-बॉल (लाल गेंद) वाला हिस्सा दलीप ट्रॉफी से शुरू होगा, जिसमें छह जोनल टीमें हिस्सा लेंगी। इसके बाद एक अक्टूबर से ईरानी कप खेला जाएगा। रणजी ट्रॉफी और कर्नल सी-के- नायडू ट्रॉफी दो चरणों वाले फॉर्मेट में ही खेली जाती रहेंगी। इससे खिलाड़ियों को आराम करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा, और साथ ही घरेलू ढांचे में मल्टी-डे क्रिकेट (कई दिनों तक चलने वाले मैच) को प्राथमिकता देना भी जारी रहेगा। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप में चार समूहों में 32 टीमें होंगी, जबकि प्लेट ग्रुप में छह टीमें शामिल होंगी। आने वाले सीजन में कर्नल सी-के- नायडू ट्रॉफी के विजेताओं और 'रेस्ट ऑफ इंडिया' के बीच होने वाले मैच की वापसी होगी। यह मैच 1 से 4 अक्टूबर 2026 के बीच खेला जाएगा। यह मैच घरेलू कैलेंडर में इसलिए वापस लाया गया है, ताकि अंडर23 आयु वर्ग के उभरते हुए क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतर और प्रतिस्पर्धी मंच मिल सके। घरेलू क्रिकेट को आधुनिक खेल की बदलती जरूरतों के अनुरूप बनाने के बीसीसीआई के निरंतर प्रयासों के तहत, पुरुषों की अंडर23 स्टेट 'ए' ट्रॉफी और विजी ट्रॉफी को 'वनडे' (एक दिवसीय) प्रतियोगिताओं से बदलकर टी -20 टूर्नामेंट में बदल दिया गया है।

### भगवानपुर पुलिस व एसओजी रुड़की ने 48 घंटे में किया ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा

# होटल संचालकों ने पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट

## पांच आरोपी गिरफ्तार, बचने के लिए लाश को गाडी में डालकर चुपचाप नदी किनारे फेंक डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** आधुनिक पुलिस तकनीक और टीम वर्क के दम पर हरिद्वार पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा मात्र 48 घंटे में कर दिखाया। एसएसपी नवनीत सिंह के ऊर्जावान नेतृत्व में टीम ने अज्ञात शव की पहचान से लेकर कातिलों की गिरफ्तारी तक कमाल की सफलता हासिल की। इस मामले में ग्रह मंत्रालय द्वारा संचालित छम्ज्ळत्प्क पोर्टल की अहम भूमिका रही।

एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने अपने कार्यालय मैं पत्रकारों से रूबरू होते हुए बताया कि17 मई 2026 को थाना भगवानपुर क्षेत्र के बहबलपुर से ग्राम लव्वा की ओर जाने वाले रास्ते पर नदी किनारे एक अज्ञात पुरुष का शव पड़ा होने की सूचना मिली। शव पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए और अनुमान लगाया गया कि उसे पीट-पीट कर हत्या की गई थी। सूचना पर तुरंत घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य संकलन किया और शव का पंचायतनामा भरकर मोर्चरी, रुड़की भेजा। एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देशानुसार नेटग्रिड पोर्टल पर मृतक की फोटो अपलोड की गई। इसके आधार पर 10 संभावित पहचान सामने आई, जो उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से संबंधित थे। टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए सहारनपुर, दवबन्द, बिजनौर, मुरादाबाद और हिमाचल प्रदेश के स्थानों पर जाकर सत्यापन किया और मृतक की पहचान कलीम पुत्र मुरादु, ग्राम बचीटी, थाना देववंद, जनपद सहारनपुर के रूप में की। एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर टीम ने



मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाई। पता चला कि घटना वाले दिन रात को एक काली क्रेटा कार देखी गई थी। जांच में यह सामने आया कि मृतक कलीम और उसका भाई कामिल काम की तलाश में भगवानपुर आए थे और रात में होटल धरोहर में खाना खा रहे थे। होटल संचालक और उसके साथियों के साथ झगड़े

> ❖नेटग्रिड तकनीक से की गई अज्ञात शव की पहचान, खाने को लेकर हुए विवाद में की गई हत्या

के बाद, कलीम की बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई और शव को क्रेटा गाड़ी की डिग्गी में डालकर नदी किनारे फेंक दिया गया। 9 मई 2026 को सौरभ चौहान, अंकित कुमार, हर्ष, अनमोल सैनी और विशाल सैनी को हसनपुर मदनपुर पुल से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में से कई बीटेक और बी-फार्मा जैसे कोर्स किए हुए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने घटना की पूरी कहानी बताई। आरोपियों ने बताया कि हर्ष और अंकित चौहान होटल धरोहर के लीज पर हैं, और




अर्पित तथा ऋषि इसकी मदद करते हैं। घटना की रात हर्ष अपनी पत्नी को स्कॉर्पियो से छोड़ने सीतापुर गया था। देर रात झगड़े की सूचना पर वह होटल पहुंचा और वहां उपस्थित अन्य आरोपियों के साथ कलीम की हत्या में शामिल हुआ। बरामदगी घटना में प्रयुक्त डंडे, मृतक का मोबाइल,क्रेटा कार, जिसमें शव रखा गया था स्कॉर्पियो जिसका उपयोग घटना में किया गया। पकड़े गए आरोपी1. सौरभ चौहान पुत्र संजय कुमार, नि0 खुब्बनपुर, थाना भगवानपुर, हरिद्वार,अंकित कुमार पुत्र संतोष कुमार, नि0 खुब्बनपुर, थाना भगवानपुर, हरिद्वार,हर्ष पुत्र प्रवीण चौहान, नि0 खुब्बनपुर, थाना भगवानपुर, हरिद्वार अनमोल सैनी पुत्र भीशम सैनी, नि0 सलेमपुर राजपुताना, थाना गंगनहर, हरिद्वार,विशाल सैनी पुत्र राजेश सैनी, नि0 सोना सईद माजरा, थाना गागलहेडी, जनपद सहारनपुर पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। टीम में शामिल प्रमुख पुलिस अधिकारी और कर्मचारी: प्र0नि0 रितेश शाह, व0उ0नि0 रमेश कुमार सैनी, उ0नि0 सुनील पन्त, उ0नि0 पुनीत दनोषी, उ0नि0 आषीष नेगी, उ0नि0 नीरज रावत, अ0उ0नि प्रदीप चौहान, है0का0 गीतम, का0 उबैद उल्ला, का0 संजय कुमार, का0 संजय नेगी, का0 रविन्द्र राणा, का0 राहुल कुमार, का0 विनय थपलियाल, का0 वसीम (सीआईयू हरिद्वार), का0 महिपाल (सीआईयू रुड़की), रविन्द्र खत्री (सीआईयू रुड़की) शामिल है। टीम ने मिलकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलन, तकनीकी जाँच और लगातार फॉलो-अप के दम पर मात्र 48 घंटों में हत्या के दोषियों को गिरफ्तार कर इस मामले को समाधान की दिशा में अग्रसर किया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घर-घर जाने से ही मिलेगी वोटः फुरकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की ग्रामीण एवं महानगर के समस्त पीसीसी सदस्यों, ब्लॉक अध्यक्षगण, बीएलए 1, प्रभारी तथा ट्रेनरों एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की एक बैठक फुरकान अहमद विधायक के कैंप कार्यालय पर जिला प्रभारी नीरज त्यागी ने एस आई आर को लेकर की गई। जिसमें सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एस ए आर को लेकर सजग रहने तथा अपनी-अपनी वार्ड एवं बूथ पर सजगता के साथ सभी मतदाताओं को उनका अधिकार दिलाने का काम करेगी कांग्रेस।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक फुरकान अहमद अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की ग्रामीण एवं संचालन राजेंद्र चौधरी एडवोकेट अध्यक्ष महानगर रुड़की द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी त्यागी ने हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है इसलिए कांग्रेस के कार्यकर्ता मजबूती के साथ अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को पार्टी की तरफ जोड़े। विधायक फुरकान अहमद



ने कहा कि प्रशासन भी हमारा सहयोग कर रहा है और हम सब मिलकर प्रयास करेंगे की अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया जाए ताकि स्वस्थ एवं मजबूत लोकतांत्रिक सरकार उत्तराखंड में बने। उन्होने कहा कि एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं को गंभीरता से काम करना होगा। जो भी वोट से वंचित हैं उनका वोट जरूर बनवाना होगा।

# समस्या को लेकर किसान मोर्चा की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के मोहम्मदपुर बुजुर्ग में किसानो की समस्या को लेकर किसान मोर्चा द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया है सभी किसानों के द्वारा कहा गया कि किसान भाई सभी एक होकर किसने की व अपनी लड़ाई के लिए हर वक्त तैयार रहें क्योंकि सरकार की नीति रीति किसानो के विरोधी है। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि किसान मोर्चा द्वारा किसानो की कोई भी समस्या होगी उसको हर तरह से लड़ाई लड़कर हल कराने की कोशिश की जाएगी अगर सरकार किसानों को कमजोर समझेगी तो उसको मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। किसान मोर्चा हर वक्त किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है और किसानों को किसी भी किस्म की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

किसान मोर्चा की मासिक बैठक में जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें चौहधरी गुलशन रोड चौहधरी महकार सिंह धर्मेंद्र चौधरी विशाल चौधरी पूर्व चौयरमैन दुष्यंत पवार सतवीर प्रधान नरेंद्र चौधरी कामिल हसन विजेंद्र सिंह सुरेश कुमार पहल सिंह गुन्नू विजयपाल राव कामिल सतीश कुमार राजपाल प्रधान जॉनी कुमार



संजय संदीप कुमार जनेश्वर सुशील विकास पवन सिंह अशोक कुमार आदि दर्जनों किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों के आभूषण चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** मकान स्वामी की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुसा चोर गोदरेज अलमारी का लॉकर तोड़कर नकदी समेत लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात ले उड़ा। परिवार को चोरी का पता परिवार के मुखिया के घर आने पर चला। पुलिस ने संदिग्ध की तलाश को लेकर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले मगर कोई सफलता हाथ नहीं लगी। बुधवार की दोपहर कस्बे की रविदास बस्ती निवासी ओमप्रकाश की पत्नी प्रमिला कमरे का ताला लगाकर परिवार के साथ पास में ही अपने दुसरे मकान में आराम करने के लिए चली गई इसी बीच चोर अंदर जा घुसा जहां उसने कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखी गोदरेज अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखी 1 लाख रुपये की नकदी व करीब 4 लाख रुपए की कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए मकान स्वामी को चोरी का पता ओमप्रकाश के घर आने पर लगा। चोर पास ही में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पिडित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। दिनदहाड़े चोरी की वारदात से पुलिस में हडकंप मच गया। आनन फानन में पुलिस ने संदिग्ध की शिनाख्त को लेकर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले मगर कोई सफलता हाथ नहीं लगी।

# 7 घंटे ठप्प रही बिजली आपूर्ति लोगों का गर्मी में बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते विद्युत आपूर्ति लगभग 7 घंटे ठप्प रहने से लोगों का गर्मी में बुरा हाल है। ग्रामीण क्षेत्र की लगभग 50000 भी अधिक की जनसंख्या विद्युत कटौती की मार झेल रही है। इसका सबसे अधिक बुरा असर इस समय किसानों पर पड़ रहा है ।गांव में विद्युत कटौती का कस्बे से भी बुरा हाल है। ग्राम कोटवाल आलमपुर के लोगों का कहना है कि रविवार को लगभग 12 घंटे से भी अधिक की विद्युत कटौती की गई। कस्बा वह ग्रामीण क्षेत्र के गांव कोटवाल आलमपुर सादोली शेरपुर खेल मऊ माजरा रामनगर कुशालीपुर नूरपुर भरतपुर ग्राम भक्तों वाली ग्राम शीतलपुर ग्राम खड़खड़ी ग्राम मानकपुर आदमपुर ग्राम खजूरी लोधी वाला व ग्राम साबतवाली आदि गांव की लगभग 50000 से भी अधिक की जनसंख्या इस भीषण गर्मी के चलते ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की मनमानी के कारण विद्युत कटौती होने से गर्मी की मार झेल रही है। कस्बा में क्षेत्रवासी चौधरी बिरम सिंह डॉक्टर जोत सिंह वर्मा असलम कुंवर पाल राजवीर सिंह मुकेश कश्यप टीटू कुमार यशवीर सिंह राहुल आदि का कहना है कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। गरीब व मध्यम वर्गीय लोगों के घरों में गर्मी से राहत के लिए एक दो विद्युत पंख लगे हुए होते हैं। जब गरीब व मध्यम वर्गीय लोग बाहर गर्मी में खेतों आदि में काम कर घर आते हैं तो पता चलता है कि विद्युत आपूर्ति नहीं होने से पंखे भी नहीं चल पा रहे हैं। पंखे भी नहीं चलने से घरों के अंदर बैठना भारी हो जाता है। अकरम बाबूराम सत्तार अली बालू अहमद व नरेंद्र आदी का कहना है कि गांव मे रविवार को लगभग 12 घंटे विद्युत आपूर्ति नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# दिवंगत पूर्व सीएम खंडूड़ी का उत्तराखंड के विकास में अहम योगदानः काला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखण्ड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री पूर्व मेजर जनरल श्री भुवन चंद्र खंडूरी जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए रुड़की तहसील के प्रथम एवं वरिष्ठ उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी हर्ष प्रकाश काला, केन्द्रीय अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति, केन्द्रीय अध्यक्ष अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति, संरक्षक रुड़की गढ़वाल सभा, प्रेम दत्त गोदियाल वरिष्ठ राज्य आन्दोलनकारी केन्द्रीय महामंत्री उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति, आन केप्टन महेश रणाकोटी, पूर्व सैनिक नन्दन सिंह रावत, राज्य आंदोलनकारी हेमन्त बर्थवाल एवं



धीरेन्द्र पसपोला ने हरिद्वार खड़खड़ी श्मशान घाट पर पहुंच कर स्व भुवन चन्द्र खंडूरी के अन्तिम दर्शन कर उनके प्रार्थिव शरीर पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति, अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति, एवं रुड़की गढ़वाल सभा रुड़की की ओर से पुष्प चक्र चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। काला ने कहा उत्तराखंड राज्य निर्माण में स्व खंडूरी जी की अहम भूमिका रहीं। काला ने कहा स्व. खंडूरी जैसे विकास पुरुष का निधन उत्तराखंड के लिए अत्यधिक दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे एवं परिवार को इस असह्य दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

# 474 ग्राम अवैध डोडा चूरा सहित एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत खानपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के दिशा-निर्देशों और एसपी ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी लक्सर के कुशल पर्यवेक्षण में खानपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा और तस्करी में प्रयुक्त कार बरामद की हैप्राप्त जानकारी के अनुसार, खानपुर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा बालावाली चौकी बैरियर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक ऑल्टोकारको संदिग्ध मानकर रोका गया कार की तलाशी लेने पर उसके भीतर से 474 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी का नाम व पताः परमजीत सिंह उर्फ नछत्तर, पुत्र जितेंद्र सिंह स्थायी निवासीः ग्राम मीरापुर सीकरी, थाना हेमपुर है। पुलिस टीम ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर कार और नशीले पदार्थ को अपने कब्जे में ले लिया। आरोपी पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय हरिद्वार के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# फायर यूनिट ने आग पर पाया काबू

**रूडकी।** फायर स्टेशन रुड़की को प्राप्त सूचना के आधार पर फायर यूनिट रुड़की तत्काल घटना स्थल बडेडी राजपूताना कोतवाली बहादराबाद के पास कबाड़ में आग की सूचना पर फायर यूनिट रुड़की तत्काल घटना स्थल पर पहुंची देखा कि सड़क किनारे बहुत बड़े कबाड़ के ढेर में आग लगी है मोटर फायर इंजन से एक होज पाइप फैलाकर पंपिंग कर आग को पूर्ण रूप से बुझाया, आग से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को कलियर पुलिस ने "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के तहत आरोपी को दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के बाद महाराष्ट्र के पुणे में छिपा हुआ था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि 14 मई को कोटा मुरादनगर निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर गांव के एक युवक पर अपनी नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत पुलिस टीम गठित कर आरोपी के मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस की गई और जांच के दौरान पता चला कि आरोपी महाराष्ट्र के पुणे में छिपा हुआ है और बाद में दिल्ली पहुंच गया। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घटना के बाद वह गांव से फरार होकर पुणे चला गया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। टीम में उपनिरीक्षक विशाखा असवाल, हेड कांस्टेबल सोनू कुमार, अमित कुमार शामिल रहे।

# ऑनलाइन दवाई खरीद के विरोध में शहर से देहात तक मेडिकल स्टोर बंद

## आल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन के आहवान पर रुड़की, लक्सर व झबरेड़ा में मेडिकल स्वामियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आनलाईन दवाई खरीदने के विरोध में आल इंडिया कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आहवान पर शहर से देहात तक मेडिकल स्टोर आज पूरी तरह बंद रहे। स्थानीय मेडिकल एसोसिएशन ने आल इंडिया एसोसिएशन को समर्थन देते हुए आज अपने मेडिकल स्टोर बंद रखे और प्रदर्शन करते हुए सरकार से मांग की है कि तुरंत आनलाईन दवाई की बिक्री पर रोक लगायी जाये। क्योंकि इससे उनके कारोबार चौपट हो रहे हैं।

रूडकी बीएसएम तिराहा के पास ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर रुड़की कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने भी "आल इंडिया केमिस्ट बंद" का समर्थन करते हुए एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल में सहयोग दिया। यहां रुड़की केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने शहर के साथ ही आस पास के क्षेत्रों से भी सहयोग लिया। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जमकर नारेबाजी की ओर ऑनलाइन दवाइयों की सप्लाई व अवैध दवाओं के उत्पादन पर सख्ती से रोकथाम की मांग की गई। एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि आज देश में एआईओसीडी के आह्वान पर



राष्ट्रीय हड़ताल में सहयोग किया गया। साथ ही ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री रोकने, नकली दवाइयों के उत्पादन पर रोक की मांग को पुरजोर ढंग से उठाया गया। एक दिवसीय हड़ताल में एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं लक्सर में राष्ट्रव्यापी हड़ताल ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशनश के आह्वान पर लक्सर में दवाओं की दुकानें पूरी तरह ठप रहीं मरीजों को परेशानीः अचानक हुई इसतालाबंदी से मरीजों और उनके तीमारदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। व्यापार मंडल का समर्थन स्थानीय व्यापार मंडल ने आंदोलन को जायज ठहराते हुए ऑनलाइन बिजनेस पर रोक लगाने की मांग की। लक्सर व्यापार मंडल ने इस आंदोलन को अपना पुरजोर समर्थन दिया। सस्ते के चक्कर में सेहत से खिलवाड़ और दुकानदारों की कमर टूटीलक्सर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजेंद्र पांचाल ने दुकानदारों और दवा विक्रेताओं की इस साझा पीड़ा को उठाते हुए कहा ऑनलाइन मार्केटिंग के इस




अनियंत्रित दौर से सिर्फ मेडिकल स्टोर संचालक ही नहीं बल्कि हर छोटा-बड़ा आम दुकानदार पिस रहा है।

वहीं झबरेडा में कस्बा झबरेड़ा मे स्थित सभी मेडिकल स्टोर बुधवार को पूर्णतया बंद रहे। मेडिकल एसोसिएशनसंगठन झबरेडा के अध्यक्ष का कहना है कि कुछ मांगों को लेकर आज पूरे देश में मेडिकल स्टोर बंद रखे गए हैं। बुधवार को मेडिकल एसोसिएशन संगठन के आवाहन पर कस्बे में स्थित सभी मेडिकल स्टोर बंद रहे ।झबरेड़ा मेडिकल एसोसिएशन संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर जोध सिंह वर्मा का कहना है कि ऑनलाइन दवाइयां बंद होनी चाहिए ।ऑनलाइन दवाइयां नाबालिक युवक भी मंगा रहे हैं अधिकतर युवक जो ऑनलाइन दवाई मांगते हैं उनमें अधिकतर प्रतिबंध दवाइयां मंगाई जाती है। जिसका प्रयोग युवाओं द्वारा किया जा रहा है। प्रतिबंधित दवाई खाने से इसका दुष्प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। संगठन की मांग है कि ऑनलाइन दवाई मँगाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगना आवश्यक है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 21 मई 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# समस्या की ओर इशारा

केंद्र सरकार ने चार साल के बाद पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतें बढ़ाई है। इसका अनुमान था, क्योंकि सरकार कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लागत से कम वसूली के कारण तेल मार्केटिंग कंपनियों द्धओएमसीऋ को हो रहे घाटे के बारे में चेतावनी दे रही थी। यह भी जाहिर था कि कीमतों में यह बढ़ोतरी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद होगी, लेकिन विदेशी मुद्रा के बढ़ते खर्च, हाल के महीनों में रुपये के तीव्र अवमूल्यन और अप्रैल के मुद्रास्फीति आंकड़ों के चलते प्रधानमंत्री द्वारा किफायत बरतने की अपील एक ज्यादा गहरी समस्या की ओर इशारा करती है जिसे भारत दशकों पहले देश के अपर्याप्त रणनीतिक पेट्रोलियम और गैस रिजर्व बनाकर हल कर सकता था। भारत ने लगभग 36.7 मिलियन से 39 मिलियन बैरल का रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व द्धएसपीआरऋ बनाया दृ इस कार्यक्रम की परिकल्पना साल 1991 में सामने आये जोखिम के बाद की गयी और इसे 2000 के दशक के शुरू में औपचारिक रूप दिया गया। लेकिन आज, 5.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन द्धएमबीपीडीऋ की दर से यह लगभग सात दिनों की खपत को कवर करता है। अगर इसमें तमाम ओएमसी की मालसूची द्धइन्वेंट्रीऋ और आयात कवर को भी जोड़ लें, तो यह 70 दिन से ज्यादा का स्टाक बनता है। लेकिन बीते सालों में, अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बनकर उभरा है और उन देशों के तेल उपभोग को देखें तो पता चलता है कि भारत के सामने कितना बड़ा जोखिम है। अमेरिका ने अपना एसपीआर साल 1973 के तेल संकट के बाद बनाया दृ जो 714 मिलियन बैरल का है और भारत के एसपीआर से 18 गुना बड़ा है। वहीं चीन का और भी बड़ा, लगभग 900 मिलियन बैरल का है। अमेरिका के पास अपने रिजर्व तंत्र में अभी लगभग 400 मिलियन बैरल तेल है, जिससे मोटा-मोटी 20 दिनों की खपत की पूर्ति की जा सकती है। बीते 10 सालों में 13 एमबीपीडी के आउटपुट के साथ यह देश दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बनकर उभरा है और वाणिज्यिक तंत्र के पास भी काफी इन्वेंट्री है, जो उसे अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा अनुशंसित 90 दिन के भंडार से ऊपर ले जाते हैं। यही बात चीन पर भी लागू होती है, जो तेल के मामले में आयात-निर्भर राष्ट्र होने के कारण भारत के साथ तुलना योग्य है। ये आंकड़े और चिंताजनक हो जाते हैं जब इनकी तुलना तरलीकृत पेट्रोलियम गैस द्धएलपीजीऋ और तरलीकृत प्राकृतिक गैस द्धएलएनजीऋ के रिजर्वों के साथ की जाती है, जहां भारत सबसे ज्यादा जोखिम में है। भारत के पास लगभग 1.4 लाख टन की एलपीजी भंडारण सुविधा है, जबकि उसकी दैनिक खपत लगभग 80,000 टन है दृ उसकी रिजर्व क्षमता की आधी से ज्यादा। एलएनजी की बात करें, तो भारत मुख्यतरू पेट्रोनेट एलएनजी और बीपीसीएल की रीगैसीफिकेशन सुविधाओं पर मौजूद स्टाक पर निर्भर करता है। उर्वरक उत्पादन के लिए बेहद अहम इस ईंधन की कोई भूमिगत भंडारण सुविधा मौजूद नहीं है। अमेरिका और चीन दोनों ने भूमिगत एलएनजी भंडारण सुविधा में भारी निवेश किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोपीय संघ ने रूसी गैस पर अपनी निर्भरता घटाते हुए नयी स्थितियों के अनुरूप तेजी से अनुकूलन किया। इन रिजर्वों ने आपूर्ति में व्यवधान के समय, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं को दीर्घकालिक अनुबंधों पर निर्भरता के जरिए आपूर्ति में व्यवधान के खिलाफ बाड़बंदी करने में सक्षम बनाया है। उन्हें हाजिर बाजार में ऊंची कीमतें देने से बचाया है। चीन की बात करें तो रूसी तेल के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों की नाफरमानी का उसे अच्छा फायदा हुआ है। भारत को भी फायदा हुआ होता अगर उसने ज्यादा रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखी होती।

## पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय



लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है, अगर छात्रों और अभ्यर्थियों को संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो समझा जाना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है, अगर हमें संवैधानिक अधिकारों के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो इसका अभिप्राय है कि सरकार पक्षपाती है और जो पक्षपाती है वह बेवफा भी है। पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय है, क्योंकि यह अधिकार छीन लेता है, आरक्षण सुरक्षा है। आरक्षण सामाजिक समन्वय का एक उपकरण और माध्यम भी है, आरक्षण दान नहीं है, यह एक अधिकार है।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# रजदान पास बना आकर्षण का केंद्र

## भीषण गर्मी से बचने के लिए कश्मीर के ऑफबीट इलाकों का रुख कर रहे पर्यटक

जैसे-जैसे उत्तरी भारत में तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा रहा है, वैसे ही कश्मीर में घूमने जाने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ा रही है। ये पर्यटक ऐसे इलाकों को टुन रहे हैं, जो कम जाने-पहचाने सीमावर्ती इलाकें हैं। बांदीपोरा का रजदान पास, जो लगभग 12 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है, एक प्रमुख आकर्षण के तौर पर उभरा है। यहां मई के महीने में भी पहाड़ों पर बर्फ जमी है, जो दिल्ली और जयपुर जैसे शहरों में पड़ रही भीषण गर्मी के बिल्कुल विपरीत है और यहां के लोगों को आकर्षित कर रही है। पूरे भारत से टूरिस्ट जिनमें परिवार के साथ आने वाले, बाइकर्स और युवा यात्री शामिल हैं, बर्फ, ठंडी हवाओं और गुरेज घाटी की ओर जाने वाले सुंदर रास्ते का आनंद लेने के लिए इस पास पर उमड़ रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के रोहन मेहता ने इस अनुभव को अविश्वसनीय बताया। उन्होंने 42 डिग्री की भीषण गर्मी को पीछे छोड़कर, महज एक दिन के भीतर खुद को बर्फ के बीच खड़ा पाया। राजस्थान की अंजलि शर्मा ने कहा कि यहां के ठंडे मौसम ने उन्हें जयपुर के 44 डिग्री तापमान से काफी राहत दी। वहीं केरल से आए फाजिल ने कहा कि रजदान पास के सोशल मीडिया वीडियो देखकर उन्हें यहां आने की प्रेरणा मिली, जबकि कर्नाटक की केबिन क्रू सदस्य एहाना ने इसे अपने बचपन का एक सपना सच होने जैसा बताया, यानी असल जिंदगी में बर्फ को अपनी आंखों से देखना। गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे पारंपरिक पर्यटन स्थलों के अलावा उत्तरी और दक्षिणी कश्मीर के कई ऐसे इलाके भी हैं जहां पहले बहुत कम लोग जाते थे, लेकिन अब वहां पर्यटकों की आवाजाही तेजी से बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बने ढाबे, चाय के स्टाल और परिवहन सेवा से जुड़े लोगों को इससे आर्थिक फायदा हो रहा है। श्रीनगर के ड्राइवर बशीर अहमद ने बताया कि अब पर्यटक उन जगहों को भी घूमने जा रहे हैं, जिनके बारे में पहले किसी को ज़्यादा जानकारी नहीं थी। इससे इस मौसम में सीमावर्ती गांवों के लोगों की अच्छी कमाई हो रही है। अधिकारियों का मानना है कि यह बदलाव लोगों की यात्रा से जुड़ी पसंद में आए बदलाव का नतीजा है, जहां भीषण गर्मी के चलते ज़्यादा से ज्यादा लोग हिमालयी क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। पिछले कुछ सालों में सरकार ने कश्मीर के दूरदराज के सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं और स्थानीय लोगों का कहना है कि इन प्रयासों का फायदा हो रहा है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या धीरे-धीरे इन दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को बदल रही है, क्योंकि अब पर्यटक केवल पारंपरिक पर्यटन स्थलों तक ही सीमित न रहकर, प्रकृति की उन अछूती और अद्भुत सुंदरताओं को भी खोजने निकल पड़े हैं, जहां पहले बहुत कम लोग जाते थे। पर्यटकों की इस बढ़ती संख्या से यह बात साफ जाहिर होती है कि जलवायु से प्रेरित यात्रा के रुझान, गर्मियों में राहत की तलाश किस तरह कश्मीर में 'ऑफबीट' पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, इससे सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले समुदायों को रोजगार और कमाई के ऐसे अवसर भी मिल रहे हैं, जिनकी उन्हें लंबे समय से जरूरत थी।



# मौसम संबंधी घटनाएं और भारत की असुरक्षित स्थिति

पिछले हफ्ते के अंत में, मानसून से पहले की एक तेज रफ्तार वाली मौसम प्रणाली उत्तर प्रदेश में कहर बरपाते हुए पहुंची। इससे एक साथ कई जिलों में गरज, धूल भरी आंधी, बिजली, भारी बारिश और आंधी का मिश्रण देखने को मिला। बीते 14 मई तक, 26 जिलों में मरने वालों की संख्या 111 और घायलों की संख्या 72 थी। इस तरह, ये तूफान हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश में हुई सबसे घातक मौसम संबंधी आपदाओं में से एक बन गए। राज्य में 2018 से, या शायद उससे पहले से भी, मई-जून के महीनों में इसी तरह की मौसम संबंधी घटनाएं देखने को मिली हैं। हवाओं की तीव्रता इस साल की सबसे बड़ी खासियत रही। ये तीव्र हवाएं पेड़ों को जड़ से उखाड़ देने में सक्षम थीं।

ऐसा मालूम होता है कि यह तूफान मानसून से पहले की संवहनी प्रणाली के कारण आया था तथा उत्तर-पश्चिम में पैदा हुए एक नए पश्चिमी विक्षोभ ने स्थितियों को और ज्यादा अस्थिर कर दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने घटना से पहले ही आंधी तथा बिजली गिरने की चेतावनी जारी कर दी थी और उत्तर प्रदेश सरकार ने कथित तौर पर सचेत पोर्टल के जरिए 34 करोड़ से ज्यादा रेड और आरेंज अलर्ट संदेश जारी किए थे। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ये चेतावनियां भौगोलिक रूप से पर्याप्त रूप से सटीक थीं या नहीं अथवा समय पर अपने लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचीं या नहीं और वास्तव में क्या उन संदेशों ने सिर्फ आने वाले प्रतिकूल मौसम की चेतावनी दी थी या फिर लोगों को कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे। दरअसल, अग्रिम तैयारियां दो वजहों से महत्वपूर्ण है। यह राज्य कभी-कभी एक मिलन क्षेत्र में तब्दील हो जाता है, क्योंकि थार से आने वाली गर्म एवं शुष्क 'लू' वाली हवाएं मैदानी इलाकों में पूर्व की ओर बढ़ती हैं, जबकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाएं दक्षिण-पूर्व से प्रवेश करती हैं। दूसरी बात, मिर्जापुर और सोनभद्र के इलाके में विंध्य की लहरदार पहाड़ियों के ऊपर, एक - दूसरे से मिलने वाली ये वायु राशियां तेजी से ऊपर उठ सकती हैं। इससे राज्य के खास हिस्सों में गरज के साथ तूफान आ सकते हैं। यूं तो कोई भी प्राधिकरण कारगर तरीके से तूफानों की स्थानीय तीव्रता का पूर्वानुमान नहीं लगा सकता था, लेकिन अंतर्निहित जोखिम अप्रत्याशित नहीं था। साल के इस समय और इस स्थान पर इनकी पुनरावृत्ति से यह सवाल उठता है कि इतनी अधिक मौतें क्यों हुईं। इसके जवाब का एक हिस्सा निश्चित रूप से मौत और क्षति के तात्कालिक कारणों में निहित है, जिसमें आवास और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा शामिल है। उत्तर प्रदेश में संरचनात्मक रूप से कमजोर ग्रामीण और अर्ध-शहरी घरों की तादाद ज्यादा है। अगर तूफान शाम या उसके बाद आता है, तो लोग अक्सर घरों के अंदर होते हैं या कमजोर छतों के नीचे आराम कर रहे होते हैं। इसके अलावा, लोग गलत तरीके से लगाए गए या खराब ढंग से स्थापित होर्डिंग्स, बिजली के तारों और सार्वजनिक संकेतों की वजह से भी असुरक्षित होते हैं। राज्य सरकार को इस बात की जानकारी थी कि इस तरह के तूफान किस किस्म की क्षति पहुंचा सकते हैं, इसलिए उसने खेती के प्रकार, फसल और नुकसान के आधार पर अलग-अलग राहत पैकेजों का एलान किया। अंतर्निहित जोखिम का पूर्वानुमान लगाया जा सकता था, फिर भी स्थितियां काफी नाजुक रहीं।

> दरअसल, अग्रिम तैयारियां दो वजहों से महत्वपूर्ण है। यह राज्य कभी-कभी एक मिलन क्षेत्र में तब्दील हो जाता है, क्योंकि थार से आने वाली गर्म एवं शुष्क 'लू' वाली हवाएं मैदानी इलाकों में पूर्व की ओर बढ़ती हैं, जबकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाएं दक्षिण-पूर्व से प्रवेश करती हैं।

# अमेरिका के खिलाफ दुश्मन जैसे फैसले ले रहा सऊदी

> अमेरिकी कोष में बतौर जमा पूंजी यूएई का 114.1 बिलियन डालर बचा है। यह जानकारी मंगलवार को सामने आई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ट्रेजरी बान्ड के जरिए दुनिया से पैसे जुटाता है। इन पैसों का इस्तेमाल विकास कार्यों पर किया जाता है। इसकी वजह से अमे. रिका की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहती है। सऊदी और यूएई ने जिस तरह से ट्रेजरी बान्ड से पैसा निकालने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे अमेरिका पर कर्ज देने वाले देशों का भरोसा कम होगा।

ईरान के साथ तनाव में उलझे अमेरिका को सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने 24 घंटे में दो बड़े झटके दिए हैं। पहला झटका पैसों से जुड़ा हुआ है। सऊदी और यूएई दोनों ने अमेरिकी ट्रेजरी से अपनी जमा पूंजी निकालनी शुरू कर दी है। बुधवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी गई है। दोनों देशों ने मिलकर 15 अरब डालर की जमा पूंजी निकाल ली है। दूसरा झटका ईरान पर हमले से जुड़ा है। एक्सियोस के मुताबिक, सऊदी और यूएई ने ईरान पर हमले का विरोध किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वो हमले से सिर्फ एक घंटे दूर थे लेकिन यूएई और सऊदी के विरोध के कारण उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। मध्य पूर्व में सऊदी और यूएई को अमेरिका का सहयोगी माना जाता है। आधिका. रिक आंकड़ों के मुताबिक, सऊदी अरब ने मार्च में अमे. रिकी ट्रेजरी बान्ड में अपनी हिस्सेदारी 10.8 बिलियन डालर घटा दी है। यानी ये पैसे सऊदी ने निकाल लिए हैं। अब ट्रेजरी में सऊदी के हिस्से का 149.6 बिलियन डालर मौजूद है। इसी तरह यूएई ने 5.8 बिलियन डालर की जमा पूंजी निकाल ली है। अमेरिकी कोष में बतौर जमा पूंजी यूएई का 114.1 बिलियन डालर बचा है। यह जानकारी मंगलवार को सामने आई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ट्रेजरी बान्ड के जरिए दुनिया से पैसे जुटाता है। इन पैसों का इस्तेमाल विकास कार्यों पर किया जाता है। इसकी वजह से अमेरिका की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहती है। सऊदी और यूएई ने



जिस तरह से ट्रेजरी बान्ड से पैसा निकालने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे अमेरिका पर कर्ज देने वाले देशों का भरोसा कम होगा। वहीं डालर की मजबूती के लिए भी यह एक बड़ा झटका है। साथ ही यूएई और सऊदी के इस कदम से अमेरिका को कर्ज महंगा पड़ सकता है। वहां पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। जंग के कारण अमेरिकी पहले से परेशान हैं। डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार (18 मई) को ईरान पर हमला करने को लेकर फैसला लेने वाले थे। एक्सियोस के मुताबिक सऊदी और यूएई से जब इसको लेकर पूछा गया तो दोनों ने साथ देने से इनकार कर दिया। दोनों का कहना था कि युद्ध से उन्हें ज्यादा नुकसान होंगे। सऊदी और यूएई ने तेल ठिकानों की रक्षा की दुहाई दी, जिसके बाद ट्रंप ने हमला न करने का फैसला लिया। अब कतर की पहल पर ईरान से परमाणु समझौते की बात चल रही है। ईरान का कहना है कि वह होर्मुज, यूरेनियम शिफ्ट करने को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा।फरवरी-मार्च में जब ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध छिड़ा था, तब सऊदी और यूएई ने साइलेंट तरीके से ईरान के कुछ इलाकों पर हमला किया था।

# आतंक के विरुद्ध भारत की निर्णायक लड़ाई और बदलती घाटी



**योगेश कुमार गोयल**

## राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर विशेष



भारत का इतिहास एक ओर जहां अध्यात्म, विविधता और समरसता की भूमि का रहा है, वहीं दूसरी ओर इसने अतीत और वर्तमान में अनेक आंतरिक और बाहरी संकटों का सामना भी किया है। इन संकटों में सबसे भयावह है आतंकवाद, जिसने न केवल देश की सुरक्षा व्यवस्था को लगातार चुनौती दी है बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी झकझोरा है। आतंकवाद कोई सीमित भूभाग का संकट नहीं है बल्कि यह समूचे राष्ट्र की चेतना को आहत करने वाला संकट है। भारत ने सैन्य, कूटनीतिक, सामाजिक और वैचारिक मोर्चों सहित बहुस्तरीय स्तर पर दशकों तक इस समस्या का सामना किया है। आतंकवाद के विरुद्ध जागरूकता फैलाने और शांति एवं सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाया जाता है। 21 मई को मनाया जाने वाला यह दिवस न केवल इस संघर्ष की स्मृति है बल्कि यह ऐसी प्रतिज्ञा का दिन भी है, जो यह दर्शाती है कि भारत आतंकवाद को किसी भी रूप में सहन नहीं करेगा।

कश्मीर घाटी आतंकवाद के विरुद्ध भारत के सबसे लंबे, संवेदनशील और निर्णायक संघर्ष की साक्षी रही है। कभी अपनी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, सूफी परंपराओं, सांस्कृतिक समृद्धि और 'धरती के स्वर्ग' की पहचान के लिए विख्यात यह घाटी पिछले तीन दशकों तक आतंक, रक्तपात और अस्थिरता के भयावह दौर से गुजरती रही। वर्ष 1990 के बाद जिस सुनियोजित तरीके से घाटी में कट्टरपंथ और आतंकवाद की जड़ें जमाई गई, वह केवल स्थानीय असंतोष नहीं बल्कि सीमापार रची गई एक गहरी साजिश का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य भारत की एकता, अखंडता और सामा. जिक समरसता को चोट पहुंचाना था। इस दौर ने हजारों परिवारों को उजाड़ दिया, अनगिनत मासूमों की जिंदगी छीन ली और पूरी पीढ़ी को भय, असुरक्षा और हिंसा के साए में जीने के लिए विवश कर दिया। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि घाटी में अब तक हुई हजारों आतंकी घटनाओं में लगभग 42 हजार लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें निर्दोष नागरिक, सुरक्षाबलों के वीर जवान और आतंकवादी शामिल हैं।

दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2000 से 2024 के बीच घाटी में 22,143 छोटे-बड़े आतंकी हमले दर्ज किए गए, जिनमें 4,981 आम नागरिकों की मौत हुई जबकि मातृभूमि की रक्षा करते हुए 3,624 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए। इसी दौरान भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस और रणनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए 24,512 आतंकवादियों को मार गिराया। यह केवल आंकड़े नहीं बल्कि उन वीर जवानों के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा की गाथा हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सुरक्षा सुनिश्चित की। हालांकि बीते एक दशक में भारत की आतंकवाद विरोधी नीति अधिक आक्रामक, तकनीक-सक्षम और रणनीतिक रूप से प्रभावी हुई है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2004 से 2014 के बीच देशभर में 7,217 आतंकी हमले हुए थे जबकि वर्ष 2014 से 2024 के बीच यह संख्या घटकर 2,242 से भी कम रह गई। इस दौरान आतंकी हिंसा से होने वाली जनहानि में 70 प्रतिशत से अधिक कमी दर्ज की गई। आम नागरिकों की मौतों में 81 प्रतिशत और सुरक्षाकर्मियों की शहादतों में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत की मजबूत सुरक्षा रणनीति, सशक्त खुफिया तंत्र और 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने आतंकवाद की कमर तोड़ने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

हालांकि आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि आतंकवाद की चुनौती कितनी गहन और विस्तृत है तथा इससे निपटने के लिए भारत को कितनी रणनीतिक गहराई के साथ काम करना पड़ रहा है। 2025 के पहलगाम हमले से इतर देखें तो घाटी में हाल के वर्षों में सामान्य जीवन की बहाली का प्रमाण यही है कि आज वहां के युवा बंदूक नहीं, किताबों की ओर लौट रहे हैं। स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ी है, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और पर्यटन के क्षेत्र में भी आशाजनक वृद्धि देखी गई है। रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी ने युवाओं को एक वैकल्पिक जीवन की राह दिखाई है। इन संकेतों से स्पष्ट है कि आतंक केवल सैन्य शक्ति से नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास से भी पराजित किया जा सकता है। घाटी की जनता अब समझ चुकी है कि आतंक का मार्ग केवल विनाश की ओर ले जाता है जबकि शिक्षा, रोजगार और शांति समृद्धि की ओर। लेकिन इस यात्रा में अब भी चुनौतियां शेष हैं क्योंकि पाकिस्तान अब भी दोहरी नीति अपनाए हुए है, एक ओर शांति की बातें, दूसरी ओर आतंकवाद को समर्थन। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों को आज भी आईएसआई का समर्थन प्राप्त है। इस परिस्थिति में भारत की आतंकवाद के प्रति नीति और भी कठोर और स्पष्ट हो गई है, आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता। यह नीति केवल वक्तव्य नहीं बल्कि क्रियान्वयन की दृढ़ रणनीति है। सीमा पर सैटेलाइट निगरानी, ड्रोन तकनीक, सुरक्षाबलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करना और नागरिक-सैन्य समन्वय को सशक्त करना इस नीति के कार्यान्वयन के मुख्य स्तंभ हैं। भारत अब यह भी समझता है कि आतंकवाद केवल एक सुरक्षा चुनौती नहीं है बल्कि एक वैचारिक लड़ाई भी है। यह युवा मन को भ्रमित करके उसे हिंसा की ओर ले जाने का प्रयास करता है। ऐसे में शिक्षा, सामाजिक समरसता और संस्कृति का पुनर्प्रतिष्ठान आवश्यक है। घाटी में यदि शांति को स्थाई बनाना है तो केवल सैन्य दबाव नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक और वैचारिक प्रयास भी अत्यंत आवश्यक हैं। युवाओं को यह विश्वास दिलाना होगा कि राष्ट्र निर्माण का मार्ग केवल प्रतिभा, परिश्रम और सकारात्मक सोच से ही बनता है। उन्हें यह बताना होगा कि बंदूकें केवल बर्बादी लाती हैं जबकि किताबें भविष्य बनाती हैं। आज जब भारत राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मना रहा है तो यह दिन केवल शोक या स्मरण का दिन नहीं है बल्कि यह एक सतत संकल्प का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि आतंक से लड़ाई केवल सेना की नहीं है अपितु यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



अमृतसर। गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी के बीच खुद को ढक कर चलते लोग।

## एशियाई उत्पादकता संगठन की तीन दिवसीय बैठक राजधानी में गुरुवार से

**नई दिल्ली।** एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ) के अधिशासी मंडल (जीबी) की तीन दिवसीय 68वीं बैठक यहां भारत मंडपम में गुरुवार को शुरू होगी। भारत की अध्यक्षता में इस बैठक में एपीओ के 20 सदस्य देशों के 60 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। बुधवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 21 मई को उद्‌घाटन सत्र में उपस्थित रहेंगे। एपीओ के निदेशक, सलाहकार, एपीओ सदस्य देशों के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और आमंत्रित अतिथियों के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।

# अब्बास अराघची ने ट्रम्प को दी चेतावनी

### कहा: ईरान के खिलाफ अगर दोबारा जंग शुरू हुई, तो अमेरिका को 'कई और बड़े झटके' लगेंगे

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को चेतावनी दी कि बिना किसी उकसावे के अगर अमेरिका ने उनके खिलाफ फिर से आक्रामक रुख अपनाया तो अमेरिका को देने के लिए उनके पास 'कई और बड़े झटके' तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया। इसमें हफ्तों चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायुसेना को हुए भारी नुकसान की बात स्वीकार की गई है।



■ इसमें हफ्तों चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायुसेना को हुए भारी नुकसान की बात स्वीकार की गई

अराघची ने 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में कहा कि भविष्य में होने वाली किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का जवाब देने के लिए ईरान अमेरिका के साथ पिछले टकरावों से 'मिले सबक और हासिल किए गए अनुभव' का इस्तेमाल करेगा और हमलावरों को इन अप्रत्याशित झटकों का मजा चखाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सांसदों ने इस 40 दिवसीय सैन्य अभियान के दौरान हुए बड़े पैमाने के भौतिक नुकसान को स्वीकार कर एक तरह से ईरान की सैन्य क्षमताओं की पुष्टि कर दी है। अराघची ने अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी सेना ने कम से कम 42 विमान खो दिए। इससे होने वाला अनुमानित नुकसान लगभग 2.6 अरब डॉलर (लगभग 21600 करोड़ रुपये) तक पहुंच चुका है। उन्होंने आगे कहा कि ईरान के सशस्त्र बल 'दुनिया भर में चर्चित एफ-35 विमान को मार गिराने वाले पहले बल' बन गए हैं। अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के संयुक्त रूप से शुरू किए गए 40 दिनों के हवाई बमबारी अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 42 विमान नष्ट हो गए या उन्हें भारी नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट के अनुसार, नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए सैन्य साजो-सामान में चार एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान, एक एफ-35ए लाइटनिंग-2, एक ए-10 थंडरबोल्ट-2, हवा में ईंधन भरने वाले सात केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान, एक ई-3 सेंट्री हवाई चेतावनी और नियंत्रण विमान, दो एमसी-130जे कमांडो-2 विमान, एक एचएच-60डब्ल्यू जॉली ग्रीन-2 हेलीकॉप्टर, 24 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन और एक एमक्यू-4सी ट्राइटन ड्रोन शामिल हैं। अमेरिका-इजरायल ने मिलकर 28 फरवरी को ईरान पर हमले शुरू किए थे, जो सात अप्रैल को पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुए एक नाजुक युद्धविराम के बाद से थमे हुए हैं। ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य साजो-सामान पर हमले शुरू किए और होर्मुज स्ट्रेट से होने वाले परिवहन पर अपना नियंत्रण मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया। यह एक ऐसा संकरा मार्ग है, जहां से दुनिया की तेल सप्लाई का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। ये निष्कर्ष 13 मई को जारी 'कांग्रेशनल रिसर्च सर्विस' की एक रिपोर्ट में सामने आया है।

## रूस-चीन ने 20 समझौतों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत किया

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी साझेदारी को 'रणनीतिक' बताते हुए अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, परिवहन और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सहित प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करते हुए 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। पुतिन और जिनपिंग ने अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से संयुक्त बयान जारी किया है। इसके साथ ही एक बहुध्रुवीय दुनिया और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए एक नए ढांचे का समर्थन करने वाली घोषणा भी जारी की गई है। पुतिन ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार 'पिछले 25 वर्षों में 30 गुना से अधिक' बढ़ा है और 'लगातार कई वर्षों तक 200 अरब डॉलर के आंकड़े से ऊपर' बना रहा है।

## बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के निर्माण की कवायद

■ व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को एक संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें दुनिया में किसी एक देश के दबदबे के बजाय बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था की बात कही गई है। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने ऊर्जा, व्यापार और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी मजबूत साझेदारी को और गहरा करने का भी वादा किया। चीन के 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल' में हुई इस बैठक के बाद शी ने पत्रकारों से कहा कि दोनों देशों के रिश्ते 'बड़ी उपलब्धियों और तेज विकास के एक नए दौर में पहुंच चुके हैं।' पुतिन ने कहा कि रूस और चीन के संबंध 'इतिहास के सबसे बेहतरीन स्तर' पर हैं।

उन्होंने शी को अगले साल रूस आने का न्योता भी दिया। दोनों देश 25 साल पहले हुए 'चीन-रूस मित्रता और सहयोग समझौते' को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। यह फैसला दिखाता है कि 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से एक-दूसरे के करीब आए दोनों देश आगे भी मिलकर काम करते रहेंगे। पुतिन ने चीन को बिना किसी रुकावट के तेल और गैस की आपूर्ति जारी रखने का वादा करते हुए कहा, ‛हमारा आपसी व्यापार अब बाहरी दबाव से सुरक्षित है, क्योंकि हमने अमेरिकी डॉलर को छोड़कर अपनी-अपनी मुद्रा में लेन-देन शुरू कर दिया है। उन्होंने इसे एक सुरक्षित व्यापार व्यवस्था बताया, जिस पर वैश्विक बाजार के उतार-चढ़ाव का असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि रूस और भारत का लगभग 96 प्रतिशत व्यापार भी अब स्थानीय मुद्रा में हो रहा है। खबरें यह भी हैं कि लंबे समय से अटकी 'पावर ऑफ साइबेरिया 2' पाइपलाइन परियोजना पर भी दोनों देशों के बीच सहमति बन गई है। यह पाइपलाइन रूस से मंगोलिया होते हुए चीन तक हर साल 50 अरब घन मीटर प्राकृतिक गैस पहुंचाएगी। पुतिन ने 'उत्तरी समुद्री मार्ग' के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि रूस और चीन मिलकर पूरे यूरेशिया क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाएंगे। पुतिन के साथ शी ने अमेरिकी विदेश नीति पर निशाना साधा।

# अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

### राष्ट्रपति ट्रम्प के 4 सांसदों ने उनके खिलाफ वोटिंग की, राष्ट्रपति के पास वीटो का अधिकार बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50.47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रम्प सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रम्प इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत



■ ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने की कवायद, युद्ध का अधिकार संसद के पास हो: विपक्ष

चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है। अमेरिकी संसद के सीनेट में मंगलवार शाम को ईरान जंग रोकने को लेकर बैठक हुई। यह वोट विपक्ष के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है जो कह रहे थे कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने या सेना भेजने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि संसद के पास होना चाहिए। अमेरिकी संविधान में भी यही व्यवस्था दी गई है। इस प्रस्ताव को वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन लेकर आए हैं। बहस के दौरान उन्होंने कहा कि अभी जब युद्धविराम की बात हो रही है, तब ट्रम्प को संसद के सामने आकर अपनी रणनीति बतानी चाहिए। डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन ने कहा कि युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास है, सिर्फ राष्ट्रपति के पास नहीं। वहीं व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प ने अमेरिकी सुरक्षा के लिए अपने अधिकारों के तहत कार्रवाई की है। अमेरिकी कानून के मुताबिक कोई भी राष्ट्रपति बिना संसद की मंजूरी के सिर्फ 60 दिन तक सैन्य कार्रवाई चला सकता है। इसके बाद या तो युद्ध खत्म करना होता है, कांग्रेस से अनुमति लेनी होती है, या फिर सेना की सुरक्षित वापसी के लिए 30 दिन की अतिरिक्त मोहलत मांगनी होती है। यह संघर्ष शुरू होने के बाद इस तरह के प्रस्ताव पर सीनेट में आठवां मतदान था। इस वर्ष दूसरी बार कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने डेमोक्रेट सदस्यों के साथ मिलकर युद्ध अधिकार प्रस्ताव को सीनेट न्यायपालिका समिति से बाहर लाने का समर्थन किया है। इस बीच, ट्रम्प ने खुलासा किया कि वह ईरान पर नए हमले का आदेश देने से 'सिर्फ एक घंटे दूर' थे, लेकिन सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के के अनुरोध पर उन्होंने इसे स्थगित कर दिया। दूसरी ओर, उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने कहा कि ईरान की वार्ता संबंधी स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है।

## बांग्लादेश में भारतीय दूतावास के सुरक्षाकर्मी की मौत

■ फर्श पर डेड बाडी मिली, ड्यूटी करके लौटा था, हरियाणा का रहने वाला था मृतक

**ढाका।** बांग्लादेश के चिटगांव शहर में स्थित भारतीय दूतावास परिसर के अंदर मंगलवार को एक भारतीय सुरक्षाकर्मी मृत पाया गया। मृतक की पहचान 35 साल के नरेंद्र के तौर पर हुई है। वे हरियाणा के रहने वाले थे और दूतावास में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात थे। नरेंद्र सोमवार रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने कमरे में लौटे थे। मंगलवार सुबह जब वह ड्यटी पर नहीं पहुंचे तो उनके साथ वालों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। कई बार फोन और आवाज लगाने के बाव भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अधिकारियों ने उनके कमरे का दरवाजा खोला। अंदर कमरे के फर्श पर नरेंद्र की डेड बाडी मिली।

वे कैंपस के भीतर बने स्टाफ डार्मिटरी में रहते थे। अभी तक मृत सुरक्षाकर्मी की कोई सामने नहीं आई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जांच अधिकारी नजरुल इस्लाम ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी। उन्होंने कहा, हमें सूचना मिलने के बाद हमारी टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी आरिफुल इस्लाम ने बताया कि शव पर किसी भी तरह की चोट, घाव या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। शुरुआती तौर पर आशंका जताई जा रही है कि नरेंद्र की मौत हार्ट अटैक या स्ट्रोक की वजह से हुई है। उन्होंने कहा कि मुमकिन है कि रात के दौरान या सुबह बाथरूम से निकलने के बाद उन्हें दिल का दौरा या स्ट्रोक आया हो। असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी। पुलिस के मुताबिक, शव को भारतीय अधिकारियों की मौजूदगी में चिटगांव मेडिकल कालेज अस्पताल के मार्चरी भेजा गया। भारतीय दूतावास की ओर से फिलहाल इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारी बांग्लादेश प्रशासन और पुलिस के साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि मौत के कारणों पूरी जांच हो सके।

# अमेरिका के नए प्रतिबंध लगने के बाद 'खून खराबा' होगा

### क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने कहा: इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे

**हवाना।** अमेरिका द्वारा क्यूबा के कुछ अधिकारियों और सरकारी संस्थाओं पर नए प्रतिबंध लगाए जाने के क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कनेल ने चेतावनी दी है कि क्यूबा पर किसी भी अमेरिकी सैन्य हमले से 'खून-खराबा' होगा और इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे।

यह बयान ऐसे समय आया है जब मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि क्यूबा प्रशासन भी अमेरिकी ठिकानों पर संभावित हमलों पर विचार कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार क्यूबा पर नियंत्रण हासिल करने की इच्छा जता चुके हैं। उन्होंने क्यूबा पर कब्जे को 'सम्मान' बताया था और कहा था कि वह 'जो चाहें कर सकते हैं।' यह चेतावनी अमेरिका द्वारा क्यूबा के 11 अधिकारियों और तीन सरकारी संस्थाओं, जिनमें खुफिया एजेंसी और गृह मंत्रालय शामिल हैं, पर प्रतिबंध लगाए जाने के कुछ घंटों बाद आई।

■ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार क्यूबा पर नियंत्रण हासिल करने की इच्छा जता चुके हैं



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे क्यूबा पर लगातार दबाव बनाने की मुहिम की शुरुआत बताया और कहा कि आने वाले दिनों में और प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। कनेल ने कहा कि क्यूबा किसी देश के लिए खतरा नहीं है, लेकिन किसी भी सैन्य हमले के खिलाफ आत्मरक्षा का उसे पूर्ण अधिकार है। राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में दोनों देशों के संबंधों में भारी गिरावट आई है। ट्रम्प प्रशासन 'अधिकतम दबाव' की नीति के तहत हवाना में सत्ता परिवर्तन का प्रयास कर रहा है। अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा को होने वाली तेल आपूर्ति भी रोक दी है, जिससे वहां गंभीर ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। क्यूबा में लगातार बिजली कटौती के कारण विरोध प्रदर्शन हुए हैं तथा स्कूल, विश्वविद्यालय और अस्पताल प्रभावित हुए हैं। क्यूबा के ऊर्जा मंत्री ने हाल ही में कहा था कि रूस से मिली आपातकालीन तेल सहायता भी समाप्त हो चुकी है, जिससे लंबे समय तक बिजली संकट बने रहने की आशंका है। इस बीच, प्रमुख शिपिंग कंपनियों हपाग-ल्यॉड और सीएमए सीजीएम ने अमेरिकी नियमों का पालन करते हुए क्यूबा के लिए माल ढुलाई रोकने की घोषणा की है, जिससे खाद्य संकट और गहरा सकता है। तनाव उस समय और बढ़ गया जब अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि क्यूबा ने 300 से अधिक सैन्य ड्रोन हासिल किए हैं और वह गुआनतामो स्थित अमेरिकी नौसैनिक अड्डे तथा अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहा है। मार्च में ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा था कि वेनेजुएला 'पहला कदम' था और क्यूबा अगला हो सकता है। उन्होंने कहा था कि क्यूबा 'पूरी तरह विफल राष्ट्र' है और अंततः उसे अमेरिका के पास आना पड़ेगा। इस बीच, क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति रौल कास्त्रो पर वर्ष 1996 में अमेरिका के नागरिक विमानों को गिराए जाने की घटना में कथित भूमिका को लेकर अभियोग चलाए जाने की संभावना भी जताई जा रही है।

## दक्षिण कोरिया के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी और होगी मजबूत: राजनाथ

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण कोरिया ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है। दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ बैठक के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ उनकी बैठक अत्यंत सफल रही और इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सहयोग और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

बैठक के बाद सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सियोल में मेरे दक्षिण कोरियाई समकक्ष आह्न ग्यु बैक के साथ उत्कृष्ट बैठक हुई। हमने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता के साथ भारत-कोरिया गणराज्य रक्षा, रक्षा उद्योग और रणनीतिक सहयोग को




और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत सफल बैठक रही, क्योंकि भारत और कोरिया ने रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने, भारत के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और कोरिया गणराज्य के कोरिया राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना सहयोग से संबंधित समझौतों का आदान-प्रदान किया, जिससे हमारी साझेदारी और अधिक मजबूत तथा बहुआयामी बनी।

## 'मैं वापस आऊंगा' का हिस्सा बनकर भावुक हुईं अंजना सुखानी

मुंबई। अभिनेत्री अंजना सुखानी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में काम करती नजर आएंगी। इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा हाल के समय की सबसे चर्चित रोमांटिक ड्रामा फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में वेदांग रैना, दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह और शरवरी के साथ अंजना सुखानी भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में हुए ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अंजना ने फिल्म का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की और इम्तियाज अली का धन्यवाद किया कि उन्होंने उन्हें 'मेहर' के किरदार के लिए चुना। अंजना सुखानी ने कहा कि इन सभी बड़े नामों के साथ जुड़ना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और खुशी की बात है। खास तौर पर मुकेश का धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस फिल्म के लिए चुना और भरोसा किया कि मैं यह किरदार निभा सकती हूं। इम्तियाज सर का भी शुक्रिया, जिन्होंने मुझे मेहर के रूप में देखा। मैं हमेशा इसके लिए शुक्रगुजार रहूंगी।

## फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक लॉन्च

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में भोजपुरी सिनेमा ने एक बार फिर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। भारत पवेलियन में भोजपुरी फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक पोस्टर भव्य अंदाज में लॉन्च किया गया। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने इस अवसर को भोजपुरी सिनेमा के लिए ऐतिहासिक और गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि कान्स जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भोजपुरी फिल्म का प्रस्तुत होना इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्रीय सिनेमा अब वैश्विक पहचान बना रहा है।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004